Follow us on: @TheDailyPioneer facebook.com/dailypioneer instagram.com/dailypioneer/

RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 15 अंक 29
लखनऊ, शनिवार, 16 नवम्बर 2024
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ, नगर संस्करण

# पायनियर

Established 1865

लखनऊ, नई दिल्ली और रायपुर से प्रकाशित

www.dailypioneer.com

आभ्यन्तर

राष्ट्रीय 10

भाजपा स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव में रखती है विश्वास



# दिल्ली में अवैध प्रवासियों पर कसेगी लगाम

**सौम्या शुक्ला।** नई दिल्ली



**राष्ट्रीय** राजधानी में विभिन्न पड़ोसी देशों से बड़ी संख्या में अप्रवासी आते हैं। रोहिंग्या और बांग्लादेशियों सहित ऐसे अवैध अप्रवासियों पर ध्यान देते हुए और दिल्ली में उनकी बढ़ती संख्या पर लगाम लगाने के लिए, उपराज्यपाल विनय कुमार ने जिला मजिस्ट्रेट और पुलिस आयुक्त को ऐसे लोगों की पहचान करने और केंद्र सरकार के साथ समन्वय में आगे की कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए हैं। बृहस्पतिवार को जारी एक आधिकारिक पत्र में कहा गया है, उपराज्यपाल का ध्यान सोशल मीडिया और अन्य विश्वसनीय स्रोतों पर आई उन रिपोर्टों की ओर गया है, जिनमें कहा गया है कि दिल्ली में अवैध अप्रवासियों की संख्या में अचानक वृद्धि हुई है। सार्वजनिक सड़कों, फुटपाथों, पार्कों आदि पर ऐसे लोगों द्वारा अतिक्रमण में भी वृद्धि हुई है। सक्सेना के प्रधान सचिव ने पत्र को दिल्ली के मुख्य सचिव, दिल्ली के पुलिस आयुक्त, दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के आयुक्त और नई दिल्ली नगर निगम (एनडीएमसी) के अध्यक्ष को भेज दिया है। एमसीडी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पायनियर को बताया कि पत्र के आलोक में, ऐसे लोगों की पहचान करने और एमसीडी की जमीन खाली कराने तथा ऐसे अप्रवासियों की सूचना कानून प्रवर्तन एजेंसी को देने के लिए अभियान चलाया जाएगा। रिपोर्टों के अनुसार, कम से कम 20,000 रोहिंग्या भारत में संयुक्त राष्ट्र की शरणार्थी एजेंसी के साथ पंजीकृत हैं और अनुमानतः 1,100 नई दिल्ली में रहते हैं, जिसमें दक्षिण-पूर्वी दिल्ली में कालिंदी कुंज शिविर भी शामिल है। अगले साल फरवरी में होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनावों से पहले, दिल्ली में भाजपा के नेता सत्तारूढ़ आप पर शहर में अवैध रूप से रह रहे रोहिंग्याओं और बांग्लादेशियों को संरक्षण देने और उनसे वोट हासिल करने का आरोप लगा रहे हैं। यह भी देखा गया है कि ये अप्रवासी कानूनों का उल्लंघन करते हैं और मतदाता पहचान पत्र सहित पहचान पत्र प्राप्त करते हैं, जिससे राष्ट्र की संप्रभुता को बड़ा खतरा होता है। उपराज्यपाल ने दिल्ली में हो रही ऐसी गतिविधियों का भी जिक्र किया, जो चुनावी राजनीति को प्रभावित करती हैं। उन्होंने कहा, ऐसी खबरें हैं कि फर्जी दस्तावेजों के आधार पर आधार, चुनाव पहचान पत्र आदि जैसे पहचान दस्तावेज तैयार करने और जोड़-तोड़ की प्रक्रिया अपनाने के प्रयास चल रहे हैं।

इसमें कहा गया है कि इन दस्तावेजों को अवैध अप्रवासी नागरिकता के दस्तावेज के रूप में दावा कर रहे हैं। इसमें कहा गया है, यदि अवैध अप्रवासियों को चुनाव पहचान पत्र जारी किया जाता है, तो उन्हें लोकतंत्र का सबसे शक्तिशाली अधिकार यानी हमारे देश में वोट देने का अधिकार मिलता है। अवैध अप्रवासियों को ऐसे अधिकार देना किसी भी भारतीय नागरिक द्वारा स्वीकार नहीं किया जा सकता है और इस तरह के कदम राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी हानिकारक हो सकते हैं। पत्र में आगे कहा गया है कि मुख्य सचिव पहचान दस्तावेजों के लिए आवेदन करने वाले लोगों के सत्यापन में अतिरिक्त सतर्कता बरतने के लिए संभागीय आयुक्त के माध्यम से जिला मजिस्ट्रेटों को निर्देश जारी कर सकते हैं। इसमें कहा गया है, अलग से, पुलिस आयुक्त क्षेत्र स्तर के अधिकारियों को विशेष रूप से सड़क किनारे और खाली सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों का निरीक्षण करते समय अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश जारी कर सकते हैं। इसमें कहा गया है कि दिल्ली पुलिस अवैध अप्रवासियों की पहचान के लिए एक महीने तक विशेष अभियान चलाएगी और केंद्रीय एजेंसियों के साथ समन्वय में आगे की कार्रवाई करेगी। पत्र में कहा गया है, सभी सरकारी एजेंसियों को यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि भारत के सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार शहर में कहीं भी सार्वजनिक स्थानों पर कोई अनधिकृत कब्जा न हो।

एलजी के निर्देश पर प्रतिक्रिया देते हुए दिल्ली भाजपा ने आप पर इसे राजनीतिक चश्मे से देखने का आरोप लगाया। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि पहले दिल्ली के फुटपाथों और पार्कों के आसपास अतिक्रमण ज्यादातर फेरीवालों द्वारा किया जाता था, लेकिन हाल के महीनों में रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन और व्यापार संगठनों ने लगातार रोहिंग्या और अन्य लोगों द्वारा किए जा रहे अतिक्रमण की ओर ध्यान आकर्षित किया है, जो सड़कों के किनारे और पार्कों में बस रहे हैं। उन्होंने कहा, इस दौरान दिल्ली की सड़कों पर छोटी-बड़ी दोनों तरह की आपराधिक घटनाएं हुई हैं और इसके मद्देनजर दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने पुलिस कमिश्नर को कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि आप रोहिंग्या और अन्य लोगों द्वारा किए जा रहे अतिक्रमण के गंभीर मुद्दे का राजनीतिकरण कर रही है, जो दिल्ली की सुरक्षा से जुड़ा है और भाजपा इसकी कड़ी निंदा करती है। एलजी के पत्र पर प्रतिक्रिया देते हुए आप ने दावा किया कि भाजपा केवल राजनीतिक लाभ के लिए अवैध प्रवासियों के मुद्दे का इस्तेमाल कर रही है। उन्होंने कहा, इस बात की गहन जांच होनी चाहिए कि अवैध प्रवासी हमारे देश में कैसे प्रवेश कर रहे हैं। इसके लिए सीधे तौर पर अमित शाह और केंद्रीय गृह मंत्रालय जिम्मेदार है। पार्टी ( शेष पृष्ठ 9 )




# बीसीसीआई ने तोड़ा पाक क्रिकेट बोर्ड का सपना

## चैंपियंस ट्राफी को पीओके में घुमाना चाहता था भारत के विरोध पर आईसीसी ने रद्द किया कार्यक्रम

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारतीय** क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शुक्रवार को पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) द्वारा चैंपियंस ट्रॉफी को विवादित पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में ले जाने के कथित कदम पर कड़ी आपत्ति जताई, जिसके बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने इस प्रचार कार्यक्रम को स्थगित कर दिया।

यह टूर्नामेंट, जो पिछली बार 2017 में खेला गया था, पहले से ही अधर में लटका हुआ है, क्योंकि बीसीसीआई ने आधिकारिक तौर पर आईसीसी को भारतीय क्रिकेट टीम के पाकिस्तान जाने में असमर्थता के बारे में सूचित कर दिया है। बदले में पीसीबी ने फिलहाल भारत द्वारा दुबई में अपने मैच खेलने के प्रस्तावित 'हाइब्रिड मॉडल' को खारिज कर दिया है। कार्यक्रम को भी स्थगित कर दिया गया है और नया विवाद केवल चीजों को और खराब कर सकता है। पता चला है कि बीसीसीआई सचिव जय शाह ने शुक्रवार को आईसीसी के शीर्ष अधिकारियों से बात की और पाकिस्तान के इस कदम की निंदा की और वैश्विक निकाय से इस पर कड़ा संज्ञान लेने का आग्रह किया। रिपोर्ट के अनुसार, इस घटनाक्रम से जुड़े बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, बीसीसीआई सचिव ने जब यह बात अपने संज्ञान में ली, तो उन्होंने आईसीसी को फोन किया और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के अंतर्गत आने वाले कई शहरों में ट्रॉफी का दौरा करने के पीसीबी के कदम की कड़ी आलोचना की। उन्होंने आगे कहा, उन्होंने आईसीसी से सख्त कार्रवाई करने का आग्रह किया है। जहां ( शेष पृष्ठ 9 )

# पीएम के विमान में आई खराबी दूसरे विमान से दिल्ली लौटे

**पीटीआई।** रांची

**भारतीय** वायुसेना के विशेष विमान में गड़बड़ी की वजह से शुक्रवार को झारखंड के देवघर हवाई अड्डे पर करीब दो घंटे तक फंसे रहने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दूसरे विमान से वापस दिल्ली के लिए रवाना हुए।

अधिकारियों ने बताया कि देवघर से करीब 80 किलोमीटर दूर बिहार के जमुई में एक रैली को संबोधित करने के बाद मोदी को वायुसेना के विमान से नई दिल्ली लौटना था। प्रधानमंत्री आदिवासी नेता बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जमुई गए थे। बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जाता है।



देवघर के उपायुक्त विशाल सागर ने बताया, भारतीय वायुसेना के विमान में तकनीकी खराबी आने के बाद प्रधानमंत्री मोदी एक अन्य विशेष विमान से देवघर से दिल्ली के लिए रवाना हो गए। विमान को समय पर ठीक नहीं किया जा सका। प्रधानमंत्री को दो घंटे से अधिक समय तक इंतजार करना पड़ा। प्रधानमंत्री मोदी ने तकनीकी खराबी के ठीक होने का इंतजार किया। इस वजह से इलाके के हवाई क्षेत्र को उड़ान वर्जित क्षेत्र घोषित कर दिया गया।इस बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी झारखंड के गोड्डा में ऐसी ही स्थिति में फंस गए। एक चुनावी रैली को संबोधित करने के बाद राहुल गांधी को हेलीकॉप्टर से वापस जाना था लेकिन लगभग दो घंटे के लिए वह उड़ान नहीं भर सका। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि देरी राजनीति से प्रेरित थी।

राज्य सरकार में मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने आरोप लगाया, हमारे नेता राहुल गांधी के हेलीकॉप्टर को करीब दो घंटे तक उड़ान नहीं भरने दी गई, जिससे उनकी जान को गंभीर खतरा उत्पन्न हुआ। यह केंद्र के इशारे पर हुई एक सुरक्षा चूक है।

# दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर दिल्ली, दफ्तरों का समय बदला



**राजेश कुमार।** नई दिल्ली

**वायु प्रदूषण** के रेड जोन को पार करने के बाद वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने शुक्रवार से ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) के तीसरे चरण को लागू किया है। शुक्रवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने राष्ट्रीय राजधानी में यातायात की भीड़ से निपटने और प्रदूषण के स्तर को कम करने के लिए शहर में सरकारी कार्यालयों के लिए अलग-अलग समय की घोषणा की।आतिशी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, नए शेड्यूल के तहत, दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के कार्यालय सुबह 8.30 बजे से शाम 5.00 बजे तक, केंद्र सरकार के कार्यालय सुबह 9.00 बजे से शाम 5.30 बजे तक और दिल्ली सरकार के कार्यालय सुबह 10.00 बजे से शाम 6.30 बजे तक काम करेंगे। उन्होंने कहा कि इस कदम का उद्देश्य व्यस्त समय के दौरान वाहनों के आवागमन को कम करना है। बुधवार से प्रभावी ग्रैप थ्री प्रतिबंधों के हिस्से के रूप में संशोधित कार्यालय समय लागू किया गया। दिल्ली के कई हिस्सों में वायु की गुणवत्ता शुक्रवार सुबह गंभीर श्रेणी में रही, नोएडा, गाजियाबाद और गुरुग्राम सहित राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में एक बार फिर धुंध की मोटी परत छा गई, जिससे दृश्यता कम हो गई और यातायात और उड़ान संचालन दोनों बाधित हुए। स्विस कंपनी आईक्यूएयर के के मुताबिक पीएम 2.5 सांद्रता वर्तमान में विश्व स्वास्थ्य संगठन के वार्षिक दिशानिर्देश मूल्य से 95.4 गुना अधिक है। इसने दिल्ली को एक्यूआई 817 के साथ दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों की सूची में डाल दिया है, इसके बाद पाकिस्तान के लाहौर में एक्यूआई 802 रात 12.30 बजे दर्ज किया गया। स्विस कंपनी पार्टिकुलेट मैटर 2.5 डेटा के आधार पर प्रमुख शहरों को रैंक करती है। दिल्ली के 39 निगरानी स्टेशनों में से 21 ने गंभीर एक्यूआई स्तर दर्ज किया, जिनमें से चार को गंभीर प्लस के रूप में वर्गीकृत किया गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के समीर ऐप के अनुसार, आज सुबह दिल्ली के शीर्ष पांच प्रदूषित क्षेत्र जहांगीरपुरी (एक्यूआई 458 के साथ), बवाना (455), वजीरपुर (455), रोहिणी (452) और पंजाबी बाग (443) हैं। हालांकि, 24 घंटे की समग्र वायु गुणवत्ता में बृहस्पतिवार के एक्यूआई 432 की तुलना में मामूली सुधार हुआ। एम्स और अक्षरधाम मंदिर जैसे क्षेत्रों से कैप्चर किए गए ड्रोन फुटेज ने धुंध की सीमा को उजागर किया, जिससे प्रमुख स्थल भी मुश्किल से दिखाई दे रहे थे। अधिकारियों और सभी हितधारकों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक के बाद, दिल्ली के पर्यावरण मंत्री पगोपाल राय ने घोषणा की कि शहर में अतिरिक्त 106 क्लस्टर बसें चलेंगी मंत्री ने कहा कि अगर वायु गुणवत्ता और खराब होती है तो कृत्रिम बारिश जैसे आपातकालीन उपायों पर विचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वे इस बारे में फिर से केंद्र से बात करेंगे। उन्होंने कहा कि ग्रैप थ्री उपायों के तहत निजी निर्माण और विध्वंस गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। धुंध के कारण कम दृश्यता ने पूरे भारत में उड़ान और रेल परिचालन को प्रभावित किया है। अमृतसर आने-जाने वाली इंडिगो की कई उड़ानें प्रभावित हुई हैं। दिल्ली और दरभंगा आने-जाने वाली स्पाइसजेट की कई उड़ानें देरी से चल रही हैं। कई ट्रेनें दो घंटे से अधिक देरी से चल रही हैं। नई दिल्ली ( शेष पृष्ठ 9 )

## देव दीपावली



प्रयागराज में संगम के तट पर देव दीपावली उत्सव में दीप श्रृंगार करते श्रद्धालु

# गुजरात तट से 700 किग्रा ड्रग जब्त

**पायनियर समाचार सेवा** नई दिल्ली। मादक पदार्थ रोधी एजेंसियों के एक संयुक्त अभियान के तहत शुक्रवार को गुजरात के तट के पास लगभग 700 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त होने के बाद आठ ईरानी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया।स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने एक बयान जारी कर कहा कि खुफिया सूचनाओं के आधार पर सागर मंथन - 4 ( शेष पृष्ठ 9 )



एनसीबी कर्मियों ने एक ऑपरेशन के बाद एक अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्करी गिरोह को सफलतापूर्वक ध्वस्त कर दिया और गुजरात में लगभग 700 किलोग्राम मेथ जब्त किया। (विस्तृत खबर पेज-3)

## दिल्ली में भी 900 करोड़ की 82.53 किलो कोकीन जब्त

**नई दिल्ली।** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में 900 करोड़ रुपये मूल्य की 82.53 किलोग्राम उच्च श्रेणी की कोकीन जब्त की। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर इस कार्रवाई की जानकारी देते हुए घोषणा की कि नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ( शेष पृष्ठ 9 )

# सराय काले खां से बिरसा मुंडा चौक तक, एक ऐतिहासिक यात्रा

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली

**मध्यकालीन** युग की शुरुआत 16-17वीं सदी में हुई सराय काले खां चौक को अब आदिवासी आइकन और स्वतंत्रता सेनानी को श्रद्धांजलि देते हुए बिरसा मुंडा चौक कहा जाएगा। शुक्रवार को केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल ने उनकी 150वीं जयंती के अवसर पर नाम बदलने की घोषणा की। 2021 में केंद्र सरकार ने 15 नवंबर को 'जनजातीय गौरव दिवस' घोषित किया।सराय काले खां दिल्ली के सबसे व्यस्त इलाकों में से एक है, खासकर अंतर-राज्यीय बस टर्मिनल (आईएसबीटी) के कारण, जहां से बसें यात्रियों को उत्तर भारत के गंतव्यों तक ले जाती हैं। अतीत में, इसे मूंछो वाली सराय (मूंछों की सराय) के रूप में जाना जाता था क्योंकि हर आदमी की लंबी मूंछें होती थीं, जो उन दिनों मर्दानगी का प्रतीक थीं।ऐतिहासिक क्षेत्र का नाम



स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा की जयंती पर उनकी प्रतिमा के अनावरण के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, भाजपा सांसद मनोज तिवारी, बांसुरी स्वराज, कमलजीत सेहरावत और रामवीर सिंह बिधूड़ी और अन्य।

बदलने की घोषणा दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले की गई है, और मंत्री ने दक्षिण-पूर्वी दिल्ली में सराय काले खां अंतर-राज्यीय बस टर्मिनस (आईएसबीटी) के पास बांसेरा बांस पार्क में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना द्वारा बिरसा मुंडा की प्रतिमा के अनावरण के अवसर पर इसकी घोषणा की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कई नेताओं ने भी महान नेता को श्रद्धांजलि दी।बिरसा मुंडा ने 19वीं सदी के अंत में बंगाल प्रेसीडेंसी (अब झारखंड) में शुरू हुए आदिवासी आंदोलन का नेतृत्व किया, जिसने उन्हें देश के स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास में एक महत्वपूर्ण व्यक्ति बना दिया।वर्तमान झारखंड में 1875 में जन्मे मुंडा ने ब्रिटिश शासन को चुनौती दी थी और उन्हें साम्राज्य के खिलाफ आदिवासियों को संगठित करने का श्रेय दिया जाता है। 25 साल की छोटी उम्र में ब्रिटिश हिरासत में उनकी मृत्यु हो गई। भारतीय आदिवासी स्वतंत्रता संग्राम के नायक मुंडा ने छोटानागपुर क्षेत्र के आदिवासी समुदाय को अपनी स्वतंत्रता के लिए लड़ने के लिए प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने ब्रिटिश शासन के खिलाफ 'उलगुलान' (विद्रोह) नामक सशस्त्र क्रांति का नेतृत्व किया।वे छोटानागपुर पठार क्षेत्र में मुंडा जनजाति से थे। उन्होंने 19वीं शताब्दी ( शेष पृष्ठ 9 )

# मातृभूमि के प्रति त्याग, निष्ठा और वीरता का प्रेरणास्रोत है जनजातीय समुदायः सीएम

● भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर सीएम योगी ने किया जनजातीय भागीदारी उत्सव का शुभारंभ




**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने जनजातीय समाज की गौरवपूर्ण संस्कृति और उनकी मातृभूमि के प्रति अपार निष्ठा को सम्मान देते हुए भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में 'जनजातीय गौरव दिवस' पर अंतर्राष्ट्रीय जनजातीय भागीदारी उत्सव का शुभारंभ किया। महोत्सव लखनऊ के गोमती नगर स्थित संगीत नाटक अकादमी में 15 से 20 नवंबर तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें भारत के 22 राज्यों के साथ-साथ स्लोवाकिया और वियतनाम से भी कलाकार शामिल हो रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनजातीय समुदाय मातृभूमि के प्रति त्याग, निष्ठा और वीरता का प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज न केवल भारत का मूल संप्रदाय है, बल्कि यह समुदाय मातृभूमि के प्रति उच्च भाव से प्रेरित होकर देश की सेवा में सदैव तत्पर रहा है। जब देश पर विदेशी सत्ता का शिकंजा था, तब भगवान बिरसा मुंडा ने अपने समुदाय के अधिकारों की रक्षा और स्वाधीनता के लिए संघर्ष किया। 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने के प्रधानमंत्री मोदी के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि यह भगवान बिरसा मुंडा के बलिदान को देशभर में सम्मान देने का महत्वपूर्ण कदम है। योगी ने बताया कि इस उत्सव के माध्यम से देश और प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों से आए जनजातीय समुदाय के लोग अपनी कला और परंपरा को प्रस्तुत करेंगे। यह महोत्सव जनजातीय समाज के गौरवपूर्ण इतिहास, संस्कृति और उनके संरक्षण की दिशा में एक अनूठा प्रयास है।

मुख्यमंत्री ने जनजातीय समाज के सशक्तीकरण की दिशा में अपनी सरकार के प्रयासों पर जोर देते हुए कहा कि 2017 में प्रदेश में सरकार बनने के बाद जनजातीय समुदाय की आवश्यकताओं को प्राथमिकता दी, क्योंकि पिछली सरकारों में यह समाज विभिन्न योजनाओं के लाभ से वंचित था। सीएम योगी ने जनजातीय समुदाय को विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ने के प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा, 'थारू, कोल, चेरु, गोंड, बुक्सा जैसे जनजातीय समुदायों के लिए सैचुरेशन योजना के माध्यम से हर जरूरतमंद तक सरकारी लाभ पहुंचाने का अभियान चलाया जा रहा है।' जनजातीय समुदाय को प्रधानमंत्री आवास योजना, हर घर शौचालय, एलपीजी कनेक्शन, वृद्धावस्था पेंशन, महिला पेंशन और दिव्यांगजन पेंशन जैसी योजनाओं से आच्छादित किया गया है।

योगी ने कहा कि 15 से 20 नवंबर तक चलने वाले इस छह दिवसीय महोत्सव में देश के 22 राज्यों के जनजातीय कलाकार भाग ले रहे हैं, वहीं स्लोवाकिया और वियतनाम के कलाकार भी इस कार्यक्रम में हिस्सा ले रहे हैं। इस तरह का आयोजन जनजातीय समुदाय को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ उनके जीवन को नजदीक से समझने का अवसर प्रदान करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनजातीय समुदाय ने विपरीत परिस्थितियों में भी देश की प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा की है। उप्र के 11 जिलों में जनजातीय समुदाय का निवास है, जिसमें सोनभद्र का विशेष महत्व है। जनजातीय समुदाय को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं को लागू किया जा रहा है। अनु. जाति-जनजाति कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण, प्रमुख सचिव समाज कल्याण डॉ. हरिओम, प्रमुख सचिव संस्कृति विभाग मुकेश कुमार मेश्राम सहित कई अधिकारी और जनजातीय समाज से जुड़े गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# जिला स्तरीय चिकित्सा अधिकारियों ने किया निजी अस्पतालों का औचक निरीक्षण

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के सीएमओ डॉ. एन.बी.सिंह के निर्देश पर शुक्रवार को नर्सिंग होम के नोडल अधिकारी डॉ. ए.पी.सिंह तथा उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. के. डी. मिश्रा ने द यूनिक हॉस्पिटल, बालागंज अस्पताल, स्टार हॉस्पिटल, मेडलाइफ हॉस्पिटल तथा ऑक्सीजन हॉस्पिटल का औचक निरीक्षण किया। नोडल अधिकारी ने बताया कि बालागंज अस्पताल को छोड़कर किसी भी अस्पताल में कोई भी पूर्णकालिक चिकित्सक नहीं मिला। किसी भी हॉस्पिटल में बायोमेडिकल वेस्ट के निस्तारण की कोई उचित व्यवस्था नहीं थी। द यूनिक हॉस्पिटल में डेंगू मरीज का इलाज मानक के अनुरूप नहीं किया जा रहा था। बालागंज अस्पताल में मरीजों के अभिलेख अपूर्ण थे तथा फार्मेसी पर कोई भी पंजीकृत फार्मासिस्ट मौजूद नहीं था। स्टार हॉस्पिटल में जीएनएम की प्रशिक्षु कार्यरत थी। मेडलाइफ हॉस्पिटल में एचआईवी रोगी के जैव अपशिष्ट का निस्तारण मानकविहीन था। ऑक्सीजन हॉस्पिटल में रैंप अत्यंत फिसलनयुक्त था जिसमें सुधार की आवश्यकता है। कमियों को देखते हुए सभी अस्पतालों को नोटिस जारी कर दिए गए हैं। उनके उत्तर प्राप्त होने के बाद उन पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

### लखनऊ में डेंगू के 23 रोगी मिले

लखनऊ जनपद में शुक्रवार को डेंगू के 23 नये मामले सामने आये हैं। टूडियागंज-3, इन्दिरानगर-5, सरोजिनी नगर-1, चन्दरनगर-7, बीकेटी-1, अलीगंज-6) धनात्मक रोगी पाये गये। माह जनवरी 2024 से अब तक जनपद में डेंगू के कुल 2472 एवं मलेरिया के कुल 478 धनात्मक रोगी पाये गये। आज लगभग 1415 घरों एवं आस-पास मच्छरजनित स्थितियों का सर्वेक्षण किया गया।

# विरासत और आदर्शों से प्रेरणा लेने वाला समाज कभी गुलाम नहीं हो सकताः योगी

● गुरु नानक देव जी महाराज के 555वें प्रकाश पर्व में शामिल हुए ● गुरु नानक ने हम सभी को ईश्वर की आराधना के प्रति किया प्रेरित



**लखनऊ।** ईश्वर की आराधना के प्रति श्री गुरु नानक देव जी ने हम सभी को लगातार प्रेरित किया। साथ ही सन्मार्ग पर चलने का संदेश दिया। यही परंपरा आगे चलकर भक्ति से शक्ति के तेज पुंज के रूप में बदल गई और गुरु गोविंद सिंह महाराज के नेतृत्व में इसे नए आयाम मिले। गुरु गोविंद सिंह महाराज और उनके चार साहिबजादों के बलिदान की गाथा से हर भारतवासी गौरवान्वित महसूस करता है।

ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को आलमबाग एवं गुरुद्वारा पटेल नगर में श्री गुरु नानक देव जी महाराज के 555वें प्रकाश पर्व पर आयोजित कार्यक्रम में कहीं। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 5 वर्ष पूर्व गुरु नानक देव के 550वें प्रकाश पर्व पर मुख्यमंत्री आवास पर कीर्तन यात्रा का आयोजन किया गया था। इसे सौभाग्यशाली बताया। पिछले चार वर्षों से गुरु गोविंद सिंह के चार साहिबजादों की वीर बलिदानी दिवस को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जा रहा है।

सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 26 दिसंबर की तिथि को वीर बाल दिवस मनाने की घोषणा कर, इसे राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम घोषित किया। यह कार्यक्रम आज की युवा पीढ़ी को देश और धर्म से जोड़ने के लिए प्रेरणा का कार्य करेगी। ये महान परंपराएं समाज और राष्ट्र को अपनी विरासत से जोड़ने के साथ प्रेरणा प्राप्त करने का अवसर प्रदान करती हैं। उन्होंने कहा कि अपनी विरासत और आदर्शों से प्रेरणा लेने वाला समाज कभी गुलाम नहीं हो सकता है।

# कैंप लगाकर पेंशनरों के जमा होंगे प्रमाण पत्र

**लखनऊ।** पेंशन के लिए जीवित होने का प्रमाण पत्र देने के लिए अब रिटायर कर्मचारियों को ज्यादा परेशान नहीं होना होगा। इन कर्मचारियों के जीवित होने का सत्यापन अब अधिकारी बाहर बैठ कर करेंगे। इसके लिए कलेक्ट्रेट के बैडमिंटन कोर्ट में ही कैम्प लगाया जा रहा है। अभी तक 6 हजार कर्मियों का सत्यापन हो चुका है। पेंशन का जीवित प्रमाण पत्र देने के लिए कर्मियों का भटकना नहीं पड़ेगा। कलेक्ट्रेट में शनिवार से कैम्प लगेगा। अधिकारी खुद कैम्प में रहेंगे। आने वाले हर रिटायर कर्मचारी की समस्या सुनेंगे। तुरंत निदान भी कराएंगे। रिटायर कर्मचारियों को पेंशन के लिए जीवित होने का प्रमाण पत्र देना होता है। इस महीने लगभग 13 हजार कर्मचारियों का सत्यापन होना है। जीवित होने का प्रमाण देने कर्मचारियों को खुद आना पड़ता है। तमाम कर्मचारी काफी बुजुर्ग हो गये हैं। उन्हें सत्यापन में आने में दिक्कत होती है। कर्मचारियों को समय भी लग जाता था। जिससे उन्हें परेशानी होती थी। अब कर्मचारियों के काम तेज करने तथा उनके जीवित होने के सत्यापन के काम को और तेज करने के लिए कैम्प लगाया जा रहा है। कैम्प में खुद अधिकारी बाहर बैठक कर सत्यापन करेंगे।

# हस्तशिल्पियों एवं हुनरमंद कारीगरों हेतु विश्वविद्यालय की हो स्थापनाः राज्यपाल

● राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने किया ग्राम श्री एवं क्राफ्टरूट्स द्वारा आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने शुक्रवार को लखनऊ के कैसरबाग स्थित सफेद बारादरी में 'ग्रामश्री' एवं 'क्राफ्टरूट्स' द्वारा आयोजित हैंडीक्राफ्ट प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि जब बड़े लोग छोटे लोगों की उंगली पकड़ेंगे, तभी देश प्रगति कर सकता है। उन्होंने कहा कि देश की आधी आबादी, यानी महिलाएं अपने घरों से बाहर निकलकर जब पुरूषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर संयुक्त प्रयास करेंगी तभी देश की तरक्की होगी।

राज्यपाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच को साझा करते हुए कहा कि आज महिलाएं सेना में हवाई जहाज उड़ा रही हैं, जो प्रधानमंत्री की दूरदर्शिता का परिणाम है। राज्यपाल ने सभी हस्तशिल्पी व कारीगरों को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनके द्वारा विविध परिस्थितियों में विविध स्थलों पर जाकर प्रदर्शनी को लगाया जाना व अपने उत्पादों का विक्रय कराना एक सराहनीय प्रयास है।

इस क्रम में उन्होंने असम राज्य के हालिया अनुभव के बारे में बताते हुए वहाँ की बांस कला की सराहना की। राज्यपाल ने हस्तशिल्पियों एवं कारीगरों हेतु एक ऐसे विश्वविद्यालय की कल्पना की जहाँ अनपढ़ हुनरमंद कारीगरों का भी नामांकन हो सके और उन्हें प्रमाण-पत्र प्राप्त हो सकें। राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालयों द्वारा ऐसे हुनरमंद कारीगरों को डिजाइन देने का कार्य करना चाहिए और इन्हें अच्छी चीज बनाए जाने हेतु प्रोत्साहित करना चाहिए। इन्होंने इस प्रकार के कार्यों को विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गांव में क्रियान्वित किए जाने हेतु कहा।

# बालिकाओं के स्वास्थ्य की रूटीन चेकअप प्राथमिकता पर कराएंः डॉ. रोशन जैकब

**लखनऊ।** मंडलायुक्त द्वारा राजकीय महिला शरणालय प्राग नारायण रोड का औचक निरीक्षण किया गया। मंडलायुक्त द्वारा स्वास्थ्य विभाग नियमित रूप से बालिकाओं के स्वास्थ्य की रूटीन चेकअप प्राथमिकता पर कराते रहे। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण व पौष्टिक भोजन बालिकाओं को उपलब्ध कराये। शुक्रवार को मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब ने राजकीय महिला शरणालय प्राग नारायण रोड का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने पढ़ाई कर रही छात्रों को दुलारते हुए, शिक्षा की गुणवत्ता को भी चेक किया। संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पठन.पाठन की सामग्री की संख्या में बढ़ोतरी करते हुए शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। महिला कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित राजकीय संस्थाओ में आवासित संवासियों व सवासिनियों की हस्त निर्मित उत्पाद का भी मंडलायुक्त ने अवलोकन किया। इसके बाद मंडलायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा नियमित रूप से बालिकाओं एवं छात्राएं के स्वास्थ्य की रूटीन चेकअप प्राथमिकता पर कराते रहे। मूलभूत औषधियां की उपलब्धता भी सुनिश्चित करते रहे। गुणवत्तापूर्ण व पौष्टिक भोजन बालिकाओं को उपलब्ध कराये। डाइट में प्राथमिक रूप से दूध, फल व दलिया अवश्य दे। उन्होंने बालिकाओं को मोटिवेट करते हुए कहा कि समय की उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए पढ़ाई पर भरपूर जोर दिया जाए। शिक्षा व्यक्ति की अंतर्निहित क्षमता और उसके व्यक्तित्त्व को विकसित करने वाली प्रक्रिया है। यही प्रक्रिया उसे समाज में एक वयस्क की भूमिका निभाने के लिये समाजीकृत करती है तथा समाज के सदस्य एवं एक जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए व्यक्ति को आवश्यक ज्ञान और कौशल उपलब्ध कराती है।



# मोहनलालगंज की तेरह सहकारी समितियों पर खाद की किल्लत

**मोहनलालगंज।** साधन सहकारी समितियों पर खाद की किल्लत से किसानों की बुवाई पिछड़ रही है। किसानों को सारा दिन लाइन लगाने के बाद भी समितियों से जरूरत के मुताबिक खाद नही मिल पा रही है। मोहनलालगंज की महज दो समितियों पर खाद उपलब्ध बताई जा रही है। जबकि अन्य समितियों पर एक दो दिन में खाद मुहैया कराए जाने का दावा किया जा रहा है। मोहनलालगंज ब्लॉक में परेहटा सिसेंडी गौतमखेड़ा भौंदरी गौरा फत्तेखेड़ा मऊ निगोहां देवती लालपुर समेसी नगराम समेत कुल 15 साधन सहकारी समितियों के जरिए किसानों को खाद का वितरित की जाती है। इनमें से अधिकांश समितियों पर खाद की भारी किल्लत है। जिसकी वजह से किसानों को खाद के लिए समितियों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। खाद नही मिल पाने से खेतों में गेहूं की बुवाई पिछड़ रही है।

# बिरसा मुंडा ने सनातन संस्कृति को बचाने के लिए संघर्ष कियाः कौशल

● सह सरकार्यवाह करेंगे अहिल्या बाई होल्कर त्रिशताब्दी समारोह का उद्घाटन



**लखनऊ।** जनजातीय गौरव धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती के अवसर पर शुक्रवार को विश्व संवाद केन्द्र जियामऊ में सामाजिक समरसता विभाग की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रान्त प्रचारक कौशल व सह विभाग संघचालक भुवनेश्वर ने बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्पांजलि व माल्यार्पण के साथ किया। प्रान्त प्रचारक कौशल ने कहा कि महान क्रान्तिकारी बिरसा मुंडा ने वनवासी अस्मिता, स्वतंत्रता और संस्कृति को बचाने के लिए संघर्ष किया। अपना सर्वस्व भारत सनातन संस्कृति व हिंदुत्व की रक्षा के लिए अर्पण कर दिया। सामाजिक समरसता विभाग के प्रान्त प्रमुख राजकिशोर ने कहा कि आज सबसे बड़ी जरूरत इस बात की है कि वनवासी समाज में घुसपैठ कर रही ईसाई मिशनरियों को रोका जाए। ईसाई मिशनरियां न केवल उनका मतांतरण कर रही हैं बल्कि हिन्दू समाज से काटने का प्रयत्न कर रही हैं।

### अहिल्या बाई होल्कर त्रिशताब्दी समारोह का उद्घाटन करेंगे आलोक कुमार

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह आलोक कुमार 24 नवम्बर को लखनऊ के गोमतीनगर विस्तार स्थित सीएमएस सभागार में अहिल्या बाई होल्कर त्रिशताब्दी समारोह का भव्य उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के वंशज उदयराजे होलकर करेंगे। प्रान्त प्रचारक कौशल व समरसता विभाग के प्रान्त प्रमुख राजकिशोर की उपस्थिति में लखनऊ विभाग के कार्यकर्ताओं के साथ तैयारी बैठक की गयी। प्रान्त प्रचारक ने कार्यक्रम के निमित्त प्रत्येक बिन्दुओं पर कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा कर तैयारी को अंतिम रूप दिया। सह विभाग संघचालक भुवनेश्वर ने कहा कि लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर के जीवन व उनके आदर्श की जानकारी नई पीढ़ी को हो सके इसलिए लखनऊ में त्रिशताब्दी वर्ष 2024—25 का भव्य आयोजन सु?निश्चित है। उन्होंने मातृशक्ति के साथ अलग से बैठककर कार्यक्रम में अधिक से अधिक मातृशक्ति की सहभागिता सुनिश्चित कराने को कहा। विशेष सम्पर्क विभाग की प्रान्तीय टोली के सदस्य प्रशान्त भाटिया ने कहा कि कार्यक्रम में लखनऊ विभाग की सभी सेवा बस्तियों से लोग आएं।

# मुख्य मार्गों पर ही होने चाहिए पीसीएस-प्री के परीक्षा केंद्रः मनोज कुमार सिंह

● मुख्य सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से समस्त मण्डलायुक्तों व जिलाधिकारियों के साथ बैठक कर दिए आवश्यक निर्देश



**पायनियर समाचर सेवा।** लखनऊ

**मुख्य** सचिव मनोज कुमार सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समस्त मंडलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि पीसीएस-प्री की परीक्षा 22 दिसम्बर, 2024 को प्रस्तावित है। शासनादेश के अनुसार परीक्षा केन्द्र मुख्य मार्ग पर होना चाहिए। सरकारी एवं वित्त पोषित संस्थानों को ही परीक्षा केन्द्र बनाया जायेगा। परीक्षा के लिए निजी संस्थान को सेण्टर नहीं बनाया जायेगा। कोषागार से परीक्षा केन्द्र की दूरी 10 किमी होने की अनिवार्यता में शिथिलता प्रदान की गई।

उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को सभी मुख्य मार्गों पर स्थित सरकारी एवं वित्त पोषित संस्थानों की सूची अनिवार्य रूप से 18 नवम्बर, 2024 तक उप्र लोक सेवा आयोग एवं कार्मिक विभाग को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। परीक्षा केन्द्र आवागमन की दृष्टि से सुलभ होने चाहिये, ताकि अभ्यर्थियों को सेण्टर तक पहुंचने में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। यूनिवर्सिटी, आईटीआई व पॉलीटेक्निक जैसी बड़े भवनों में कई सेण्टर्स भी बनाये जा सकते हैं।

टीएचआर इकाइयों द्वारा आपूर्तित अनुपूरक पुष्टाहार की प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि टीएचआर प्लांट को पूरी क्षमता के अनुरूप चलाया जाये। क्रियाशील इकाईयों का अध्ययन कर उन्हें अन्य इकाइयों में लागू किया जाये। बांदा, गोरखपुर, कानपुर देहात व बहराइच जनपद के जिलाधिकारियों को आंगनवाड़ी भर्ती का विज्ञापन जल्द से जल्द प्रकाशित कराने के निर्देश दिये। इसके अलावा उन्होंने जनपद बलिया को आंगनवाड़ी सहायक से आंगनवाड़ी कार्यकत्री के पद पर प्रमोशन की प्रक्रिया को जल्द से जल्द से जल्द पूर्ण कराकर विज्ञापन प्रकाशित करने के लिये निर्देशित किया।

# बीबीएयू में अवध चित्र साधना फिल्म फेस्टिवल आज से

**लखनऊ।** बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विवि में 16 एवं 17 नवंबर को अटल बिहारी बाजपेयी प्रेक्षागृह में द्वि-दिवसीय अवध चित्र साधना फिल्म फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा। अध्यक्षता विवि के कुलपति प्रो. एन. एम.पी. वर्मा द्वारा की जाएगी। मुख्य अतिथि अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख नरेंद्र ठाकुर उपस्थित रहेंगे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर बॉलीवुड के फिल्म निर्माता अतुल पांडे एवं विवि की ओर से प्रो. गोविन्द जी पाण्डेय मौजूद रहेंगे। दो दिवसीय फिल्म फेस्टिवल मे तकरीबन पचास फिल्में दिखाई जाएंगी 7 ये फिल्मों प्रॉफेश्नल, कैम्पस और ऑफ कैम्पस कैटेगरी मे है और हर श्रेणी पाँच पुरुस्कार दिये जाएँगे। बेस्ट फिल्म (फिक्सन), बेस्ट फिल्म (नॉन -फिक्सन), बेस्ट सिनेमेटोग्राफी, क्रिटिक अवार्ड, बेस्ट निर्देशक को स्टूडेंट श्रेणी मे दस हजार और प्रॉफेश्नल श्रेणी में विजेताओं को 20 हजार का इनाम, ट्रॉफी, सर्टिफिकेट दिया जायेगा।

# सूएज ने आयोजित किया इंटरैक्टिव प्रशिक्षण सत्र

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**सुरक्षा** और संचालन में उत्कृष्टता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करते हुए, सूएज ने अलीगंज जोन 3 के विकास नगर सेक्टर 5 औषधीय उद्यान में सीवर सफ़ाई मित्रों के साथ एक इंटरैक्टिव प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया। परियोजना निदेशक नेतृत्व में इस सत्र का उद्देश्य सुरक्षा प्रोटोकॉल को मजबूत करना, व्यक्तिगत विकास को प्रोत्साहित करना और क्षेत्र में सीवर से जुड़े मुद्दों के दीर्घकालिक समाधान पर चर्चा करना था। यूपी सरकार की वन सिटी वन ऑपरेटर योजना के तहत राजेश मठपाल ने जोर देकर कहा कि सुरक्षा के बिना कोई कार्य नहीं सूएज़ के सभी कार्यों की नींव है, जिसमें मैनहोल में प्रवेश नहीं और श्कोई मैनुअल सफ़ाई नहीं की नीति शामिल है। उन्होंने कहा कि सभी कार्यों में सुरक्षा को प्राथमिकता देनी चाहिए और शून्य हानि सुनिश्चित करने के लिए व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (पीपीई) का उपयोग अनिवार्य है। हमारा लक्ष्य न केवल अपने कार्य को कुशलता से पूरा करना चाहिए बल्कि इसे इस तरह से करना है जिससे हमारे कर्मचारियों की सुरक्षा हो और जनता को असुविधा न होए मठपाल ने कहा। सूएज के हमारे लोगों की प्रतिभा को उजागर करना नेतृत्व मॉडल के अनुरूप माथपाल ने यवहार स्कोरकार्ड पेश किया एक नई पहल जो सुरक्षा प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए डिज़ाइन की गई है। यह स्कोरकार्ड कर्मचारियों और मजदूरों को अच्छे प्रथाओं, त्रुटियों और सुरक्षा उल्लंघनों की तुरंत रिपोर्ट करने का अवसर देता है, जिससे जवाबदेही और निरंतर सुधार को प्रोत्साहन मिलता है। व्यवहार स्कोरकार्ड सूएज़ साइटों के सभी प्रमुख कार्यस्थलों पर प्रदर्शित किया जाएगा ताकि कार्यस्थलों पर सुरक्षा मानकों को सक्रिय रूप से लागू किया जा सके। सत्र में सूएज़ की 24 घंटे के भीतर ओवरफ्लो शिकायतों का समाधान करने की प्रतिबद्धता पर भी चर्चा की गई, जो एक पर्यवेक्षक और चार सफाई मित्रों की टीम संरचना के सहयोग से सुरक्षा और दक्षता बनाए रखने के लिए कार्य कर रही है। कई कर्मचारियों को सुरक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के लिए सम्मानित किया गया। शंकर . फैज़ुल्लागंज के जानकीपुरम प्रथम वार्ड से सफ़ाई मित्र सुभाष राम के साथ, विकास नगर वार्ड के सनी और ओमप्रकाश को उत्कृष्ट सुरक्षा प्रथाओं के लिए पुरस्कृत किया गया।

# पुस्तकालय अधिनियम एवं पुस्तकों के प्रयोग विषय पर हुई परिचर्चा

**लखनऊ।** रिवर फ्रंट पर आयोजित गोमती पुस्तक महोत्सव में प्रदेश पुस्तकालय अधिनियम एवं पुस्तकों का प्रयोग विषय पर परिचर्चा की गयी। लेखकगंज में उत्तर प्रदेश पुस्तकालय संघ शाखा के अध्यक्ष द्वारा मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचार रखें। वहीं पुस्तकालय प्रभारी द्वारा सुझाव दिया गया कि राज्य सरकार पंचायत स्तर पर पुस्तकालयों को स्थापित कर उसमें पुस्तकालय मित्र की नियुक्ति करनी चाहिए। शुक्रवार को नेशनल बुक ट्रस्ट दिल्ली के द्वारा आयोजित तृतीय गोमती पुस्तक महोत्सव लखनऊ में उत्तर प्रदेश पुस्तकालय संघ लखनऊ शाखा ने लेखकगंज में उत्तर प्रदेश पुस्तकालय अधिनियम एवं पुस्तकों का प्रयोग विषय पर परिचर्चा की। परिचर्चा में डॉ मनीष कुमार बाजपेयी, पुस्तकालयाध्यक्ष प्रभारी, डॉ राम मनोहर लोहिया नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी लखनऊ प्रोफेसर एम पी सिंह, डिपार्टमेंट आफलाइब्रेरी एंड इनफ ॅरमेशन साइंस, बाबा साहब भीमराव अंबेडकर यूनिवर्सिटी एवं उत्तर प्रदेश पुस्तकालय संघ शाखा के अध्यक्ष विनोद कुमार मिश्र ने मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचार रखें। डॉ बाजपेयी ने सुझाव दिया कि राज्य सरकार पंचायत स्तर पर पुस्तकालयों को स्थापित कर उसमें पुस्तकालय मित्र की नियुक्ति करें एवं पुस्तकालय मित्र पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान में डिप्लोमा स्नातक डिग्रीधारक आवश्यक रूप से होना चाहिए। इससे ग्रामीण अंचलों में पंचायत स्तर पर शिक्षा में सुधार एवं बच्चों में पढ़ने की आदत को बढ़ावा दिया जा सकता है तथा सरकार पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान के विद्यार्थियों एवं प्रोफेशनल्स को रोजगार प्रदान कर सकती है। प्रो. एमपी सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि आजकल के युवाओं को मोबाइल कल्चर से निकलना होगा और पुस्तकों से मित्रता करनी चाहिए। प्रदेश सरकार को पुस्तकालय अधिनियम को लागू कर शिक्षा का स्तर को बढ़ावा देना चाहिए।



# सत्यापन के जरिए सुधरने लगी खतौनी में की गईं गलतियां

**मोहनलालगंज।** रियल टाइम खतौनी तैयार करते समय किए गए फर्जीवाड़े के निशान धीरे धीरे मिटने लगे हैं। सत्यापन के जरिए खतौनी में किए गए खेल को सुधारने की मुहिम रफ्तार पकड़ती दिख रही है। प्रशासन की इस मुहिम में किसानों की जागरूकता भी काफी मददगार साबित हो रही है। अफसरों की मानें तो अगले कुछ दिनों में खतौनी को त्रुटि रहित बनाने के लिए राजस्व परिषद पोर्टल में संशोधन करने की तैयारी में है।

मोहनलालगंज तहसील में वर्ष 2024 के शुरुआती माह में रियल टाइम खतौनी तैयार करते समय कई खेल किए गए। पिछले दिनों एक के बाद एक खतौनी में कई फर्जीवाड़े सामने आने के बाद जिला प्रशासन ने तहसील अफसरों को सत्यापन कराकर खतौनी को दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। उधर खतौनी में फर्जीवाड़े का खुलासा होने होने के बाद किसानों ने भी खतौनी निकालकर जहां कहीं भी कोई गलती मिली फौरन उसकी शिकायत अधिकारियों से दर्ज कराई। प्रशासन और आमजन के सामूहिक प्रयास से पिछली खतौनी की त्रुटियों के साथ ही पुरानी खतौनी की त्रुटियां भी दुरुस्त हो रही है। भजमरमऊ निवासी प्रशांत कुमार की खतौनी में उनके नाम के बाद साथ बिना किसी सरकारी आदेश के कुछ अन्य लोगों के नाम दर्ज कर दिए गए। शिकायत मिलते ही तहसीलदार शशांक नाथ उपाध्याय की रिपोर्ट पर एसडीएम बृजेश कुमार वर्मा ने खतौनी में गलत तरीके से अंकित किए गए लोगों के नाम हटाने का आदेश दिया है। घुसकर की एक खतौनी में भी इसी तरह फर्जी तरीके से दूसरे शख्स का नाम अंकित कर दिया गया। शिकायत मिलते ही एसडीएम बृजेश कुमार वर्मा ने तहसीलदार की रिपोर्ट पर खतौनी में फर्जी तरीके से दर्ज किया नाम निरस्त कर दिया। इसी तरह दलपत खेड़ा की एक खतौनी में फर्जी तरीके से काशी प्रसाद का नाम दर्ज कर दिया गया। शिकायत पर तहसीलदार शशांक नाथ उपाध्याय ने जांच कराई तो फर्जीवाड़े का खुलासा हो गया। तहसीलदार की रिपोर्ट पर सुनवाई के बाद एसडीएम बृजेश कुमार वर्मा ने खतौनी में फर्जी अंकित किसान का नाम निरस्त कर जमीन वापस महिला किसान को लौटा दी। एसडीएम बृजेश कुमार वर्मा ने बताया तहसील की हर एक खतौनी को त्रुटि रहित बनाए जाने तक यह अभियान लगातार चलता रहेगा। तहसीलदार शशांक नाथ उपाध्याय ने बताया खतौनी को त्रुटि रहित बनाने के लिए राजस्व परिषद से आदेश हो चुका है। जिसमें तहसीलदार को खतौनी की त्रुटियां दुरुस्त करने की पावर दी गई है। लेखपाल और कानूनगो से रिपोर्ट लेकर तहसीलदार अपनी डिजिटल की से खतौनी की त्रुटियां दुरुस्त कर सकेंगे। उन्होंने बताया राजस्व परिषद इसके लिए पोर्टल में कुछ संशोधन करा रही है। जिसके बाद खतौनी में त्रुटियां होने पर किसान ऑनलाइन आवेदन करेंगे।

# क्लस्टर बस और मेट्रो लगाएंगे अतिरिक्त फेरे

## खराब वायु गुणवत्ता को देखते हुए बारिश कराने पर किया जा रहा विचारः गोपाल

## अंतरराज्यीय बसों, बीएस 3 पेट्रोल, बीएस 4 डीजल चार पहिया वाहनों पर लगी रोक

**ग्रैपः 3 लागू**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने शुक्रवार को कहा कि वायु गुणवत्ता खराब होने के कारण राजधानी में लागू किए गए चरणबद्ध प्रतिक्रिया कार्य योजना (ग्रैप) के तीसरे चरण के उपायों के तहत यहां 106 अतिरिक्त क्लस्टर बसें संचालित होगी और मेट्रो ट्रेन 60 अतिरिक्त चक्कर लगाएगी। देश में राजधानी का प्रदूषण स्तर सबसे खराब दर्ज किए जाने के बाद वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने यहां ग्रैप के तीसरे चरण को लागू कर दिया।

दिल्ली में लगातार दो दिन तक वायु गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में रही। दिल्ली में शुक्रवार को भी वायु गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में दर्ज की गई, जहां एक्यूआई 411 रहा। राय ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि दिल्ली में ई-बस और सीएनजी से चलने वाली बस को छोड़कर अंतरराज्यीय बस के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसके अलावा बीएस 3 पेट्रोल, बीएस 4 डीजल चार पहिया वाहनों पर भी रोक लगाई गई है।

मंत्री ने बताया कि सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने और निजी वाहनों के उपयोग को कम करने के उद्देश्य से दिल्ली परिवहन निगम 106 अतिरिक्त क्लस्टर बसें संचालित करेगा जबकि मेट्रो ट्रेन 60 अतिरिक्त चक्कर लगाएगी।

मंत्री ने कहा कि यदि वायु गुणवत्ता और खराब होती है तो कृत्रिम बारिश जैसे आपातकालीन उपायों पर भी विचार किया जा सकता है और वह इस बारे में केंद्र सरकार के साथ बात करेंगे। उन्होंने बताया कि ग्रैप के तीसरे चरण के उपायों के तहत दिल्ली में निर्माण और किसी भी तरह की तोड़फोड़ की गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। राय ने कहा, हम दिल्ली में ग्रैप-3 के तहत लागू उपायों को और अधिक प्रभावी बनाने पर काम कर रहे हैं।

उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे कम दूरी की यात्रा के लिए साइकिल का उपयोग करें, सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करें और जब भी संभव हो घर से ही काम करने सहित अन्य उपाय करें। पर्यावरण मंत्री ने बताया कि सर्दियों से संबंधित कार्य योजना को मजबूत करने के लिए एमसीडी, पीडब्ल्यूडी, सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग, परिवहन, डीटीसी, मेट्रो, शिक्षा और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ शुक्रवार को एक अंतर-विभागीय बैठक की गई।

दिल्ली के अंदर प्राइवेट निर्माण तथा विध्वंस की गतिविधियों पर बैन लगाया जा रहा है। निर्माण तथा विध्वंस पर बैन से कुछ विभागों को छूट दी जा रही है लेकिन उन्हें निर्माण तथा विध्वंस के लिए जारी दिशा-निर्देशों का पालन करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि 200 मोबाइल एंटी स्मॉग गन जो दिल्ली को सड़कों पर छि?काव कर रहे हैं, वे अब तीन शिफ्ट में चल रहे हैं . इसकी मॉनिटरिंग के लिए वॉर रूम में नोडल अधिकारी बनाया गया है। रूरी सामान और सेवा से जुड़े वाहनों को इसमें छूट है। एनसीआर से आने वाली इंटरस्टेट सिर्फ इलेक्ट्रिक बसों, सीएनजी बसों और बीएस-6 डीजल बसों को आने की छूट दी गई है। साथ ही ऑल इंडिया टूरिस्ट परमिट वाली बसों, टेम्पो ट्रैवलर को भी छूट दी गई है।



### राजधानी के स्कूलों में मास्क लगाना अनिवार्य

**नई दिल्ली।** दिल्ली में बढ़ते वायु प्रदूषण के मद्देनजर प्राथमिक कक्षाएं ऑनलाइन करने के निर्देश के बाद विभिन्न स्कूल छठी और उससे ऊपर की कक्षा के छात्रों की सुरक्षा के लिए उपाय के तहत सभी छात्रों के लिए मास्क लगाना अनिवार्य करने के साथ बाहरी गतिविधियों पर रोक लगा दिया गया है। द्वारका में आईटीएल पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य सुधा आचार्य ने कहा, हमने स्कूल आने वाले छात्रों के लिए दिशानिर्देश लागू किए हैं। द्वारका में इंद्रप्रस्थ इंटरनेशनल स्कूल के प्रधानाचार्य राजीव हसीजा ने कहा कि शिक्षक ऑनलाइन पढ़ाई को प्रभावी ढंग से सुविधाजनक बनाने के लिए पूर्ण पाठ्यक्रम से लैस माइक्रोसॉफ्ट टीम सॉफ्टवेयर और स्मार्टबोर्ड का उपयोग कर रहे हैं।

# दिल्ली में 900 करोड़ रुपये मूल्य की 82.53 किलोग्राम कोकीन जब्तः शाह

- केंद्रीय गृहमंत्री ने एक्स पर पोस्ट कर मादक पदार्थ के पकड़े जाने की दी जानकारी

**पायनियर समाचार सेवा ।** नई दिल्ली

नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में 900 करोड़ रुपये मूल्य की 82.53 किलोग्राम उच्च श्रेणी की कोकीन जब्त की।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर इस कार्रवाई की जानकारी देते हुए घोषणा की कि नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने शक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में 900 करोड़ रुपये मूल्य की 82.53 किलोग्राम उच्च श्रेणी की कोकीन जब्त की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा कि एक ही दिन में अवैध ड्रग्स के खिलाफ लगातार दो बड़ी सफलताएं मोदी सरकार के नशा मुक्त भारत बनाने के अटूट संकल्प को दर्शाती हैं।

शाह ने कहा, एनसीबी ने शुक्रवार को नई दिल्ली में 82.53 किलोग्राम उच्च श्रेणी की कोकीन जब्त की। दिल्ली के एक कूरियर सेंटर में बड़ी मात्रा में ड्रग्स जब्त किए जाने के बाद लगभग 900 करोड़ रुपये मूल्य की बड़ी ड्रग खेप के लिए ट्रैक किया गया। मंत्री ने कहा, ड्रग रैकेट के खिलाफ हमारी तलाश और भी कड़ाई के साथ जारी रहेगी।

एनसीबी के एक बयान के अनुसार, जांच से पता चला है कि ड्रग सिंडिकेट को विदेश में रहने वाले एक समूह द्वारा संचालित किया जा रहा था और जब्त किए गए प्रतिबंधित पदार्थों की कुछ मात्रा को कूरियर/छोटी कार्गो सेवाओं के माध्यम से ऑस्ट्रेलिया भेजा जाना था। इस मामले में शामिल लोग मुख्य रूप से 'हवाला ऑपरेटर' हैं और एक-दूसरे के लिए गुमनाम हैं, जो ड्रग डीलिंग पर दिन-प्रतिदिन की बातचीत के लिए छद्म नामों का उपयोग करते हैं।

इससे पहले दिन में, शुक्रवार को पोरबंदर के आसपास गुजरात तट से भारतीय जलक्षेत्र से लगभग 700 किलोग्राम मेथमफेटामाइन, 2,500-3,500 करोड़ रुपये मूल्य के नशीले पदार्थों की एक सिंथेटिक मनोरंजक किस्म जब्त की गई थी। एनसीबी ने कहा, भारतीय जलक्षेत्र में लगभग 700 किलोग्राम मेथमफेटामाइन की एक बड़ी खेप को रोका गया।

इस ऑपरेशन के दौरान, आठ विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया, जो ईरानी होने का दावा करते हैं। इससे पहले अक्टूबर में 13,000 करोड़ की ड्रग्स जब्त की गई थी। 13 अक्टूबर को दिल्ली और गुजरात पुलिस ने गुजरात के अंकलेश्वर से 5,000 करोड़ रुपये की 518 किलोग्राम कोकीन जब्त की और पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया।

इससे पहले 1 अक्टूबर को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने महिपालपुर के एक गोदाम पर छापा मारा और 562 किलोग्राम कोकीन और 40 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक मारिजुआना की खेप जब्त की।

10 अक्टूबर को जांच के दौरान दिल्ली के रमेश नगर की एक दुकान से करीब 208 किलोग्राम अतिरिक्त कोकीन बरामद की गई। ड्रग्स को टेस्टी ट्रीट और चटपटा मिक्सचर लिखे स्नैक्स स्नैक्स के प्लास्टिक पैकेट में छिपाया गया था। पीटीआई की रिपोर्ट के अनुसार, एक छोटी सी दुकान से कार्टन में रखे ऐसे करीब 20-25 पैकेट बरामद किए गए।

अमित शाह ने एक्स पर कहा था, मैं दिल्ली पुलिस को 13,000 करोड़ रुपये की ड्रग्स जब्त करने के सफल ऑपरेशन की श्रृंखला के लिए बधाई देता हूं, जिसमें हाल ही में गुजरात पुलिस द्वारा 5,000 करोड़ रुपये की कोकीन बरामद करना भी शामिल है। ड्रग्स और नार्को व्यापार के खिलाफ अभियान बिना किसी ढिलाई के जारी रहेगा।

# पूर्व विधायक वीर सिंह धींगान का आप में शामिल



धींगान को आप में शामिल करते पूर्व सीएम केजरीवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले शुक्रवार को कांग्रेस के तीन बार के सीमापुरी से विधायक वीर सिंह धींगान आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए। आप प्रमुख एवंर अरविंद केजरीवाल ने उन्हें पार्टी मुख्यालय पर टोपी और पटका पहनाकर पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर दौरान अरविंद केजरीवाल ने कहा कि वीर सिंह धींगान के आने से आम आदमी पार्टी की ओर से दलित समाज के लिए किए जा रहे कार्यो को मजबूती मिलेगी। इससे पहले, 10 नवंबर को सीलमपुर से पांच बार विधायक रहे कांग्रेस के बड़े नेता चौधरी मतीन अहमद आम आदमी पार्टी में शामिल हुए थे। जबकि मतीन अहमद के बेटे और बहू भी कुछ दिन पहले कांग्रेस छोड़कर आप में शामिल हो गए थे। केजरीवाल ने कहा, वीर सिंह धींगान ने सीमापुरी क्षेत्र में काफी काम किया है। उन्होंने जनता की सेवा की है और जनता आज भी उन्हें याद करती है।

### युवक की चाकू घोंपकर हत्या, आरोपी की तलाश

**नई दिल्ली।** भलस्वा डेयरी क्षेत्र में एक युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। मृतक की शिनाख्त गौतम के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि युवक ने आरोपी को अभद्रता से बुलाया और उसके बाद उससे दुकान से टॉफी मंगवाई। युवक टॉफी के साथ चाकू लेकर आया और हमला कर फरार हो गया। बताया जा रहा है कि आरोपी नाबालिग है। पुलिस का दावा है कि आरोपी की पहचान कर ली गई है और उसको पकड़ने के लिए पुलिस दबिश दे रही है।

मृतक भलस्वा डेयरी क्षेत्र में फलों की रेहड़ी लगाता था। स्थानीय लोगों के मुताबिक गौतम घर के पास ही एक प्लॉट के बाहर बैठा हुआ था। आरोप है कि उसने एक लड़के को अभद्र भाषा का इस्तेमाल कर अपने पास बुलाया। लड़का उसके पास आया तो उसने दुकान से टॉफी और कुछ अन्य सामान लेकर आने को कहा। आरोपी कुछ देर बाद टॉफी और अन्य सामान के साथ चाकू लेकर वहां पहुंचा।

# नगर निगम का पहला महापौर जिसे बहुमत नहीं : भाजपा

- राजा इकबाल सिंह ने कहा, पार्षदों ने भ्रष्टाचार और कुनीतियों के खिलाफ डाला वोटा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष सरदार राजा इकबाल सिंह एवं दिल्ली भाजपा प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने शुक्रवार को पत्रकार वार्ता में कहा की 250 पार्षदों के दिल्ली नगर निगम सदन में वर्तमान में 249 पार्षद हैं। आम आदमी पार्टी के महापौर पद के प्रत्याशी को केवल 118 पार्षदों के वोट मिले जिसका सीधा मतलब है की अब आम आदमी पार्टी के पास दिल्ली नगर निगम में चुने हुए पार्षदों का बहुमत नही है।

सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा है की 249 पार्षदों वाले सदन में आम आदमी पार्टी प्रत्याशी को केवल 133 वोट मिले जिसमे से 15 वोट सांसद विधायकों के हैं। सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा की दिल्ली नगर निगम के इतिहास में यह पहला मौका है की एक ऐसा व्यक्ति महापौर चुना गया है जिसे पार्षदों का बहुमत समर्थन प्राप्त नही है।

प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है सही मायने में देखें तो जिस तरह आप पार्षदों ने बिना पार्टी छोड़े अपनी पार्टी के महापौर प्रत्याशी के विरूद्ध वोट डाला है वह साफ करता है की इन पार्षदों ने आम आदमी पार्टी में बढ़ते भ्रष्टाचार और खासकर पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवाल की कुनीतियों के खिलाफ वोट डाला है। भाजपा नेताओं ने कहा है की हम शीघ्र उपराज्यपाल महोदय के संज्ञान में यह लायेंगे की आम आदमी पार्टी अब अपने पार्षदों का समर्थन खो चुकी है और उसे अब निगम सत्ता में बने रहने का नैतिक अधिकार नही है।

# पड़ोसी को रॉड मारकर छत से फेंका, मौत

- पत्नी से मारपीट कर रहा था युवक, बचाने गया था पीड़ित

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



भलस्वा डेयरी इलाके में जब एक व्यक्ति ने पड़ोसन को उसके पति द्वारा पीटते हुए देखा तो वह उसको छुड़ाने गया और आरोपी से गाली गलौच करने से मना किया। आरोपी ने गुस्से में आकर पहले पड़ोसी से गाली गलौच की और फिर उससे हाथापाई कर लोहे की रॉड मारकर छत से नीचे फेंक दिया। जिससे पड़ोसी की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

पुलिस ने वारदात के कुछ ही घंटे बाद आरोपी धीरज (42) को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल लोहे की रॉड भी जब्त कर ली। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते बुधवार को भलस्वा डेयरी पुलिस को एक पीसीआर कॉल मिली थी।

कॉलर ने बताया कि एक पड़ोसन ने उसके चाचा के सिर में डंडा मार दिया था और छत से गिरा दिया था जिस वजह से उसके चाचा एक्सपायर हो गए हैं जिन्हें बाबू जगजीवन राम अस्पताल लेकर गए हैं। पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक की पहचान रण सिंह के रूप में हुई। जो परिवार के साथ ब्लॉक बी, गली नंबर 8, मुकुंदपुर में रहते थे। वारदात वाली जगह की सीढ़ियों पर खून बिखरा हुआ था। पुलिस ने क्राइम और फॉरेंसिक टीम की मदद से सबूत इक्ट्ठा किये।

परिजनों से पूछताछ करने पर पता चला कि आरोपी धीरज पड़ोसियों को गाली-गलौज कर रहा था और अपनी पत्नी को भी पीट रहा था। उसके पड़ोसी रण सिंह ने गाली-गलौज का विरोध किया और आरोपी के घर गया जहां आरोपी ने लोहे की रॉड से उसके सिर पर वार किया घायल व्यक्ति प्रथम तल से सीढ़ियों पर गिर गया और सिर पर चोट लगने के कारण बेहोश हो गया। घायल के परिजनों ने उसे बाबू जगजीवन राम अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया। आरोपी के ठिकानों पर छापेमारी करके उसे गिरफ्तार कर लिया।

# प्रत्येक जोन से चुना जाएगा सर्वश्रेष्ठ शिक्षक

- नगर निगम ने शुरू की पहल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और निगम स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों को प्रोत्साहित करने के उदेश्य से एक विशेष पहल शुरू की है जिसके तहत अब हर माह प्रत्येक जोन से बेस्ट टीचर चुना जाएगा।

इसके लिए शिक्षा विभाग द्वारा आदेश जारी किया गया है कि प्रत्येक जोन के डीडीई/एडीई सम्बन्धित जोन में कार्यरत एक सर्वश्रेष्ठ शिक्षक के नाम की सिफारिश करेंगे जिसके पास 31 अक्टूबर 2024 तक पांच साल का अनुभव हो इसके अलावा उपस्थिति/नियमितता, छात्रों की उपलब्धियां, प्रशिक्षण, स्कूल के टीम सदस्यों को सहयोग, अनुशासन, अभिभावकों और एसएमसी सदस्यों के साथ समन्वय आदि मापदंड निर्धारित किये गए हैं। सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों में प्रेरणा, अनुशासन, नवाचार, कड़ी मेहनत, बच्चों के साथ सहानुभूति, अतिरिक्त जिम्मेदारी लेना जैसे गुणों को प्राथमिकता दी जाएगी। शिक्षक यह निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं कि छात्र कितना सीखते हैं। उन्हें अपना काम अच्छी तरह से करने के लिए समर्थन और प्रेरणा की जरूरत होती है। इसी दृष्टिकोण के आधार पर दिल्ली नगर निगम द्वारा यह पहल शुरू की गई है।

दिल्ली नगर निगम ने अपने विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्रों को विशेष महसूस कराने के लिए विभिन्न गतिविधियां प्रार्थना सभा में आयोजित करने की योजना बनाई हैं दिल्ली नगर निगम के शिक्षा विभाग ने सभी प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया है कि प्रार्थना सभा में उपस्थित सभी अध्यापक एवं छात्र/छात्राओं द्वारा जन्मदिन की शुभकामनाएं दी जाएंगी। निगम के विद्यालयों में इस पहल का शुभारंभ सोमवार 25 नवंबर से किया जाएगा। दिल्ली नगर निगम के विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र /छात्रा को जन्मदिन के दिन ताज और जन्मदिन सैश पहनाया जाएगा और विद्यालय से घर जाते समय उतार कर विद्यालय में रखे जाएंगे।

### राजधानी में नॉर्थ 12वें ईस्ट फेस्टिवल का आगाज

**नई दिल्ली।** नॉर्थ ईस्ट फेस्टिवल का 12वां संस्करण का शुक्रवार को राजधानी के मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में रंगारंग और जीवंत शुरुआत के साथ शुरू हुआ।

आठ पूर्वोत्तर राज्यों के सार को प्रदर्शित करने और 200 से अधिक समुदायों को एकजुट करने वाला यह उत्सव एक जीवंत उद्घाटन समारोह के साथ शुरू हुआ, जिसमें दीप प्रज्ज्वलन और प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों का अभिनंदन किया गया।

इस अवसर पर नॉर्थ ईस्ट फेस्टिवल के मुख्य आयोजक श्यामकाणु महंत, अरुणाचल प्रदेश केपर्यटन मंत्री, तेमजेन इम्ना अनोंग, नागालैंड के पर्यटन मंत्री समेत कई अधिकारी व दर्शक मौजूद थे।

# ट्रैफिक पुलिस यातायात के प्रति दर्शकों को कर रही जागरूक

- ट्रेड फेयर में विशेष पुलिस आयुक्त ने किया कियोस्क का उद्घाटन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली यातायात पुलिस ने भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले (ट्रेड फेयर) में आने वाले दर्शकों को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक कर रहा है। इस संबंध में शुक्रवार को स्टॉल नंबर 14, ग्राउंड फ्लोर, भारत मंडपम, प्रगति मैदान में एक यातायात कियोस्क स्थापित किया है। कियोस्क का उद्घाटन विशेष पुलिस आयुक्त अजय चौधरी द्वारा किया गया।

कियोस्क का उद्देश्य लोगों के बीच यातायात नियमों का पालन करने के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और हेल्पलाइन नंबरों के माध्यम से दिल्ली यातायात पुलिस से जुड़ने के तरीके के बारे में जानकारी प्रदान करना है। कियोस्क की एक प्रमुख विशेषता यह है कि इसमें हाई-डेफिनिशन कैमरों का उपयोग करके लाल बत्ती जंपिंग और तेज गति से वाहन चलाने के उल्लंघन को कैसे कैद किया जाता है, इसका लाइव प्रदर्शन शामिल है।

## संक्षिप्त समाचार

### गरीबी के आधार पर मिले आरक्षण : मणींद्र




**नई दिल्ली।** देश में आरक्षण जाति के बजाय गरीबी के आधार पर होनी चाहिए। यह मांग वीर जनशक्ति पार्टी (वीजेपी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. मणीन्द्र जैन ने प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में की। उन्होंने कहा कि पार्टी अगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव में अपने प्रत्याशी उतारेगी। उन्होंने कहा, हमारा किसी भी पार्टी से कोई बैर नहीं है। हमारा एक ही मकसद है देश की प्रगति और सनातन धर्म की रक्षा। दिल्ली प्रदेश के सदस्य पवन शर्मा ने एमसीडी के 80 फीसद बच्चों को देखने का दावा किया। प्रेस कांफ्रेंस में धरणोन्द्र कुमार जैन, महेंद्र तुरखिया, सुकृति जैन, विशन सिंह, एचएन शर्मा, विपिन गुप्ता, आरके त्रिवेदी, सुदेश जैन, प्रदुमन जैन, पुष्पेंद्र मलिक, डॉ. इंदु जैन मौजूद थीं।

### गुरू पर्व शोभा यात्रा का किया स्वागत अभिनंदन

**नई दिल्ली।** श्री गुरू नानक देव जी के 555वें प्रकाश उत्सव के अवसर पर शुक्रवार को दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा, भाजपा संसदीय बोर्ड सदस्य सरदार इकबाल सिंह लालपुरा एवं केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने पूर्वी दिल्ली के मयूर विहार में निकाली गई नगर कीर्तन शोभा यात्रा में सम्मिलित होकर सभी का स्वागत अभिनंदन किया। इस अवसर पर मयूर विहार भाजपा के जिलाध्यक्ष विजेन्द्र धामा भी उपस्थित थे। वीरेन्द्र सचदेवा ने शोभा यात्रा में निकाले गये 'निशान साहब' के समक्ष माथा टेका और पंज प्यारों का माल्यार्पण कर स्वागत किया और मयूर विहार स्थित अपने निवास के बाहर केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा के साथ सामूहिक लंगर का वितरण किया। वीरेन्द्र सचदेवा एवं हर्ष मल्होत्रा ने दिल्ली वासियों को कार्तिक पूर्णिमा एवं गुरु नानक देव जी के प्रकाश उत्सव की बधाई दी। वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश के सिख समाज के लिए अभी तक लिए गए फैसलों पर सिख समाज के हर शख्स को नाज है।

### राजधानी में मनाई गई देव दिवाली



**नई दिल्ली।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर राजधानी के द्वारका में दीपों से रोशन कर देव दिवाली मनाया गया। इस अवसर पर द्वारका के वेगस मॉल में संत अजय भाई की अगुवाई में भजनों और भक्तिमय गीतों के साथ भव्य आरती का आयोजन किया गया। मान्यता के अनुसार आज के दिन देवता दिवाली मनाते हैं। इस अवसर पर वेगस मॉल के वाइस प्रेसिडेंट, रविंद्र चौधरी ने इस आयोजन को द्वारका के लोगों के लिए एक सांस्कृतिक अनुभव बताया।

# चौथा चरणः नई रंग रूप में नजर आए मेट्रो कोच

- ट्रेन सेट को मुकुंदपुर डिपो में खड़ा किया, कई परीक्षणों से गुजरना होगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली मेट्रो द्वारा अपने चौथे चरण के संचालन के लिए खरीदी गई छह कोचों वाली पहली मेट्रो ट्रेन शुक्रवार को दिल्ली पहुंच गई। दिल्ली मेट्रो के चौथे चरण के प्राथमिकता वाले कॉरिडोर को पूरा करने और चालू करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुई।

इस ट्रेन सेट का उद्घाटन इस साल की शुरुआत में 23 सितंबर को डीएमआरसी और एल्सटॉम के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में चेन्नई के पास श्रीसिटी में रोलिंग स्टॉक निर्माता एल्सटॉम की फैक्ट्री में पहले ट्रेनसेट की सभी 6 कारों का निर्माण पूरा होने के बाद किया गया था। ट्रेन को दिल्ली मेट्रो के मुकुंदपुर डिपो में खड़ा किया गया, जहां इसे स्थापित नियमों और प्रोटोकॉल के तहत राजस्व सेवा के लिए वैधानिक प्रमाणन के लिए आवश्यक कई परीक्षणों से गुजरना होगा। आरएस-17 अनुबंध के तहत डीएमआरसी को अपने चरण-4 प्राथमिकता वाले कॉरिडोर यानी मजलिस पार्क से मौजपुर, जनकपुरी पश्चिम से आर के आश्रम मार्ग और तुगलकाबाद से दिल्ली एरोसिटी के लिए कुल 312 मेट्रो कोच (52 ट्रेनें) प्राप्त होंगी। आने वाले दिनों में सभी ट्रेनें चरणबद्ध तरीके से दिल्ली पहुंचेंगी। 312 कोचों में से 234 कोच लाइन-7 (पिंक लाइन) और लाइन-8 (मैजेंटा लाइन) के विस्तारित खंडों, यानी मजलिस पार्क से मौजपुर और जनकपुरी पश्चिम से आर के आश्रम मार्ग के लिए आवंटित किए गए हैं।

शेष 78 कोच तुगलकाबाद से दिल्ली एरोसिटी कॉरिडोर के लिए हैं। ये सभी ट्रेनें चालक रहित परिचालन के लिए अनुकूल होंगी, जो दिल्ली मेट्रो के अपने यात्रियों को विश्व स्तरीय सेवाएं प्रदान करने के प्रयासों के अनुरूप होंगी और भारत सरकार की मेक इन इंडिया पहल को बढ़ावा देंगी।

भारत में बनी इन ट्रेनों को 95 किलोमीटर प्रति घंटे की सुरक्षित गति और 85 किलोमीटर प्रति घंटे की परिचालन गति के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिसमें 4 ड्राइवरलेस सुविधाएँ हैं। मजेंटा लाइन के जनकपुरी पश्चिम-आरके आश्रम मार्ग विस्तार में 144 नए कोच (24 ट्रेनें) मिलेंगे, जबकि पिंक लाइन के मुकुंदपुर-मौजपुर विस्तार में 90 नए कोच (15 ट्रेनें) मिलेंगे। जैसा कि ऊपर बताया गया है, एरोसिटी से तुगलकाबाद तक के नए गोल्डन लाइन कॉरिडोर में 78 नए कोच (13 ट्रेनें) दिए जाएंगे। दिल्ली मेट्रो के चरण 4 विस्तार के हिस्से के रूप में राजधानी में पाँच अलग-अलग कॉरिडोर में 86 किलोमीटर नई लाइनें बना रहा है। जबकि तीन कॉरिडोर-जनकपुरी पश्चिम-आरके आश्रम मार्ग, मजलिस पार्क- मौजपुर और एरोसिटी- तुगलकाबाद निर्माणाधीन हैं। अन्य दो नए कॉरिडोर, लाजपत नगर - साकेत-जी ब्लॉक और इंद्रप्रस्थ-इंद्रलोक प्री-टेंडरिंग चरणों में हैं। दिल्ली मेट्रो वर्तमान में 288 मेट्रो स्टेशनों (नोएडा-ग्रेटर नोएडा कॉरिडोर और रैपिड मेट्रो, गुरुग्राम सहित) के साथ 392.4 किलोमीटर के नेटवर्क पर काम करती है, जिसमें ब्रॉड गेज और स्टैंडर्ड गेज दोनों ट्रैक पर चार, छह और आठ कोच के संयोजन वाली लगभग 350 मेट्रो ट्रेनें हैं।

### सीजीएचएस पैनल से 19 अस्पताल निलंबित

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) के पैनल में शामिल दिल्ली-एनसीआर के 19 अस्पतालों को धोखाधड़ी वाली गतिविधियों में लिप्त होने के कारण अगले आदेश तक निलंबित कर दिया गया है। इन 19 अस्पतालों में से चार दिल्ली में और आठ नोएडा में हैं।

गत 11 नवंबर को जारी किए गए आदेश में कहा गया, ये स्वास्थ्य सेवा संस्थान (एचसीओ) फर्जी और जाली बिल बनाकर, लाभार्थियों और उनके परिवार के सदस्यों को एक साथ कई बार और समय-समय पर भर्ती करके धोखाधड़ी की गतिविधियों में लिप्त पाए गए। इसमें कहा गया, सक्षम प्राधिकारी द्वारा मामले को बहुत गंभीरता से लिया गया और अगले आदेश तक 19 स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं की सूची को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का निर्णय लिया।

# महाकुंभ को फायर फ्री जोन बनाने की योजना, सुरक्षा के विशेष इंतज़ाम

- अधिक मैनपावर और वाहनों को किया गया तैनात
- 4 जोन में 107 बीटों के रक्षक करेंगे 45 करोड़ श्रद्धालुओं की सुरक्षा
- चिकित्सक और जन औषधि केंद्रों से युक्त आधुनिक वाटर कंट्रोल रूम

**संवाददाता।** प्रयागराज

**महाकुंभ** को श्रद्धालुओं के लिए हर तरह से सुरक्षित किए जाने को लेकर योगी सरकार ने व्यापक तैयारियां की हैं। महाकुंभ के दौरान आग की घटनाओं पर काबू पाने के लिए मैनपावर और स्पेशल फायर व्हीकल्स की संख्या में भारी वृद्धि की गई है। वहीं अत्याधुनिक डिवाइसेज को भी तैनात किए जाने की योजना है। प्रत्येक सेक्टर में दमकल कर्मियों की ड्यूटी लगाई जा रही है। आग की घटनाओं की मॉनीटरिंग के लिए एआई से लैस फायर डिटेक्शन कैमरों




को इंस्टॉल किया गया है।

वहीं रिस्पॉन्स टाइम को भी महज 2 मिनट का रखा गया है ताकि किसी तरह की घटना पर मिनटों में काबू पाया जा सके। सरकार का पूरा प्रयास यही है कि इस बार का महाकुंभ पूरी तरह जीरो फायर इंसिडेंट के रूप में संपन्न हो और अग्निशमन विभाग की ओर से इसी दिशा में काम किया जा रहा है। प्रयागराज के मुख्य अग्निशमन अधिकारी और महाकुंभ के नोडल अधिकारी प्रमोद शर्मा ने बताया कि इस बार महाकुंभ को जीरो फायर इंसिडेंट बनाने का पूरा प्रयास होगा। इसके लिए व्यापक तैयारी की गई है। इसके लिए एडवांस रेस्क्यू टेंडर तैनात किए जा रहे हैं। दो सौ स्पेशल ट्रेन्ड रेस्क्यू ग्रुप को तैनात किया जा रहा है।

वहीं अखाड़ों में आग की घटनाओं को काबू करने के लिए पांच हजार स्पेशल फायर एक्स्टींगुशर प्रदान किए जा रहे हैं। यही नहीं मेले में बड़ी संख्या में एआई लाइसेंस वाले फायर डिटेक्शन कैमरों को भी इंस्टॉल किया जा रहा है। यह कैमरे भी पहली बार उपयोग में लाए जा रहे हैं जो आग की घटनाओं पर नजर रखेंगे और यदि कहीं इस तरह की घटना होती है तो तत्काल कंट्रोल रूम के माध्यम से चंद सेकेंड्स में फायर स्टेशन को सूचना मिल सकेगी। सूचना मिलते ही दो मिनट के अंदर दमकल की गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंचेंगी और आग पर काबू पाने का प्रयास करेंगी।

महाकुंभ 2025 को सनातन धर्म का सबसे बड़ा आयोजन बनाने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार हर आपात स्थिति से निपटने की तैयारी कर रही है। दुनिया के सबसे बड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम को देखते हुए 45 करोड़ लोगों की सुरक्षा का पूरा प्लान तैयार कर लिया गया है। इसके लिए जल पुलिस के लिहाज से चार जोन का सुरक्षा घेरा बनाया गया है। जिसमें बाकायदा 107 बीटों में बंटे सुरक्षा कर्मी देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की हिफाजत के लिए मौके पर तैनात रहेंगे।

यहां कुल 10 कंपनी पीएसी एसडीआरएफ एनडीआरफ और 141 सुरक्षाकर्मियों के अलावा 700 नावों पर रक्षक तैनात किए जा रहे हैं। इनके साथ स्वास्थ्य कर्मियों की कई टीमें मिलकर काम कर रही हैं। आईजी पीएसी पूर्वी जोन डॉ राजीव नारायण मिश्र ने बताया कि महाकुंभ में 10 कंपनी पीएसी देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए मुस्तैद रहेगी। महाकुंभ के दौरान यहां प्रयागराज में देश विदेश से करीब 45 करोड़ श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है। संगम में स्नान करने के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा का विशेष इंतजाम किया गया है। जिसमें सुरक्षा कर्मियों को 107 बीटों में बांटा गया है। यही नहीं स्नानार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न होने पाए इसके लिए बाकायदा चिकित्सक और जन औषधि केंद्रों से युक्त आधुनिक वाटर कंट्रोल रूम बनाए जा रहे हैं।

जल पुलिस अलग से थाने और चौकियों के साथ 16 सब कंट्रोल रूम बनाने की तैयारी में लगी है। जिससे पलक झपकते ही श्रद्धालुओं को हर सुविधा मुहैया कराई जा सके।

उन्होंने बताया कि कोई अनहोनी न होने पाए इसके लिए थर्मो प्लास्टिक के फ्लोटिंग ब्लाक्स को जोड़कर बैरिकेडिंग बनाई जा रही है। जिस पर 24 घंटे पुलिस कर्मी तैनात किए जाएंगे।

### हर सेक्टर में तैनात किये जाएंगे दमकल कर्मी

**प्रयागराज।** बताया गया कि 2019 कुंभ की तुलना में इस बार अधिक मैनपावर और अधिक व्हीकल्स को डेप्लॉय किया जा रहा है। 2019 में जहां 43 टेंपरेरी फायर स्टेशन बनाए गए थे। वहीं 2025 महाकुंभ में 50 टेंपरेरी फायर स्टेशन बनाए जा रहे हैं। इसी तरह 2019 के 15 टेंपरेरी फायर पोस्ट की जगह इस बार 20 टेंपरेरी फायर पोस्ट बनाई जा रही हैं। 43 फायर वॉच टॉवर की तुलना में इस बार 50 फायर वॉच टॉवर होंगे, जबकि 4200 की जगह 7000 से अधिक फायर हाइड्रेंट्स लगाए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त 75 की जगह इस बार 150 से ज्यादा फायर रिजर्व वाटर टैंक्स को उपयोग किया जाएगा।

मैनपावर की बात करें तो 2019 में 1551 कर्मियों को यहां डेप्लॉय किया गया था। जबकि इस बार यह संख्या बढ़कर 2071 कर दी गई है। इसी तरह 2019 में कुल 166 व्हीकल्स का डेप्लॉयमेंट था तो इस बार यह संख्या लगभग दोगुनी बढ़कर 351 हो गई है। 2013 में कुल 612 फायर इंसिडेंट हुए थे जहां 6 लोगों की जान गई थी और 15 बर्न इंजरीज हुई थीं तो वहीं 2019 में योगी सरकार ने कुंभ के दौरान चाक चौबंद प्रबंध किए जिससे पूरे कुंभ के दौरान 55 फायर इंसिडेंट्स के बावजूद न ही कोई बर्न इंजरी हुई और न ही किसी की जान गई इससे भी आगे बढ़कर 2025 महाकुंभ में योगी सरकार अधिक मैनपावर अधिक गाड़ियां और अधिक सतर्कता बरतते हुए फायर इंसिडेंट्स की संख्या को भी जीरो करने का प्रयास कर रही है।

इसके लिए अत्याधुनिक डिवाइसेज इस्तेमाल किए जा रहे हैं। कई ऐसे डिवाइसेज भी हैं जो पहली बार यहां उपयोग में लाए जाएंगे। इसके साथ ही महाकुंभ में तैनात सभी दमकल कर्मियों की स्पेशल ट्रेनिंग भी कराई गई है। सभी कोर ग्रुप्स के प्रैक्टिकल सेशन की भी व्यवस्था की गई है। एक्सटर्नल आडिट के लिए उत्तराखंड फायर एंड इमरजेंसी सर्विस के साथ एमओयू किया गया है। वहीं नेशनल फायर सर्विस कॉलेज नागपुर के साथ भी एमओयू किया गया है।

### महाकुंभ की गाथा और प्रयाग का महात्म्य बताएंगे ई रिक्शा चालक

**उत्तर प्रदेश** की योगी सरकार प्रदेश में पारम्परिक भारतीय मूल्यों और अतिथि देवो भव की संकल्पना को साथ लेते हुए पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं और वातावरण प्रदान कर रही है। प्रयागराज महाकुंभ इसके लिए बड़ा मंच प्रदान कर रहा है। प्रयागराज शहर के ई रिक्शा चालकों को संस्कारवान बनाने की आज से हुई शुरुआत इसी का हिस्सा है। पर्यटन विभाग को इसकी जिम्मेदारी दी गई। महाकुंभ आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों की प्रयागराज पहुंचने पर सबसे पहले भेंट होती है यहां टैक्सी चालक या ई रिक्शा चालकों से। इन चालकों के बर्ताव आगंतुकों से संवाद और उनके तौर तरीके से भी कुंभ नगरी की छवि तय करेंगे। ऐसे में इनकी सॉफ्ट स्किल की ट्रेनिंग की जरूरत को देखते हुए आज से ई रिक्शा चालकों की ट्रेनिंग भी पर्यटन विभाग की तरफ से शुरू हुई है। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह बताती हैं कि एक हजार ई रिक्शा चालकों का प्रशिक्षण देने का अभियान आज से शुरू हुआ है। पहले दिन सौ ई रिक्शा चालकों को प्रशिक्षण दिया गया है। इस अभियान का उद्देश्य रिक्शा चालकों का स्किल डेवलेपमेंट और उनके बर्ताव को आगंतुकों के प्रति और बेहतर बनाना है।

## आईएएस प्रशिक्षुओं का फूल और अंगवस्त्रों से किया गया सम्मान



**चन्दौली।** सकलडीहा विकास खंड के कम्हारी गांव में गुरूवार को प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन पर ग्राम प्रधान और ग्रामीणों की ओर से अंगवस्त्र और मालाफूल पहनाकर सम्मानित किया गया । वही सकलडीहा सीएचसी पर सीएचसी अधीक्षक डा. संजय यादव ने पौधा देकर सम्मानित किया। इस मौके पर आईएएस अधिकारियों ने विभिन्न विकास कार्यो के बारे में विस्तार से जानकारी लिया। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख अवधेश सिंह व बीडीओ सहित राजस्व कर्मी नोडल अधिकारी राजेश नायक के साथ डटे रहे।

विकास खंड के कम्हारी गांव में आईएएस प्रशिक्षु का दल बीते सोमवार को पहुंचकर नजदीक ग्रामीणों से मिलकर से प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसके साथ ही गांव में हुए विकास कार्यो के बारे में जानकारी लिया। गांव में पंचायत भवन से लेकर आंगनाबाड़ी केन्द्र,शिक्षा और स्वास्थ्य के बारे में भी जानकारी हासिल किया। महिला समूह के विकास और आत्मनिर्भरता पर जानकारी प्राप्त किया। इसके बाद सीएचसी पहुंचकर स्वास्थ्य सेवा के बारे में प्राथमिक प्रशिक्षण और जानकारी ली।

## बिरसा मुंडा जी के आदर्श, युवाओं के लिए प्रेरणास्रोतः डीएम

- जनजाति गौरव दिवस के रूप में मनाई गई बिरसा मुंडा की जयंती

**संवाददाता।** सोनभद्र

**भगवान** बिरसा मुंडा की जयन्ती को जनजाति गौरव दिवस के रूप में सेवाकुंज आश्रम चपकी मे मनाया गया, इस अवसर पर जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह व पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा, राष्ट्रीय संयोजक अखिल भारतीय जनजाति रक्षामंच गणेश राम भगत उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति/जनजाति आयोग जीत सिंह खरवार, सेवाकुंज आश्रम के संचालक आनन्द सीडीओ जागृति अवस्थी ने दीप प्रज्ज्वलन कर भगवान बिरसा मुंडा व रानी दुर्गावती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित समुदाय को सम्बोधित करते हुए कहा कि भगवान बिरसा मुंडा जी के आदर्श न जनजाति बल्कि देश के



सभी समुदायों के युवाओं के लिए गर्व व प्रेरणा के स्त्रोत हैं, बिरसा मुंडा जी ने देश की आजादी में कठिन संघर्ष किया, जनजाति गौरव दिवस 15 से 26 नवम्बर,2024 तक मनाया जा रहा है, जनजाति समुदाय के लोगों को वनाधिकार के पट्टे का भी वितरण भी किया गया। उन्होनें कहाकि जनजाति समुदाय के विकास के लिए जनपद के जनजाति बाहुल्य ग्रामों को चयनित किया गया है, जिन्हें प्रदेश सरकार द्वारा संचालित 17 प्रकार की योजनाओं के माध्यम से विकसित किया जायेगा। और सरकार की मंशा के अनुरूप जनजाति समुदाय को मुख्य धारा में जोड़ने का कार्य भी किया जा रहा है। इस मौके पर उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति/जनजाति आयोग जीत सिंह खरवार, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक व मुख्य विकास अधिकारी ने आश्रम में स्थाापित श्रीकृष्ण गौसेवा केन्द्र में हवन पूजन कर गौसेवा केन्द्र का शुभारंभ किया गया।

भगवान बिरसा मुंडा की जयन्ती के अवसर पर जनजाति समुदाय के स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा करमा नृत्य के साथ ही जनजाति से जुड़े विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य रूप से प्रस्तुति दी गयी।

सेवाकुंज आश्रम में संचालित तीरंदाजी के बच्चो से जिलाधिकारी ने वार्ता किया और स्वयं तीर से निशाना भी साधते हुए तीरंदाजी के बच्चों को प्रोत्साहित किया।

### देव दीपावली पर 5100 दीपों से जगमग हुआ शिवाजी तालाब

**सोनभद्र।** मराठा शिवाजी तालाब शाम होते ही 5100 दीपों की रोशनी से जगमगा उठा। सुनहरी रोशनी में छठ के घाट की जगमग व अद्भुत छटा देखने श्रद्धालुओं की भीड़ काफी संख्या में उमड़ पड़ी। अवसर था देव दीपावली पर्व का। इससे पूर्व परम्परागत तरीके से नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि देवेश मोहन, तहसीलदार ज्ञानेंद्र यादव सपत्नी ने यजमान की भूमिका निभाई। राजस्व विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में स्थानीय लोगों ने भी अपनी सहभागिता से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने में अपने अपने योगदान दिए। कार्यक्रम का संचालन रामपाल जौहरी एवं अभिनाश वाह वाह ने संयुक्तरूप से किया। इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक प्रदीप सिंह चंदेल नायब तहसीलदार ज्ञानेंद्र यादव कन्हैयाल अग्रहरि अमरनाथ जायसवाल विष्णुकांत तिवारी कमल कानू, रामेश्वर राय मुकेश गुप्ता सौरभ कुमार मनीष गुप्ता सुरक्षा की दृष्टिकोण से कस्बा प्रभारी एम पी सिंह सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## बड़े हर्षोल्लास के साथ अपना दल ‘एस’ ने मनाई भगवान बिरसा मुंडा की जयंती



**मीरज़ापुर।** अपना दल एस के जिलाध्यक्ष ई0 राम लौटन बिंद के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा सांसद जनसंपर्क कार्यालय स्थित पटेल चौक (भरुहना) जनपद मिर्जापुर में आदिवासी जन चेतना के लोकनायक भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया गया।

भगवान बिरसा मुंडा जी की जयंती के अवसर अपना दल एस के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष व माननीय प्राविधिक शिक्षा उपभोक्ता मामले विभाग के मंत्री श्री आशीष पटेल जी ने उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। उन्होंने कहा कि, यह जनजातीय के गौरव के लिए सम्मान का दिन है। उन्होंने प्रदेशवासियों को जयंती पर शुभकामनाएं दी और कहा कि, भगवान बिरसा मुंडा देश के जनजातीय समुदायों के शौर्य, साहस, पराक्रम व बलिदान के प्रतीक हैं।

उन्होंने देश के अमर नायकों और बलिदानियों को नमन करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की पहल से भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर हर साल 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा जननायक थे। उन्होंने आदिवासी समुदाय को जल, जंगल, जमीन के बारे में जागरूक किया और उन्हें अपने हक की लड़ाई लड़ने की प्रेरणा दी। मा0 मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि बिरसा मुंडा जी ने तत्कालीन ब्रिटिश साम्राज्य की नीतियों का विरोध किया और आदिवासियों की सामाजिक-आर्थिक उन्नति के लिए जीवन भर काम किया। उनके क्रांतिकारी विचार और देश प्रेम की भावना आज भी हम सभी को प्रेरित करती है।

जयंती कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय सचिव मेघनाथ पटेल, गोवर्धन पटेल, दुर्गेश पटेल, मुन्नर पटेल, रामवृक्ष बिंद, संतोष विश्वकर्मा, मनोज सिंह, शंकर सिंह चौहान, योगेश पटेल, विजय शंकर केसरी, उमाशंकर सोनी, आदि मौजूद रहे।

## सीएम योगी ने भाजपा प्रत्याशी धर्म राज निषाद के पक्ष में विशाल जनसभा को किया संबोधित

**संवाददाता।** अंबेडकर नगर

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने अंबेडकर नगर जनपद की कटेहरी विधान सभा उप चुनाव के भाजपा प्रत्याशी धर्म राज निषाद के समर्थन में कटेहरी विधान सभा क्षेत्र के डाड़ी महमूदपुर में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कार्तिक पूर्णिमा और गुरु नानक देव की जयंती पर उपस्थित जन समूह को शुभ कामनाएं देते हुए कहा कि देश की सुरक्षा और गरीब कल्याण के लिए भाजपा सरकार निरंतर कार्य कर रही है।

इंडी गठबंधन देश और महिलाओं की सुरक्षा के लिए घातक है। कहा कि कांग्रेस सरकार में पाकिस्तान की आतंकी घटनाओं में जवान शहीद होते थे। भाजपा सरकार सीमा की सुरक्षा और जवानों के जान हिफाजत एवं सम्मान के लिए सजग है। भाजपा सरकार ने धारा 370 को



समाप्त किया तो कांग्रेस पार्टी दोबारा लागू करने की बात कर रही है। भाजपा देश से आतंकवाद,नक्सलवाद समाप्त कर देश को विकसित राष्ट्र बना रही है। सपा को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि निषाद की बेटी के साथ दुष्कर्म करने वाले के साथ सपा खड़ी है। समाज वादी पार्टी ने अयोध्या में राम भक्तों पर गोलियां चलवाई। भाजपा ने अयोध्या में भगवान राम की जन्म स्थली पर भव्य मंदिर निर्माण कराकर हिंदू आस्था की सम्मान दिया।

कहा कि जो भगवान राम के प्रति श्रद्धावान नहीं वह हमारे किसी काम का नहीं।कहा कि राजभर समाज को सम्मान देते हुए महाराजा सुहेल देव का भव्य स्मारक बनवाया। भाजपा ने निषाद समाज को सम्मान देते हुए श्रृंगेरपुर में भगवान राम के साथ निषाद राज की भव्य प्रतिमा लगवाया है। कहा कि कटेहरी विधान सभा क्षेत्र में धर्म का राज कायम करने के लिए धर्म राज निषाद को भारी मतों से जीत दिलाने का आवाहन विशाल जन समूह से किया। कहा कि युवाओं को रोजगार,महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान दिलाते हुए हर गरीब को घर,स्वावलंबन और समृद्धिशाली बनाने के लिए भाजपा सरकार कृत संकल्पित है।समाजवादी और कांग्रेस पार्टी जनता को गुमराह करती है। सपा व्यापारी और बेटी की सुरक्षा के लिए खतरा है। डाक्टर लोहिया और आचार्य नरेंद्रदेव की समाजवादी विचार धारा से भटक चुकी है। सभा का संचालन जिला महामंत्री अमरेंद्र कांत सिंह ने किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की डाड़ी महमूदपुर में सम्पन्न हुई सभा को मुख्य रूप से विधान सभा प्रत्याशी धर्म राज निषाद,जल शक्ति कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह,मत्स्य विभाग मंत्री संजय निषाद,पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर,आयुष मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु,प्रदेश उपाध्यक्ष विधान परिषद सदस्य डॉ धर्मेंद्र सिंह,प्रदेश महामंत्री संजय राय,क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्र, भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी, विधान परिषद सदस्य डॉ हरिओम पाण्डेय,पूर्व सांसद रितेश पाण्डेय, जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा,पूर्व विधान सभा प्रत्याशी अवधेश द्विवेदी,पूर्व जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा,राम प्रकाश यादव,ज्ञान सागर सिंह,यमुना प्रसाद चतुर्वेदी, रमा शंकर सिंह, आदि ने संबोधित किया।

## श्री गुरु नानक देव जी महाराज का धूमधाम से मनाया गया प्रकाश पर्व



**मुग़लसराय, चन्दौली।** सिखों के पहले गुरु व सिक्ख धर्म के संस्थापक साहब श्री गुरु नानक देव जी महाराज जी का 555 वा प्रकाश पर स्थानीय सिख समाज व गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा बड़े ही श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान न्यूजीलैन्ड से आए रागी जत्था भाई संदीप सिंह रैन, एवं हजूरी रागी जत्था भाई जयपाल सिंह ने अपने शब्द कीर्तन से संगतो को निहाल किया। वहीं ज्ञानी जी भाई अमरजीत सिंह व प्रभजोत सिंह द्वारा अपनी कथा से लोगों को निहाल किया। प्रकाश पर्व के उपलक्ष में पिछले कई दिनों से प्रभात फेरी निकली जा रही थी इसके समापन के बाद निशान साहब की सेवा के साथ ही प्रकाश पर्व मनाया गया जिसमें दोपहर 2:00 बजे से देर शाम तक लंगर प्रसाद विपरीत होता रहा। कार्यक्रम में सिक्ख समाज के अलावा अन्य कई समाज के लोगों ने माथा टेका। इस दौरान प्रधान रंजीत सिंह सम्मी, जनरल सेक्रेटरी सरदार महेंद्र सिंह पत्रकार, रणजीत सिंह, गुरु दयाल सिंह, अमरीक सिंह, मंजीत सिंह, राजेंद्र सिंह, सतपाल सिंह सुरी, नरेन्द्र पाल सिंह ऐंड, रघुवीर सिंह, सुरेन्द्र सिंह लवली, गुलशन अरोड़ा, काके सिंह के साथ ही चढदीकला कार सेवा संस्था के सदस्यों ने सेवा की।

## धूमधाम से मना डैफोडिल्स संकट मोचन का वार्षिकोत्सव



**मीरजापुर।** विद्यालय का वार्षिक उत्सव विद्यालय की उन्नति और प्रगति का परिचायक है। विद्यार्थियों की प्रतिभा योग्यता और कुशलता के मूल्यांकन का दिन है। योग्य और प्रतिभावान विद्यार्थियों को पुरस्कृत और सम्मानित करने का दिन है। इसलिए सभी शिक्षण संस्थाएं चाहे वे विद्यालय हो या महाविद्यालय अपना वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाते हैं। मिर्जापुर डैफोडिल्स पब्लिक स्कूल संकट मोचन शाखा का वार्षिक समारोह लोहिया तालाब शाखा के प्रांगण में मनाया गया।

विद्यालय की चेयरपर्सन डॉ टी भाटिया श्रीमती अपराजिता सिंह डायरेक्टर मिस्टर अमरजीत सिंह डायरेक्टर मिस काशिका सिंह श्रीमती प्रेरणा तिवारी एकेडमिक हेड ,श्रीमती बनर्जी प्रिंसिपल और श्रीमती पूजा अग्रवाल वाइस प्रिंसिपल ने दीप प्रज्वलित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुपरीटेंडेंट आफ पुलिस श्री अभिनंदन सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती एकता सिंह की उपस्थिति रही। तथा गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में एडीएम सर श्री शिव प्रताप शुक्ला जी एवं उनकी पत्नी श्रीमती नेहा की उपस्थिति रही ।इसके अतिरिक्त वार्षिक उत्सव में अन्य गणमान्य अतिथि भी उपस्थित रहे ।जिनका कि सम्मान स्कूल की डायरेक्ट अपराजिता सिंह व अमरदीप सिंह जी द्वारा किया गया ।जिसमें डॉक्टर कृष्णमूर्ति जो की रामकृष्ण सेवा आश्रम में कार्यरत हैं, श्रीमती अर्चना खंडेलवाल जो कि यूसीमास एवं पालक संस्था से जुड़ी हुई है। श्रीमती नंदनी मिश्रा जो की प्रबोधिनी एन जी ओ का सफलतापूर्वक संचालन कर रही है। डॉ भावना तिवारी जो कि नगर की जानी मानी गाइनेकोलॉजिस्ट है तथा पालक संस्था के फाउंडर श्री अमित जायसवाल जी रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित करने के पश्चात वेलकम सॉन्ग के द्वारा की गई ,इंग्लिश और हिंदी ग्रुप सॉन्ग बच्चों के द्वारा प्रदर्शित किया गया आर्केस्ट्रा के बच्चों ने भी अपना प्रदर्शन बखूबी निभाया। नर्सरी से एलजी तक के बच्चों द्वारा डांस, कथक डांस हर हर गंगे पंचतत्व योग, नेचर ब्यूटी हिंदी और इंग्लिश स्किट और शिव तांडव पर आधारित नृत्य ने सभी के मन को मोह लिया। विद्यालय की उप्रधानाचार्या श्रीमती पूजा अग्रवाल ने विद्यालय में उपस्थित सभी अभिभावक और अतिथिगण को धन्यवाद दिया।

## डीएम ने खन्ता पिकनिक स्पाट व हवाई पट्टी का किया निरीक्षण

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह व पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा, मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी ने खन्ता पिकनिक स्पाट को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने हेतु औचक निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने खन्ता पिकनिक स्पाट को विकसित करने हेतु नामित यू0पी0पी0सी0एल0 के कार्यदायी संस्था के प्रबन्धक को निर्देशित करते हुए कहा कि पिकनिक स्पाट को विकसित करने हेतु निर्माण कार्य को अतिशीघ्र प्रारंभ किया जाये और निर्माण कार्य के त्वरित गति से पूर्ण किया जाये।

इस दौरान जिलाधिकारी ने पर्यटन अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि पिकनिक स्पाट को विकसित करने हेतु भूमि सम्बन्धित जो भी समस्याएं हों, उसका शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाये, इस दौरान जिलाधिकारी ने परियोजना प्रबन्धक से निर्माण कार्य की लागत व पिकनित स्पाट को विकसित करने हेतु बनाये गये स्टीमेट के सम्बन्ध में जानकारी ली, तो परियोजना प्रबन्धक द्वारा बताया गया कि 498.12 लाख की लागत से पर्यटन स्थल को विकसित किया जायेगा, पर्यटन स्थल को विकसित करने हेतु एन0टी0पी0सी0 बीजपुर द्वारा धनराशि स्वीकृत की गयी है, जिसमें से प्रथम किश्त के रूप में 150 लाख रूपये प्राप्त हो गयी है।

जिलाधिकारी ने म्योरपुर हवाई पट्टी का निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने म्योरपुर हवाई पट्टी के निर्माण कार्य में होने वाले समस्याओं के सम्बन्ध में उप जिलाधिकारी दुद्धी निखिल यादव से जानकारी प्राप्त की, तो उनके द्वारा बताया गया कि एक काश्तकार की जमीन का प्रकरण उच्च न्यायालय में विचाराधीन होने के कारण निर्माण कार्य बाधित है, जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि उक्त मामले में नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।

## जयन्ती के अबवसर पर पर भाजपा ने भगवान बिरसा मुण्डा को किया याद

**संवाददाता।** सोनभद्र

**भारतीय** जनता पार्टी जिला कार्यालय पर भगवान बिरसा मुण्डा की जयन्ती भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल के नेतृत्व मे मनाई गयी। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का जन्म 15 नवंबर 1875 के दशक में एक गरीब किसान परिवार में हुआ था। इनके पिता का नाम सुगना पुर्ती मुंडा और माता का नाम करमी पुर्ती मुंडा था। साल्गा गाँव में प्रारंभिक पढ़ाई के बाद वे चाईबासा विद्यालय में पढ़ाई करने चले गए।

बिरसा मुंडा को उनके पिता ने मिशनरी स्कूल में यह सोचकर भर्ती किया था कि वहाँ अच्छी पढ़ाई होगी लेकिन स्कूल में ईसाईयत के पाठ पर जोर दिया जाता था 19वीं शताब्दी के अंत में अंग्रेजों ने कुटिल नीति अपनाकर आदिवासियों को लगातार जल जंगल जमीन और उनके प्राकृतिक संसाधनों से बेदखल करने




लगे। हालाँकि आदिवासी विद्रोह करते थें, लेकिन संख्या बल में कम होने एवं आधुनिक हथियारों की अनुपलब्धता के कारण उनके विद्रोह को कुछ ही दिनों में दबा दिया जाता था। यह सब देखकर बिरसा मुंडा विचलित हो गए और अंततः 1895 में अंग्रेजों की लागू की गयी जमींदारी प्रथा और राजस्व व्यवस्था के ख़िलाफ़ लड़ाई के साथ जल जंगल जमीन की लड़ाई छेड़ दी।

यह मात्र विद्रोह नहीं था। यह आदिवासी अस्मिता, स्वायतत्ता और संस्कृति को बचाने के लिए संग्राम था। उन्होनें कहा कि भारत सरकार के केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा 10 नवंबर 2021 को आयोजित बैठक में आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को याद करने के लिए बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में घोषित किया है।

इस दिन को भारत के एक वीर स्वतंत्रता सेनानी को याद किया जाता है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा यादवेन्द्र द्विवेदी पुष्पा सिंह बलराम सोनी बृजेश श्रीवास्तव अतुल पाण्डेय विनीत तिवारी अनिल सिंह गुडिया त्रिपाठी राजेश मिश्रा रितु अग्रहरी अभय कान्त रमेश जायसवाल कैलास तिवारी अशोक भारती आदि मौजूद रहे।

## दूसरे राज्यों से विद्युत वाहन खरीदने पर टैक्स छूट न देने की नीति सहीः हाईकोर्ट

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जम्मू से इलेक्ट्रिक वाहन खरीद कर उत्तर प्रदेश में चलाने पर रोड टैक्स में छूट की मांग में दाखिल याचिका खारिज कर दी है। याची का कहना था कि राज्य में इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने पर सरकार ने टैक्स छूट दी है जो विभेदकारी है। कोर्ट ने कहा कि राज्य के भीतर वाहन खरीदने पर राज्य को राजस्व प्राप्त होता है। दूसरे राज्य से वाहन खरीदने पर राजस्व का नुकसान होता है। राज्य में वाहन खरीदने पर रोड टैक्स में छूट की शर्त लगाना राज्य की शक्ति में है। इसे अनुचित नहीं कहा जा सकता है। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरुण भंसाली तथा न्यायमूर्ति विकास बुधवार की खंडपीठ ने मैसर्स बत्रा हेनले केबल्स की याचिका पर यह आदेश दिया। याची ने जम्मू से इलेक्ट्रिक वाहन खरीदा और उत्तर प्रदेश में पंजीकृत कराया है। उसे रोड टैक्स के रूप में एक लाख 91 हजार नौ सौ रुपए भुगतान करना था। जबकि उत्तर प्रदेश की अधिसूचना के तहत जिन लोगों ने राज्य में इलेक्ट्रिक वाहन खरीदे हैं उन्हें रोड टैक्स की छूट दी जा रही है।

पायनियर
लखनऊ, शनिवार, 16 नवंबर 2024



## बुलडोजर पर लगाम

### अदालत का फैसला

**भारत** के सर्वोच्च न्यायालय ने बुलडोजर न्याय की प्रथा के विरुद्ध एक ऐतिहासिक निर्णय दिया है, जिसमें इस बात पर बल दिया गया है कि अवैध विध्वंस में शामिल अधिकारियों को अब संपत्ति बहाल करने और क्षतिपूर्ति का भुगतान करने के लिए व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी ठहराया जाएगा। यह निर्णय दंडात्मक उपायों के रूप में इस्तेमाल किए जाने वाले मनमाने विध्वंस पर बढ़ती चिंता का जवाब है, जो अक्सर अपराध के आरोपी व्यक्तियों से जुड़ी संपत्तियों को निशाना बनाते हैं। निर्णय सख्त प्रक्रियात्मक आवश्यकताओं को प्रस्तुत करता है और अधिकारियों के लिए व्यक्तिगत जवाबदेही को लागू करता है। इस दायित्व में ध्वस्त संपत्तियों को बहाल करने और प्रभावित पक्षों को मुआवजा देने की लागत को कवर करना शामिल है। यह उपाय अधिकारियों को उचित प्रक्रिया की अवहेलना करने से रोकने के लिए बनाया गया है और राज्य की शक्ति का प्रयोग करने के साथ आने वाली जिम्मेदारी को रेखांकित करता है। सर्वोच्च न्यायालय ने मनमाने ढंग से विध्वंस को रोकने के लिए अनिवार्य प्रक्रियात्मक दिशा-निर्देश स्थापित किए हैं- व्यक्तिगत सुनवाई के साथ-साथ 15 दिन पहले कारण बताओ नोटिस देना आवश्यक है; एक विस्तृत अंतिम आदेश यह बताते हुए दिया जाना चाहिए कि विध्वंस ही एकमात्र व्यवहार्य कार्रवाई क्यों है और अंतिम आदेश के बाद 15 दिन की छूट अवधि प्रभावित पक्ष को कानूनी सहारा लेने या परिसर खाली करने की अनुमति देती है। सर्वोच्च न्यायालय ने मनमाने कार्यों को रोकने और पारदर्शिता को बढ़ावा देने के लिए सभी विध्वंस नोटिस और आदेशों के लिए एक डिजिटल पोर्टल पर वास्तविक समय में अपडेट अनिवार्य कर दिया है। इसके अतिरिक्त, पूरी विध्वंस प्रक्रिया की वीडियोग्राफी की जानी चाहिए, जिसमें जवाबदेही और प्रक्रिया का पालन सुनिश्चित करने के लिए शामिल अधिकारियों की सूची होनी चाहिए। इन निर्देशों का उल्लंघन करने वाले अधिकारियों पर अवमानना कार्यवाही और अभियोजन का जोखिम है, जो कानून के शासन को बनाए रखने के लिए न्यायालय की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।



यह निर्णय भारत में शासन, कानून के शासन और व्यक्तिगत अधिकारों के लिए दूरगामी निहितार्थ रखता है। दंड के रूप में किए गए विध्वंस को प्रतिबंधित करके, सर्वोच्च न्यायालय ने मौलिक कानूनी सिद्धांत को पुष्ट किया है कि कार्यपालिका न्यायाधीश और प्रवर्तक के रूप में कार्य नहीं कर सकती है। यह निर्णय मनमाने राज्य की कार्रवाई के खिलाफ व्यक्तियों के अधिकारों की रक्षा करने में न्यायपालिका की भूमिका को रेखांकित करता है, यह पुष्टि करता है कि दंडात्मक उपायों का सामना करने से पहले हर किसी को उचित प्रक्रिया का अधिकार है। यह निर्णय प्रशंसनीय है क्योंकि यह मनमाने ढंग से किए गए विध्वंस पर सख्त है, जो अक्सर आश्रय के अधिकार का उल्लंघन करता है, परिवारों और समुदायों को प्रभावित करता है और नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा करता है, इस बात पर जोर देता है कि अपराधों के संदिग्ध व्यक्तियों को लक्षित करने वाली कार्रवाइयों को कानूनी प्रक्रिया का पालन करना चाहिए। यह निर्णय उन कई परिवारों के लिए राहत की बात है जो विध्वंस से डरते हैं क्योंकि उनमें से कोई कानून के गलत पक्ष में हो सकता है। हालांकि, यह निर्णय नौकरशाहों के राजनीतिक आकाओं पर जिम्मेदारी डालने में विफल रहा है जिनके इशारे पर अक्सर ऐसी कार्रवाई की जाती है। फिर भी, यह उन अधिकारियों पर लगाम लगाएगा जो अपने राजनीतिक आकाओं को खुश करने के लिए हद से आगे निकल जाते हैं। यह एक साहसिक कदम है जो प्रशासनिक आचरण को नया रूप दे सकता है।

# कृत्रिम बुद्धि का बढ़ता प्रभाव

**जैसे-जैसे अद्वितीय सौंदर्य समाधानों की वैश्विक मांग बढ़ रही है, इस क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धि का उपयोग अनुकूलन, दक्षता और उपभोक्ता संतुष्टि की दिशा में एक गहन बदलाव को दर्शाता है।**



**दिनेश सूद**
(लेखक, भारतीय कौशल विकास निगम से जुड़े हैं)



नई तकनीकों का उपयोग करने वाले अभिनव उत्पाद और सेवाएं सौंदर्य और कल्याण क्षेत्र में हलचल मचाने लगी हैं। परिणामस्वरूप, पारंपरिक कौशल को मजबूत करने और आधुनिक तकनीकी कौशल जैसे कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) ऐप विकास, ट्राई-ऑन सेवाओं के लिए संवर्धित वास्तविकता, डेटा एनालिटिक्स और उन्नत ग्राहक जुड़ाव रणनीतियों के साथ संयोजित करने की आवश्यकता है। एआई ने सौंदर्य और कल्याण क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति की है, खासकर जब अनुकूलन और वैयक्तिकरण की मांग बढ़ी है।

यह प्रवृत्ति विविध ग्राहक वरीयताओं, जीवन शैली, शरीर के प्रकार और आनुवंशिक कारकों को दर्शाती है। माइक्रोसाफ्ट टीमों के लिए मेबेलिन केएआई संचालित मेकअप फ़िल्टर के बारे में हाल ही में आई ख़बरों ने सौंदर्य क्षेत्र में एआई की भूमिका पर चर्चाओं को फिर से हवा दे दी है। यह पता लगाना महत्वपूर्ण है कि एआई किस तरह से उद्योग को बदल रहा है और नवीनतम विकास पर अपडेट रहना चाहिए। 2020 में एआई का उपयोग करने वाले वैश्विक सौंदर्य उद्योग का मूल्य 216.12 मिलियन था और 2027 तक .1.26 बिलियन तक पहुंचने का अनुमान है। एक उद्योग रिपोर्ट बताती है कि 2021 से 2027 तक सौंदर्य क्षेत्र में एआई की वार्षिक वृद्धि दर 33.2 प्रतिशत होने की उम्मीद है।

कई प्रयोगशालाओं ने एआई-संचालित त्वचा परामर्श उपकरण विकसित किए हैं जो त्वचा की उम्र बढ़ने का विश्लेषण करने के लिए संवर्धित वास्तविकता और कृत्रिम बुद्धिमत्ता को एकीकृत करते हैं। ये उपकरण उम्र बढ़ने के संकेतों की पहचान कर सकते हैं और त्वचा की मजबूती का आकलन कर सकते हैं, जिससे आगे की गिरावट को रोकने के लिए अनुरूप त्वचा देखभाल सिफारिशें मिल सकती हैं। उनके एल्गोरिदम 10,000 छवियों और 15 वर्षों की त्वचाविज्ञान विशेषज्ञता पर आधारित हैं। उपयोगकर्ता एक सेल्फी ले सकते हैं और अपनी त्वचा की स्थिति का अनुमान लगाने के लिए अपनी उम्र और त्वचा का प्रकार प्रदान कर सकते हैं और साथ ही एक व्यक्तिगत विश्लेषण भी प्राप्त कर सकते हैं। फिर उन्हें अनुकूलित त्वचा देखभाल नुस्खे प्राप्त होंगे। एआई त्वचा की स्थितियों का विश्लेषण करने, व्यक्तिगत त्वचा देखभाल और स्वास्थ्य दिनचर्या की सिफारिश करने और यहां तक कि रुझानों की भविष्यवाणी करने में सहायता करता है, जिससे अंततः उत्पाद विकास और ग्राहक संतुष्टि में वृद्धि होती है। मुहांसे दुनिया भर में एक आम समस्या है, जो 80 प्रतिशत किशोरों और 40 प्रतिशत वयस्कों को प्रभावित करती है।

एआई के साथ, विभिन्न जातीय त्वचा प्रकारों का प्रतिनिधित्व करने वाली 6,000 छवियों का एक डेटाबेस, मुहांसे से पीड़ित लोगों के लिए सटीक विश्लेषण और व्यक्तिगत नियमित अनुशंसाओं को सक्षम बनाता है। यह अभूतपूर्व एआई तकनीक वास्तविक त्वचा विशेषज्ञों द्वारा मूल्यांकन की गई 10,000 प्रामाणिक छवियों की लाइब्रेरी से आकर्षित होती है, जो आठ नैदानिक मापदंडों और त्वचा के विभिन्न प्रकारों में लगभग 97 प्रतिशत की सटीकता दर प्राप्त करती है।

लगातार विकसित हो रहे सौंदर्य और कल्याण उद्योग में, जहां नवाचार आत्मविश्वास और आत्म-अभिव्यक्ति को बढ़ावा देता है, एआई पहले से कहीं अधिक प्रभावी और व्यक्तिगत उत्पाद निर्माण बनाने में एक शक्तिशाली सहयोगी बन गया है। अपने विविध अनुप्रयोगों और क्षमताओं का लाभ उठाकर, एआई एक क्रांति ला रहा है जो सौंदर्य और कल्याण उत्पादों के विकास, व्यक्तिगतकरण और विपणन के तरीके को बदल रहा है। ट्रेंड स्पॉटिंग से लेकर सटीक उत्पाद निर्माण तक, एआई सौंदर्य उद्योग को रोमांचक और अभूतपूर्व तरीकों से नया रूप दे रहा है। निर्माण प्रक्रिया में एआई को एकीकृत करने से उत्पाद की प्रभावशीलता भी सुनिश्चित हो सकती है। एआई एल्गोरिदम यह अनुकरण कर सकते हैं कि त्वचा द्वारा अवयवों को कैसे अवशोषित और चयापचय किया जाता है, संभावित अवांछित अंत:क्रियाओं या दुष्प्रभावों की पहचान करते हुए।

यह दृष्टिकोण नए उत्पादों को बाजार में लाने से जुड़े जोखिमों को कम करता है और यह सुनिश्चित करता है कि उपभोक्ता अपनी भलाई से समझौता किए बिना इष्टतम परिणाम प्राप्त करें। परंपरागत रूप से, स्किनकेयर उत्पादों को एक ही आकार-फिट-सभी दृष्टिकोण के साथ विकसित किया गया है, जो अक्सर व्यक्तिगत उपभोक्ताओं की अनूठी जरूरतों को पूरा करने में विफल रहता है। एआई त्वचा के प्रकार, आयु, पर्यावरणीय कारकों और व्यक्तिगत प्राथमिकताओं सहित विभिन्न डेटा बिंदुओं का विश्लेषण करके इस पद्धति को बदलता है।

॒ढ्ढ-संचालित उपकरणों का उपयोग करके, ब्रांड प्रत्येक ग्राहक की विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप अनुकूलित स्किनकेयर उत्पाद बना सकते हैं। उदाहरण के लिए, एआई एल्गोरिदम फ़ोटो और प्रश्नावली के माध्यम से उपयोगकर्ता की त्वचा की स्थिति का आकलन कर सकते हैं, सक्रिय अवयवों की विशेष सांद्रता वाले उत्पादों की सिफारिश या निर्माण कर सकते हैं जो व्यक्तिगत त्वचा संबंधी चिंताओं को संबोधित करते हैं। इसके अतिरिक्त, एआई आणविक संरचनाओं का विश्लेषण करके यह अनुमान लगा सकता है कि नए यौगिक मानव त्वचा के साथ कैसे बातचीत करेंगे, जिससे पारंपरिक परीक्षण-और-त्रुटि विधियों के समय और लागत में काफी कमी आएगी।

एआई सिस्टम प्रत्येक व्यक्ति की ज़रूरतों के अनुरूप उपयुक्त सामग्री, उत्पाद और स्किनकेयर रूटीन की सिफारिश करता है। यह ब्रांडेड उत्पादों का सुझाव भी दे सकता है जो सौंदर्य और कल्याण उद्योग में विशिष्ट स्थितियों को संबोधित करते हैं, जिसका उद्देश्य प्रत्येक ग्राहक की प्राथमिकताओं से गहराई से जुड़ना है। जैसे-जैसे तकनीक विकसित होती जा रही है, यह ऐसे समाधानों का वादा करती है जो भविष्य में दिखावट और सेहत दोनों को बढ़ाएंगे। महत्वपूर्ण बात यह है कि आपका डेटा निजी रहता है; इसे संग्रहीत नहीं किया जाता है और केवल आप ही परिणाम देख सकते हैं जब तक कि आप अपनी जानकारी दूसरों के साथ साझा नहीं करना चुनते। सौंदर्य और कल्याण उद्योग में सफलता के लिए एक व्यक्तिगत अनुभव महत्वपूर्ण है। एआई तकनीक प्रत्येक ग्राहक की अनूठी प्राथमिकताओं की पहचान करने और उनकी व्यक्तिगत ज़रूरतों को संबोधित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। जैसे-जैसे तकनीक आगे बढ़ रही है, सौंदर्य कंपनियों से ऐसी अभिनव सेवाएँ शुरू करने की अपेक्षा की जाती है जो ग्राहकों के साथ संपर्क को बढ़ाएँ और सौंदर्य बाज़ार के वैश्विक विकास में योगदान दें। इन तकनीकी प्रगति के साथ-साथ ऑनलाइन सेवाएँ तेज़ी से विकसित हो रही हैं। वेबसाइट, आकर्षक सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म और ऑनलाइन मार्केटप्लेस का महत्व बढ़ रहा है। सौंदर्य और व्यक्तिगत देखभाल क्षेत्र में ऑनलाइन राजस्व का हिस्सा, जो 2017 में लगभग 4.6 प्रतिशत था, 2025 तक बढ़कर 18.2 प्रतिशत होने का अनुमान है। सौंदर्य और कल्याण उद्योग का भविष्य एक ऐसे सर्वव्यापी अनुभव पर निर्भर करेगा जो ऑनलाइन और ऑफ़लाइन इंटरैक्शन को सहजता से एकीकृत करता है, उपभोक्ता अनुभव को बढ़ाने के लिए डिजिटल उपकरणों की एक श्रृंखला का उपयोग करता है।

ब्यूटी रिटेल में वर्चुअल ट्राई-ऑन और परामर्श मानक बन गए हैं; हालाँकि, मानवीय कनेक्शन को दोहराना एक चुनौती बनी हुई है। ऑनलाइन प्रभावशाली व्यक्ति और मुझे दिखाओ कैसे सामग्री लोकप्रियता प्राप्त कर रही है क्योंकि उपभोक्ता उन सेवाओं में महारत हासिल करना सीख रहे हैं जो वे पहले पेशेवरों से चाहते थे।

इसके अतिरिक्त, फेसबुक लाइव और इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफ़ॉर्म पर लाइव स्ट्रीमिंग युवा उपभोक्ताओं को महत्वपूर्ण रूप से आकर्षित करती है। भारत में, सौंदर्य और कल्याण उद्योग तेज़ी से बढ़ रहा है, जो संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोप की तुलना में दोगुनी तेज़ी से बढ़ रहा है। उपभोक्ताओं की बढ़ती जागरूकता और आकांक्षा ने सौंदर्य और स्वास्थ्य उत्पादों और सेवाओं पर खर्च में वृद्धि की है।


सौंदर्य और व्यक्तिगत देखभाल उत्पादों पर प्रति व्यक्ति खर्च 2017 में 450 रुपये प्रति वर्ष से बढ़कर 2022 में 684 रुपये हो गया, और 2025 तक इसमें और वृद्धि होकर 772 रुपये होने का अनुमान है। आज के उपभोक्ता अद्वितीय अनुभव की मांग करते हैं, जिससे पारंपरिक दृष्टिकोण कम प्रभावी हो जाते हैं।

सुविधा और ऑन-डिमांड सेवाओं के लिए बढ़ती प्राथमिकता है, जो कामकाजी पेशेवरों के तेज़-तर्रार जीवन में आवश्यक हो गई है। नतीजतन, सौंदर्य और स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्यबल के भीतर हस्तांतरणीय कौशल की बढ़ती आवश्यकता है, क्योंकि ग्राहक सेवा विशेषज्ञता की मांग अधिक होती जा रही है।

# अदृश्य शक्तियों का अनावरण

> “शक्ति के रूप प्रामाणिक आध्यात्मिक अभ्यास के लिए केंद्रीय हैं। प्रकृति की ऊर्जाएं सुलभ हैं, लेकिन इसके लिए समर्पण की आवश्यकता होती है।”

**अश्विनी गुरुजी**
(लेखक, आध्यात्मिक गुरु हैं)



सृष्टि कुछ शक्तियों द्वारा संचालित है। जैसे-जैसे आप अपनी साधना में आगे बढ़ते हैं, आप उनके रूपों का अनुभव कर सकते हैं। 365 दिनों में से प्रत्येक दिन एक विशिष्ट शक्ति द्वारा संचालित (संचालित) होता है। इसीलिए योग में नियम और दैनिक अभ्यास के महत्व पर जोर दिया जाता है। यदि कोई एक दिन भी साधना से चूक जाता है, तो उस दिन की शक्ति पीछे रह जाती है और पूरे वर्ष की साधना व्यर्थ हो जाती है क्योंकि ब्रह्माण्ड में, यदि एक भी चीज छूट जाती है तो उसका प्रभाव सब पर पड़ता है - हमारा शरीर, पृथ्वी, साथ ही अन्य ग्रह और तारे।

हर शक्ति का एक दिन होता है, लेकिन उन्हें पाने के लिए किसी अनुष्ठान की आवश्यकता नहीं होती। योग और तंत्र में, कोई अनुष्ठान नहीं होता, केवल शक्ति की साधना होती है। प्रत्येक दिन की शक्ति और उस शक्ति के स्वरूप को समझना महत्वपूर्ण है।

शक्ति के प्रत्येक रूप का एक नाम है, लेकिन वर्तमान समय में, हम केवल उनके रूपों पर चर्चा करेंगे। नाम केवल विशिष्ट साधनाओं के माध्यम से शरीर में क्षमता उत्पन्न करने के बाद ही लिए जाते हैं। बुनियादी स्तर पर, जब आप अपने गुरु के साथ ध्यान करते हैं, तो आप उनमें कुछ विशेष रूप देख सकते हैं, जैसे सूर्य या यहां तक कि चंद्रमा।

कभी सोचा है कि ये रूप कहां से आते हैं और वे क्या दर्शाते हैं? ऐसे कई साधक हैं जिन्होंने ध्यान में सूर्य के रूप को देखने की सूचना दी है। सूर्य में ऐसा क्या विशेष है? यदि आप सूर्योदय और सूर्यास्त के समय सूर्य को देखते हैं, मणिपूरक के बारे में जागरूकता रखते हुए और राम मंत्र का जाप करते हैं, तो आप पाएंगे कि शरीर में एक निश्चित चमक



आने लगी है और सिर्फ एक महीने के भीतर आप बहुत अलग दिखने लगेंगे (यहाँ सावधानी का एक शब्द, किसी भी योगिक अभ्यास के लिए एक गुरु का होना जरूरी है जो आपकी क्षमता के अनुसार आपका मार्गदर्शन करे)। सूर्य की तरह, चंद्रमा भी एक अत्यंत दिलचस्प ऊर्जा है। चंद्रमा केवल सूर्य के प्रकाश को परावर्तित करता है, लेकिन उस प्रकाश के साथ, यह पूर्णिमा की रात इतना ही नहीं, पूर्णिमा की रात को जानवर हिंसक हो जाते हैं, मानसिक रूप से अस्थिर लोग अजीब व्यवहार करने लगते हैं और दुर्घटनाएं और झगड़े बढ़ जाते हैं। अभी मैं केवल मूल पहलुओं पर चर्चा कर रहा हूं, ताकि आपको संकेत मिल सके कि इन रूपों में कुछ अलग है। वह क्या है, यह अनुभव का विषय है और आपको सनातन क्रिया के सही अभ्यास से वह अनुभव प्राप्त होगा।

चंद्रमा की विशेषता यह है कि यह शांत और शांतिपूर्ण दिखता है लेकिन यह सूर्य से भी अधिक अस्थिर है। जब आप गुरु के मार्गदर्शन में चंद्रमा को देखेंगे, तो आप उसके सभी मंत्रों को उसके रूप में देख पाएंगे क्योंकि आप सूर्य को नहीं देख सकते, जो उस शक्ति को प्रवाहित करता है।

कुछ शक्तियां हैं जिन्हें आप नहीं देख सकते हैं और इसलिए कुछ अन्य शक्तियां हैं जिनके माध्यम से आप उनके प्रभाव को देख और महसूस कर सकते हैं, यह आपके लिए एक अनुभव बन जाता है। और जब तक आपको वह अनुभव नहीं हो जाता, तब तक योग आपके लिए व्यर्थ है, कुछ भी नहीं हो सकता और कुछ भी संभव नहीं है।

अनुभव योग का आधार है। आकाश में और धरती पर हम जो भी चीजें देखते हैं, इतने सारे रंग-बिरंगे फूल हैं, अगर आप गुरु सानिध्य में बिना पलक झपकाए उन्हें देखते हैं, तो शरीर के सभी दोष और असंतुलन गायब हो जाते हैं। लेकिन एक छोटी सी समस्या है...नियम। अभ्यास में कोई रुकावट नहीं होनी चाहिए, और रुकावट तब आएगी जब आपके पास उस शक्ति को ग्रहण करने की क्षमता नहीं है या आपके पास कोई गुरु नहीं है।

प्रकृति, हमारे आस-पास जो कुछ भी हम देखते हैं, उसमें शक्तियों के सभी स्वरूप छिपे हुए हैं और ये सभी शक्तियां बहुत आसानी से उपलब्ध हैं। अगर कोई इन शक्तियों पर खुद को केंद्रित करता है और उन्हें ठीक से प्राप्त करता है, तो वे उसका अनुसरण करना शुरू कर देती हैं। दिवाली से पहले के नौ दिन विशेष रूप से शक्तिशाली होते हैं क्योंकि इन दिनों में विशिष्ट शक्तियों का जमावड़ा होता है। हमारे पूर्वजों ने इन दिनों में ब्रह्मचर्य का व्रत रखने का निर्देश दिया था ताकि शरीर इन शक्तियों को ग्रहण करने के लिए पर्याप्त मजबूत हो सके।

## आप की बात

### सदियों पुरानी परम्परा

**कार्तिक** मास ऐसे तो पर्व त्योहार वाला महीना है लेकिन सबसे खास दिन कार्तिक पूर्णिमा है इस दिन का इंतजार बुढ़, जवान,लाइका,सियाण सबको रहता है क्योंकि इस दिन लोग गंगा में डुबकी लगाकर अपनी आत्मा को संतुष्टि पाते हैं क्योंकि ऐसा माना जाता है कि इस कार्तिक पूर्णिमा में गंगा में डुबकी लगाने से के किए गए पाप धुल जाते हैं, शिव की पूजा करते हैं क्योंकि इस दिन भगवान शिव ने त्रिपुरा नामक राक्षस का वध किया था तभी से भगवान शिव पूजा कार्तिक पूर्णिमा के दिन होने लगी इस दिन स्नान दान कब्र ही महत्व लोग भारी श्रद्धा और भाव से मां गंगा के संगम में डुबकी लगाते हैं इसी दिन से एशिया के विश्व प्रसिद्ध मेला सोनपुर की शुरुआत होती है जिसे आम बोलचाल की भाषा में हम इस छतर मेला के नाम से जानते हैं जो बिहार राज्य के उत्तरी( हाजीपुर -सोनपुर) सारण में पड़ता है जो लगभग एक महीना तक चलता है यह मेल पशुओं के मेला के लिए विश्व विख्यात है जिसमें हाथी, घोड़ा, बैल, गाय,ऊंट, कुत्ताएवं विदेशी नस्ल के पशु भी मौजूद रहते हैं जोबरा ही आकर्षक केवल प्यारा लगता है जो मिला को खास बनाता है मेले में तरह-तरह की ऊनी स्वेटर, तरह-तरह के व्यंजन, अचार, कपड़ा बाजार, बागवानी बाजार लगते हैं तरह-तरह के झूले एवं प्रदर्शनी मेला कभी आयोजन होता है साथ ही प्रशासनिक नुक्कड़ नाटक, मनोरंजन, झांकियां, प्रतियोगिता कभी आयोजन होता है।

- **तारामुनी देवी,** लालगंज, वैशाली

### कांग्रेसी ड्रामा

**विपक्ष** के नेता राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संविधान नहीं पढ़ा। शायद विधि के विद्यार्थी या अभिभाषक भी भारत के संविधान को पूरा नहीं पढ़ते होंगे। वे भी जरुरत जितना ही पढ़ते होंगे। शायद ही राहुल गांधी ने भी पूरा संविधान पढ़ा हो। लाल किताब भी संविधान की प्रतीक ही उन्होंने बताई है। हर चुनाव के प्रचार में वे लाल किताब लेकर ही घूमते रहते हैं और कहते हैं कि हम संविधान के रक्षक हैं और वे (मोदी) उसको खत्म करने वाले। अब उन्हें कौन समझाए कि देश की सरकार संविधान के अनुसार ही चलती चली आ रही है और आगे भी चलेगी। ज़रा भी कोई व्यक्ति या संस्था अथवा सरकार संविधान से इतर काम करती है तो करोड़ों आंखें हैं देश की जो जनहित याचिका लगा कर उनकी आंखें खोल देती हैं और न्यायालय को सही/गलत का निष्कर्ष निकालकर निर्णय देना ही पड़ता है। संविधान बचाओ जैसी बचकानी राजनीति के जरिये कांग्रेस केवल कुर्सी बचाओ अभियान चला रही है। वो अब येन केन प्रकारेण सत्ता पाने की कोशिश कर रही है और बेवजह चलती सरकार पर आरोपों की झड़ी लगा रही है. जबकि विपक्ष का काम सरकार की आलोचना, समालोचना करना होता है साथ ही सही काम में सहयोग व पटरी से उत्तरी सरकार को सही निर्णय लेने के लिए व उसे पुनः जनहित में पटरी पर लाना होता है न कि हमेशा सिर्फ और सिर्फ आलोचना ही करते रहना होता है।

- **शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### खतरे की घंटी

**आखिरकार** दिल्ली नगर निगम के महापौर एवं उप महापौर का चुनाव संपन्न हुआ जिसमें आम आदमी पार्टी की जीत हुई है. लेकिन महापौर की चुनाव में 10-आप के पार्षद की क्रॉस वोटिंग भी सामने आई है जो आने वाले विधानसभा के चुनाव में आम आदमी पार्टी के लिए खतरे की घंटी नजर आती है। यह तथ्य भी स्पष्ट हो जाता है कि नगर के महापौर का कार्यकाल केवल 5 महीने का रहेगा क्योंकि 7 महीने का मेयर का कार्यकाल राजनीति की भेंट चढ़ गया है. दिल्ली वाले नए मेयर और डिप्टी मेयर से उम्मीद करते हैं कि एमसीडी अपनी जिम्मेदारी को समझे और अपने क्षेत्र में जन समस्याओं के समाधान के लिए बिना देरी के योजनाएं बनाये, रुके हुए कामों को पूरा करें और दिल्ली की मुख्य समस्याएं प्रदूषण, जल निकासी, जल भराव, गंदे पानी का सड़कों पर बहाना एवं नगर निगम के क्षेत्र में सीवर की समस्या और नालियों, टूटी फूटी सड़के एवं सड़कों का रखरखाव आदि पर फोकस करते हुए काम करना होगा. उम्मीद यह भी हैं कि राजनीतिक दलों आपसी तालमेल एवं दिल्ली सरकार, एमसीडी और केंद्र सरकार को भी मिलकर दिल्ली को साफ, स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में सभी अपनी सहभागिता जरूरी है।

- **वीरेंद्र कुमार जाटव**, दिल्ली

### अवैध प्रवासियों का मुद्दा

**अमेरिका** 2025 में कुछ नए परिवर्तनों के बीच उभरेगा जब ट्रंप दूसरी पारी में देश की बागडोर संभालेंगे। चुनावों से पूर्व जनता से किए गए वादों को पूरा करने में कृत संकल्पित ट्रंप अभी से ही उनके नियोजन के प्रयास पर जुट गए हैं। अवैध प्रवासियों को लेकर ट्रंप सख्त हैं। उनका मानना है कि अवैध प्रवासी हमारे देश को बाद कर रहे हैं और इन्हें किसी भी कीमत पर देश से निकाला ही जाएगा।देखा जाए तो ट्रंप की सोच एकदम उचित है और यह न केवल अमेरिका ही बल्कि पूरी दुनिया पर लागू होती है।भारत में भी इसके दुष्प्रभाव लोगों ने देख लिए हैं। अपराधिक गतिविधियों,अवैध धंधे और ड्रग्स की सप्लाई जैसे कृत्यों में लिप्त ऐसे घुसपैठिए युवा पीढ़ी को नशे की लत में बर्बाद कर रहे हैं। इसके अलावा घुसपैठिये सरकारी योजनाओं का मुफ्त लाभ भी उठा रहे हैं इससे वास्तविक हकदारों के हित प्रभावित हो रहे हैं।दुनिया में अवैध प्रवासी तभी अपने देशों में स्थानांतरित किये जा सकते हैं जब सरकारें सारे वोट बैंक को नजर अंदाज करके देश हित को प्रमुखता दें जैसे ट्रंप ने चुनावों से पूर्व सीना ठोकर इसकी चुनौती दी थी।


- **अमृतलाल मारू,** इंदौर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

# उर्वरक की कालाबाजारी करने पर नपे साधन सहकारी समिति के सचिव

- जनपद की तीनो तहसीलो में 51 दुकानों की हुई औचक जांच

संवाददाता। संतकबीरनगर



**दिनांक** 14 नवंबर को वायरल वीडियो एवं अन्य कई शिकायत (जिसमें कई उर्वरक बिक्री केंद्र/समितियों द्वारा रात के समय उर्वरक वितरण का कार्य किया जा रहा था) को संज्ञान में लेते हुए जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर के निर्देश पर उप जिलाधिकारी खलीलाबाद शैलेश दुबे एवं जिला कृषि अधिकारी डॉ0 सर्वेश कुमार यादव द्वारा संयुक्त रूप से साधन सहकारी समिति सेमरा एट मगहर का औचक निरीक्षण किया गया।

जांच में पाया गया कि समिति को 180 बोरी खाद का आवंटन किया गया था जो गत 13 नवंबर को शाम को पहुंची थी साधन सहकारी गोदाम पर जिसमें से लगभग 16 से 20 बोरी डीएपी को वाहन संख्या अप 58 टी 9738 द्वारा उर्वरक गोदाम से रात में 9.00 बजे बाहर भेजी गई इस प्रकार उनके द्वारा रात्रि में वहां से उर्वरक भेजा जाना, बिना कैश मेमो /पीओएस मशीन के द्वारा उर्वरक वितरण करने एवं उर्वरक व्यवसाय की कालाबाजारी में संलिप्त पाया जाना पुष्ट हुआ। अतः शिशिर श्रीवास्तव सचिव साधन सहकारी समिति सेमरा एट मगहर के विरुद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अंतर्गत प्राथमिकी (एफ0आई0आर0)दर्ज करने की कार्यवाही की गई है।

कार्यवाही के दौरान शक्ति विकास उर्वरक सहायक मौजूद रहे। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जनपद में यदि कही भी उर्वरक की कालाबाजारी या निर्धारित मूल्यों से अधित पर उर्वरक बेचने की शिकायत अगर प्राप्त होती है तो संबंधित के खिलाफ उर्वरक नियंत्रण आदेश के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# प्रकाश पर्व पर निकाली गई प्रभात फेरी, किया भजन कीर्तन



**संतकबीरनगर।** सिख धर्म के संस्थापक प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव का 555 प्रकाश पर्व गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा खलीलाबाद में बड़ी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। प्रातः 6.00 बजे प्रभात फेरी गुरुद्वारा से निकाल कर गोला बाजार समय माता मंदिर होते हुए राम जानकी मंदिर पहुंची उसके बाद उसी रास्ते से होते हुए बैंक चौराहा से वापस गुरुद्वारा पहुंची। रास्ते में श्रद्धालुओं द्वारा धन धन बाबा नानक, बाबा नानक तेरी जय हो एवं शब्द का रसपान करते हुए वातावरण भक्ति मय कर दिया। अरदास के बाद प्रभात फेरी का समापन हुआ। शाम के दीवान में बच्चों का प्रोग्राम उनके द्वारा सुनाए गए शबद और गुरुद्वारा के मुख्य ग्रंथि सोहन सिंह जी द्वारा गुरु के शबद सतगुरु नानक प्रगटया मिटी धुंध जग चानन होया, बहन नानकी दा वीर तन मन का फकीर, सुनाकर सबका मन मोह लिया। अरदास के बाद गुरु का अटूट लंगर चलता रहा।

गुरुद्वारा के अध्यक्ष सरदार अजीत सिंह ने बताया कि 1469 ई में तलवंडी नामक ग्राम में ननकाना साहिब में जो अब पाकिस्तान में स्थित है श्री गुरु नानक देव का जन्म हुआ जन्म से ही उन्होंने अपनी तपस्या और भक्ती के कारण सच्चाई का उपदेश देते हुए कई देशों की यात्रा भी की।

# कंबल वितरण कार्यक्रम में शामिल हुईं मंत्री बेबी रानी मौर्य व अन्य भाजपा नेता

- राजेश अग्रहरि ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल
- राघव राम सेवा संस्थान ने दो करोड़ रुपए का दिया दान

संवाददाता। अमेठी



**जिला** पंचायत अध्यक्ष और उद्योगपति राजेश अग्रहरि की राघव राम सेवा संस्थान द्वारा हर वर्ष की तरह ठंड के पहले जरूरतमंदों को आठ हजार कंबलों का वितरण किया गया। कस्बे के रामलीला मैदान में आयोजित कंबल वितरण कार्यक्रम में प्रदेश की कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य के अलावा एमएलसी गोविंद नारायण शुक्ल उर्फ राजा बाबू, एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह, आईजी और कमिश्नर समेत प्रशासनिक अधिकारी शामिल हुए। इस दौरान अमेठी सीएचसी को गंभीर बीमारियों की जांच के लिए एक अल्ट्रासाउंड मशीन और बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने के लिए दो करोड़ रुपए का दान भी दिया गया। अमेठी के जिला पंचायत अध्यक्ष और उद्योगपति राजेश मसाला के द्वारा संचालित राघव राम सेवा संस्थान की तरफ से आज गरीबों और जरूरतमंदों को आठ हजार कंबलों का वितरण किया गया। संस्थान की तरफ से गंभीर बीमारियों की जांच के लिए अमेठी सीएचसी को एक अल्ट्रासाउंड मशीन भी सौंपा गया. संस्थान द्वारा बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने के लिए दो करोड़ रुपए का दान भी दिया गया। इसके अलावा लावारिस लाशों के अंतिम संस्कार की व्यवस्था, गोद लिए गए क्षय रोगियों के लिए पौष्टीक आहार की व्यवस्था, अग्नि पीड़ितों की सहायता, गंभीर बीमारियों से ग्रसित लोगों की स्वास्थ्य व्यवस्था और निराश्रित कन्याओं के विवाह के आर्थिक सहयोग भी दिया गया। बेबी रानी मौर्य ने कहा कि 2017 से पहले उत्तर प्रदेश का अमन चैन अखिलेश के नेतृत्व वाली सपा की सरकार ने खराब कर रखा था दंगा फसाद हो रहे थे योगी और मोदी की सरकार में पूरी तरह से अमन चैन कायम है।

# प्रथम बार द्वाबा महोत्सव का हुआ शुभारम्भ, क्षेत्रवासियों में खुशी



**संतकबीरनगर।** विधायक धनघटा गणेश चंद्र चौहान, नगर पंचायत अध्यक्ष हैंसर श्रीमती रिंकू मणि, जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर, पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता, अपर जिलाधिकारी जयप्रकाश व मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी द्वारा धनघटा तहसील क्षेत्र अंतर्गत सरयू और कुआनो नदी के बीच द्वाबा क्षेत्र में 15 से 17 नवंबर 2024 तक आयोजित होने वाले तीन दिवसीय द्वाबा महोत्सव का मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर भव्य शुभारंभ किया गया। शुभारंभ अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष, हैंसर प्रतिनिधि नीलमणि उपस्थित रहे। शुभारम्भ अवसर पर विधायक धनघटा गणेश चंद्र चौहान व जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने धनघटा तहसील के द्वाबा क्षेत्र में 'द्वाबा महोत्सव-2024' के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने एवं सहयोग के लिए सभी को धन्यवाद देते हुए कहा कि महोत्सव के दौरान लोकनृत्य, लोकगीत, भोजपुरी नाइट, कवि सम्मेलन और मुशायरा सहित खेलों को बढ़ावा देने के लिए कुश्ती, दौड़ के साथ-साथ विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्थानीय कलाकार भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकेंगे।

# असीम श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया गुरु नानक देव जी का 555 वां प्रकाश पर्व

संवाददाता। रायबरेली

**निरंकारी** जोति श्री गुरु नानक देव जी का 555 वां प्रकाश पर्व गुरु नानक नगर गुरुद्वारा व फिरोज गांधी गुरुद्वारे में बहुत ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। सुबह अमृतवेला से ही ज्ञानी जगरूप सिंह जी, ज्ञानी गुरविंदर सिंह जी,सुखमनी सेवा सोसायटी ने सुखमनी साहब का पाठ, नितनेम का पाठ किया,उसके उपरांत हजूरी रागी बलिहार सिंह जी व पंथ के प्रसिद्ध रागी भाई साहब भाई तजिंदर सिंह जी हजूरी रागी श्री दरबार साहिब अमृतसर ने अपने कथा कीर्तन द्वारा संगत को निहाल किया।

जानी जगरूप सिंह जी ने गुरु जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्री गुरु नानक देव जी का जन्म 1469 में तलवंडी (शेखपुरा) जो इस समय पाकिस्तान में है और ननकाना साहिब के नाम से प्रसिद्ध है,में जन्म हुआ था गुरुजी ने ऊंच नीच के भ्रम



को दूर करने के लिए बड़े छोटों को चरण वंदना अर्थात नम्रता के साथ मिलना एवं रहना सिखाया।

समाज के वरिष्ठ सदस्य सुरेंद्र सिंह मोंगा जी ने प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरुजी का जन्म तब हुआ था जब सारा संसार पाप, द्वेष में चल रहा था धर्म की दुनिया में मानव प्रलय आ गई थी, श्री गुरु नानक देव जी ने संसार में एकता, प्रेम, समता का संदेश दिया, सारी सृष्टि की भलाई की अरदास की,गुरुजी ने गरीब भाई लालो जी को सम्मान दिया वही धनी सेठों के यहां जाने से इसलिए मना कर दिया जिन्होंने गरीबों की कमाई को हड़प करके धन इकट्ठा किया था, गुरु जी ने अपनी मेहनत की कमाई करके ही जीवन चलाने की प्रेरणा दी थी गुरुद्वारा साहब में शहर के गण्यमान्य लोगों ने माथा टेक कर गुरुजी का आशीर्वाद प्राप्त किया। उपरांत अरदास के बाद लंगर का आयोजन हुआ जिसमें श्रद्धालुओं ने बड़े उत्साह के साथ लंगर (प्रसाद) ग्रहण किया।

दोनों गुरुद्वारों में परसों से रखे गए अखंड पाठ साहब का समापन देर शाम को होगा। इसमें बाहर से आए रागी एवं कथावाचक के अलावा गुरु गोबिंद सिंह स्टडी सर्कल के वीरो ने भी कीर्तन किया।

### गुरुनानक जी ने दिया सच्चे मार्ग पर चलने का संदेशः सतपाल

**लालगंज, रायबरेली।** श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा लालगंज में गुरुनानक देव महाराज जी का प्रकाश पर्व को बड़ी ही श्रद्धा व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सुबह महिला संगतो ने सुखमनी साहिब का पाठ किया गया। बाद में सरदार सेवा सिंह ने गुरुनानक के जीवन पर प्रकाश डाला। रायबरेली से आये कीर्तन जत्था ने 'कल तारण गुरु नानक आया' कीर्तन कर संगत को निहाल किया। सरदार सतपाल सिंह पालू ने बताया की गुरु नानक देव जी ने अपने जीवन काल में चार उदासिया (यात्राएं) 27000 किलोमीटर पैदल चलकर संसार को सच्चे मार्ग पर चलने का सन्देश दिया।

# कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर पचनद में श्रद्धालुओं ने लगायी आस्था की डुबकी



**उरई, जालौन।** कार्तिक पूर्णिमा पर पचनद स्नान घाट पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार ने कार्तिक पूर्णिमा को लेकर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया, अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। स्नान को लेकर यमुना घाट पर बैरीकेटिंग लगाई गई है। उधर, स्नान को देखते हुए पचनद घाट के आसपास नाविकों व गोताखोरों की तैनाती की गई है। ताकि किसी तरह की अनहोनी को होने से रोका जा सके। यहां पर कार्तिक पूर्णिमा पर लाखों की संख्या में लोग सूर्य को अर्द्ध देकर स्नान करते हैं। स्नान को देखते हुए प्रशासन ने सारे बंदोबस्त कर लिए हैं। पर्याप्त पुलिस फोर्स की तैनाती की गई है। स्नान करने के लिए आने वाले लोगों के साथ आने वाले वाहनों के पार्किंग की व्यवस्था का भी जायजा लिया।

उन्होंने इस संबंध में निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की सुविधा न होने पाए इसके लिए आवश्यकता अनुसार सभी पकता इंतजाम रहे। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सुरेश कुमार पाल, क्षेत्राधिकारी राम सिंह, ग्राम प्रधान आदि सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# चौकी के सामने खड़े ट्रक से बाईक सवार युवक भिड़े, दो लोगों की मौत

संवाददाता। लालगंज, रायबरेली



**कार्तिक** पूर्णिमा पर गंगा स्नान करने डलमऊ जा रहे मोटरसाईकिल सवार बहाई गांव के सामने सड़क पर खड़े ट्रक से जा भिड़े जिसमें बाईक सवार दो युवको की मौके पर ही मौत हो गई। तीसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा बीती रात करीब 12 बजे का है। बहाई पुलिस चौकी के ठीक सामने हुए इस हादसे के लिये नागरिको ने पुलिस को दोषी ठहराया है। जानकारी के अनुसार हरचंदपुर थाना क्षेत्र के पैडेपुर गांव निवासी सुमित लोधी पुत्र रामू अपने दो साथियों अंतिम पुत्र हरचंद व सुशील पुत्र सुंदर के साथ गंगा स्नान के लिये डलमऊ जा रहा था। तभी सड़क के किनारे खड़े ट्रक से मोटर साईकिल सवार युवक जा भिड़े। घटना में अंतिम(18) व सुशील(22) की मौक पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि सुमित(25) गंभीर रूप से घायल है। इलाज के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां सुमित को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिये रेफर कर दिया है।

पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर शवों को पोस्टमार्टम के लिये जिला चिकित्सालय भेज दिया है। गंगा स्नान को लेकर एक ओर जिला पुलिस प्रशासन भारी वाहनो का गंगा तटीय मार्गवर्ती इलाको से गुजरने पर रोक लगाकर यातायात व्यवस्था को चाक चौबंद करने का दावा कर रहा था वही भारी वाहन रास्तो और ढाबो पर मार्ग के किनारे ही खड़े थे।

जिससे स्नानार्थियो को जान को हथेली में लेकर गंगा तटो पर पहुंचना पड़ा। पुलिस चौकी के ठीक सामने यह ट्रक मार्ग पर ही खड़ा था। जिसकी पुलिस ने पूरी तरह से अनदेखी की। फलस्वरूप दोनो युवको को अपनी जान देकर पुलिस की लापरवाही का खामियाजा भुगतना पड़ा।

# नेत्र रोगियों का 17 को किया जायेगा परीक्षण

**कालपी, जालौन।** रविवार को नगर के रोजबड्र्स पब्लिक स्कूल में नेत्र शिविर का आयोजन होगा जिसमें नेत्र परीक्षण के साथ मुफ्त में आपरेशन भी किया जाएगा। डॉक्टर जवाहरलाल रोहित की स्मारक नेत्र चिकित्सालय कानपुर के तत्वाधान में नगर के रोज बड्स पब्लिक स्कूल पोस्ट ऑफिस के सामने कालपी में विशाल निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें डॉक्टर जवाहरलाल रोहतगी आई हॉस्पिटल कानपुर के डॉक्टर द्वारा नेत्रों का परीक्षण किया जाना है। शिविर के आयोजक मनोज चतुर्वेदी ने बताया की रविवार 17 नवंबर को सुबह 11 बजे से नगर के रोज वर्डस पब्लिक स्कूल में नेत्र परीक्षण शिविर लगाया जा रहा है जिसमें मोतियाबिंद के मरीज का परीक्षण करके उन्हें ऑपरेशन के लिए कानपुर ले जाया जाएगा जहां उनका ऑपरेशन होने के बाद उन्हें वापस कालपी भेजा जाएगा इसके अलावा आंखों की अन्य जांच भी की जाएगी और उन्हें उचित सलाह दी जाएगी।

# एक व्यक्ति के रक्त से अब चार मरीजों को होगा फायदा, बाहर से नहीं करानी पड़ेगी थॉयरायड जांच

संवाददाता। उरई, जालौन



**जिला** चिकित्सालय पुरुष में अब ब्लड कंपोनेंट सेपरेटर यूनिट से आरबीसी डब्ल्यू बीसी प्लेटलेट्स और प्लाज्मा अलग-अलग किए जाएंगे जिसमें चार लाभार्थी एक ही आदमी के ब्लड से चार लाभार्थियों को फायदा होगा, और थायरॉइड की मशीन से (टी3, टी4, टीएसएच) जाँच की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध होगी। इस सुविधा का जायजा लेने के लिए जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने अस्पताल का दौरा किया और अधिकारियों से जानकारी ली।

जिलाधिकारी ने कहा कि अब मरीजों को थायरॉइड की जांच के लिए बाहर जाने की आवश्यकता नहीं होगी, और न ही उन्हें निजी अस्पतालों में महंगी जांच करानी पड़ेगी। उन्होंने बताया कि अस्पताल में यह जांच हर कार्य दिवस में सुबह 8 बजे से लेकर दोपहर 2 बजे तक निःशुल्क उपलब्ध होगी। इससे मरीजों को न केवल सुविधा होगी, बल्कि कम से कम 500 से 1000 रुपये की भी बचत होगी।

यह पहल स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतर सुविधा सुनिश्चित करने और लोगों को राहत देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस बाबत जिलाधिकारी ने कहा कि अब लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए जिला चिकित्सालय द्वारा विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। जिला अस्पताल में ब्लड कंपोनेंट सेपरेटर यूनिट इस यूनिट से आरबीसी डब्ल्यूबीसी प्लेटलेट्स और प्लाज्मा अलग-अलग किए जाएंगे इसमें से चार लाभार्थी एक ही आदमी के ब्लड से चार लाभ आर्थियों को फायदा होगा।

जिसको आरबीसी की कमी होगी उसको आरबीसी चढ़ाया जाएगा जिसको डब्ल्यूबीसी की कमी होगी डीसी चढ़ाया जाएगा जिसको प्लेटलेट्स की कमी होगी उसको प्लेटलेट चढ़ाया जाएगा और जिसको प्लाज्मा की कमी होगी उसको प्लाज्मा चढ़ाया जाएगा।

# ईको चोरी का मामला सप्ताह भर बाद हुआ दर्ज

**कालपी, जालौन।** सप्ताह पूर्व क्षेत्र के ग्राम मोतीनगर से हुई ईको कार चोरी का मामला आखिर दर्ज हो गया। पुलिस ने उसकी खोज शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मोतीनगर निवासी रघुवीर प्रसाद पुत्र सीताराम ने कोतवाली पुलिस को दिए शिकायती पत्र के माध्यम से बीते सप्ताह अवगत कराया था कि 7-8 नवम्बर की रात्रि रोजना की तरह उसने अपनी सफेद रंग की ईको कार यूपी 92 एएच 3156 घर के समीप बने मन्दिर के सामने खड़ी कर दी थी कि तभी रात्रि तकरीबन 3 बजे चोर उसकी चार पहिया कार को चोरी कर ले गये थे। जब वह सुबह जागा तो कार गायब मिली पीड़ित ने तत्काल सूचना चौकी इंचार्ज को दी थी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की तो पुलिस के हाथों सीसीटीवी फुटेज भी लगे थे। और अब कई दिनों की कवायद के बाद गुरुवार को पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध चोरी का मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

# शिक्षिका के पति की हत्या का खुलासा करने वाली पुलिस टीम को किया गया सम्मानित

संवाददाता। जालौन, उरई




**शिक्षिका** के पति की हत्या का खुलासा करने वाली पुलिस टीम को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने फूल मालाएं पहनाकर सम्मानित किया।

चुर्खी थाना क्षेत्र के ग्राम बिनौरा वैध में स्थित खेत में बीती 30 अगस्त को एक व्यक्ति का शव रक्तरंजित अवस्था में मिला था। मृतक की शिक्षिका पत्नी प्रीति उदैनियां निवासी स्टेशन रोड उरई ने शव की शिनाख्त उसके पति आशीष पंडित निवासी ग्राम खनुआं के रूप में की थी।

साथ ही पुलिस को बताया था कि बीआरसी भिटारा में मीटिंग के लिए पति उसे बाइक से छोड़कर चले गए थे, तभी से वह लापता थे। आशीष की हत्या के मामले में पुलिस ने बीती 26 अक्टूबर कृष्णपाल सिंह उर्फ छोटे साहब निवासी ग्राम शेखपुर खुर्द को पकड़कर घटना का खुलासा किया था। यह मामला शराब पीने के दौरान झगड़ा को लेकर था।

हत्या के बाद उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष विद्यासागर मिश्रा ने पदाधिकारियों के साथ मिलकर अधिकारियों से मिलकर हत्या के खुलासे की मांग की थी।

वहीं, हत्या का खुलासा होने पर शुक्रवार को जिलाध्यक्ष विद्यासागर मिश्रा, तहसील प्रभारी बृजेंद्र दूरबार, सेवानिवृत्त शिक्षक ओम नारायण दीक्षित, देवेंद्र द्विवेदी, अरविंद श्रीवास्तव, नगेंद्र सिंह आदि ने खुलासा करने वाली टीम में शामिल सीओ शैलेंद्र बाजपेयी, कोतवाल वीरेंद्र पटेल, एसआई ओंकार सिंह, आरक्षी कुंअरपाल सिंह, विकास कुमार, सौरभ नागर का माल्यर्पण कर और स्मृति चिन्ह भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर अरविंद वर्मा, आशीष द्विवेदी, प्रशांत पुरवार, अशोक जाटव, योगेश पचौरी, आलोक याज्ञिक, अनिल सिंह विराट, अमित सेंगर, केशव द्विवेदी, जीवन त्रिपाठी, सतेंद्र सिंह आदि अन्य कई लोग भी मौजूद रहे।

# डीएम ने एक करोड़ से अधिक लागत वाली परियोजनाओं की समीक्षा की

**उरई, जालौन।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में सीएम डैशबोर्ड, विकास कार्यों व एक करोड़ से अधिक लगत की परियोजनाओं की समीक्षा बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन पारदर्शी एवं बेहतर ढंग से किया जाए ताकि सरकार की योजनाओं से वंचित लोगों को जोड़ा जा सके और उनकी समस्याओं का भी बुनियादी समाधान हो सके।

सभी संबंधित अधिकारी लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति में सुधार लाएं और टीम भावना के साथ कार्य करें। यदि किसी भी अधिकारी की प्रगति में शिथिलता पाई गई तो निश्चित ही कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि जनशिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापरक निस्तारण के लिए अधिकारी प्रतिदिन अपना विभागीय पोर्टल चौक करे। लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए कि निमार्णाधीन सडकों एंव परियोजनाओं को समयबद्धता के साथ पूर्ण करें। उन्होंने निर्देश दिए कि जो कार्य या परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी है उनकी जानकारी जनप्रतिनिधियों को दी जाए जिससे समय से लोकार्पण का कार्य हो सके। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सर्दी का मौसम आ गया है अभी से ही गौशालाओं में गोवंशों के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास, प्रभागीय वनाधिकारी प्रदीप कुमार, प्रभारी जिला विकास अधिकारी महेंद्र चौबे, परियोजना निदेशक अखिलेश तिवारी, डीसी मनरेगा रामेन्द्र सिंह आदि सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# लोकतंत्र रक्षक सेनानियों ने शासन से सम्मान राशि बढ़ाने का किया आग्रह

संवाददाता। उरई, जालौन

**भारतीय** लोकतंत्र रक्षक सेनानी समिति उत्तर प्रदेश की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक प्रदेश अध्यक्ष राजाराम व्यास की अध्यक्षता में 34 बी विधायक निवास दारुलशफा लखनऊ में आयोजित की गयी। बैठक में लोकतंत्र सेनानियों के प्रति उत्तर प्रदेश सरकार की उपेक्षात्मक नीति के प्रति आक्रोश व्यक्त किया गया। गत वर्ष 11 नवंबर 2023 को लखनऊ के विश्वेश्वरैया सभागार में लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जन्म जयंती पर प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, राजनैतिक पेंशन मंत्री धर्मपाल सिंह एवं परिवहन राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह ने एक स्वर से लोकतंत्र सेनानियों की सम्मान राशि में पांच हजार रुपए मासिक की वृद्धि की घोषणा की थी लेकिन एक वर्ष व्यतीत हो जाने के बाबजूद भी आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

इतना ही नहीं विधानपरिषद में भी उक्त सम्मान राशि वृद्धि का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुआ था किन्तु उसे भी रद्दी की टोकरी में डाल दिया गया है। यह सीधा सीधा संवैधानिक संस्था का निरादर है। सेनानियों ने इस पर आक्रोश व्यक्त करते हुए शासन से शीघ्र ही सम्मान राशि में वृद्धि करने का प्रस्ताव पारित किया।

बैठक में महामंत्री नवलकिशोर मिश्रा ने दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि लोकतंत्र सेनानियों के आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया विगत तीन वर्षों से चल रही है किन्तु आज तक किसी भी सेनानी का आयुष्मान कार्ड नहीं बन सका है। जबकि तीन तीन बार अभिलेख जनपदों से लखनऊ भेजा जा चुका है। शासन की इस कछुआ चाल पर भी सभी सेनानियों ने दुःख व आक्रोश व्यक्त किया। बैठक में महामंत्री वीरेन्द्र कुमार अटल व संगठन प्रवक्ता डॉ देवेन्द्र चौतन्य ने संगठन की मांगों से संबंधित एक विस्तृत ज्ञापन तैयार कर उप चुनावों के पश्चात मुख्यमंत्री से मिलकर उनके सम्यक निदान हेतु अनुरोध करने का निश्चय किया गया। बैठक में विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित लोकतंत्र सेनानी संघ के नेता लोलार्क उपाध्याय ने विधानसभा के आगामी शीतकालीन सत्र के अवसर पर एक दिवसीय धरनाध्प्रर्दशन का प्रस्ताव रखा जिस पर सभी ने सहमति व्यक्त की। बैठक में उपस्थित संगठन के कोषाध्यक्ष चौधरी बृजगोपाल अग्रवाल ने गत सत्र का आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया गया।

श्री चौधरी ने आगामी सत्र की सदस्यता हेतु सभी को रसीद बहियां उपलब्ध कराई। प्रदेश मंत्री यतीश द्विवेदी ने संगठन को सुदृढ़ व सबल बनाने हेतु प्रदेश के विभिन्न मंडलों में प्रभारियों को नियुक्त करने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया जिसे सभी ने स्वीकार कर लिया तथा प्रभारियों के नाम सुझाए।

## उत्साह, उल्लास व उमंग के साथ मना जनजाति गौरव दिवस

**● स्टॉलो पर उमड़े जनजातीय समाज के लोग, मिली सौगाते ● सांस्कृतिक कार्यक्रमों में दिखी जनजातीय समाज की संस्कृति व सभ्यता की झांकी**

**लखीमपुर खीरी।** शुक्रवार को खीरी जिले के सुदूरवर्ती सीमावर्ती जनजातीय क्षेत्र के ग्राम सोनहा के एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय में बिरसा मुंडा की जन्म जयंती पर जनजाति गौरव दिवस को उत्साह, उल्लास और उमंग के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख पलिया वीरेंद्र शुक्ला ने डीपीआरओ विशाल सिंह, परियोजना अधिकारी यूके सिंह अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों संग फीता काट कर किया। पीओ यूके सिंह ने ष्जनजातीय गौरव और संघर्ष के प्रतीक भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए आजादी के आंदोलन में जनजातीय समाज के संघर्ष को याद किया। जनजातीय क्षेत्र के लिए चलाई जा रही विकासपरक कार्यक्रमों की विस्तृत एवं बिंदुवार जानकारी दी। जनजातीय समुदाय के गौरवमयी इतिहास के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी। ब्लॉक प्रमुख वीरेंद्र शुक्ला ने कहा कि जनजातीय समुदाय के मातृभूमि के प्रति त्याग, निष्ठा और वीरता को प्रेरणा का स्रोत है। लॉक प्रमुख वीरेंद्र शुक्ला व पीओ यूके सिंह ने डीपीआरओ विशाल सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी राम जनम, जिला समाज कल्याण अधिकारी ;विकासद्ध तेजस्वी, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी एस के सचान संग विभिन्न विभागीय स्टालों का अवलोकन किया। इस दौरान थारू जनजाति की महिलाओं बालिकाओं से एक एक कर मुलाकात कर संवाद किया। एकलव्य आवासीय मॉडल विद्यालय की बालिकाओं ने स्वागत गीत एवं थारू महिलाओं ने थारू होली नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति देकर सभी का मन मोहा। विभिन्न लाभार्थियों को योजनाओं की सौगातें दी।

### योजनाओं को लेकर जनजातीय क्षेत्र पहुंचा अफसरो का दल

जनजातीय गौरव दिवस पर जिला स्तरीय अधिकारियों का दल केंद्र, प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओ को लेकर जनजातीय क्षेत्र पहुंचे, बैंकिंग, समाज कल्याण, कृषि, स्वास्थ्य, आयुर्वेद, खाद एवं रसद, जनजाति विकास, ग्राम्य विकास, पंचायती राज, पशुपालन विभाग सहित विभिन्न विभागों ने स्टालो का अवलोकन कर जानकारी लेकर जरूरी निर्देश दिए।

### जनजाति गौरव दिवस पर हुआ अलंकरण

ब्लॉक प्रमुख और जिला स्तरीय अफसरो ने पीओ यूके सिंह के संयोजन में जनजाति समाज की जिला पंचायत सदस्य लीला देवी, थारू जनजाति संघ के अध्यक्ष फूल सिंह राणा, बड़ी संख्या में नीट, इंजीनिरिंग जैसी महत्वपूर्ण परीक्षाओं सहित विभिन्न सरकारी सेवाओं में चयनित थारू समाज के युवाओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

### कवियों ने सुनाया जनजातीय समाज का गौरव गान

जनजाति गौरव दिवस पर कार्यक्रम में जनजाति समाज पर एक लघु फिल्म दिखाई गई। कवि राजेंद्र तिवारी कंठक, कमलेश धुरंधर ने कविता के माध्यम से बिरसा मुंडा को नमन करते हुए उनके उपरीता और व्यक्तित्व को सुनाया।

### दिखी जनजातीय समाज की संस्कृति और सभ्यता की झांकी

जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय में राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय प्राथमिक विद्यालय एवं एकलव्य विद्यालय के स्कूली छात्र.छात्राओं ने जनजातीय समाज की संस्कृति और सभ्यता पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

## घायल बाइक सवार युवक की मौत

**राठ (हमीरपुर)।** हमीरपुर मार्ग स्थित धनौरी मंडी के झाड़ियों में बाइक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल को इलाज के लिए सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सक ने उसके मृत घोषित कर दिया है। अभी युवक की शिनाख्त नहीं हुई है। शुक्रवार की दोपहर हमीरपुर रोड स्थित धनौरी मंडी के पास झाड़ियों में बाइक सहित 35 वर्षीय युवक घायल अवस्था में पड़ा हुआ था। वहां से निकल रहे ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी पुलिस ने उसे अस्पताल पहुचाया जहा डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। कोतवाल उमेश सिंह ने बताया बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में गिर जाने युवक की मौत हुई है। युवक के शव की अभी शिनाख्त नहीं हुई है। जिससे सीएचसी के शव गृह में रखवा दिया है। शिनाख्त होने पर कुछ जानकारी लगेगी।

## शिवराजपुर कार्तिक मेले का शुभारंभ, घोड़ों की लगी बाज़ार

**चौडगरा (फतेहपुर)।** मलवा विकासखंड के शिवराजपुर में कार्तिक मेले का शुभारंभ आज कार्तिक पूर्णिमा से शुरू हो गया है।मेले में जनपद के अलावा दूर-दूर अन्य जनपदों से भी व्यापारी आए हुए हैं। मेले में आने वाले भक्तगण गंगा में डुबकी लगाकर गिरधर गोपाल के दर्शन किए। पुराणों में शिवराजपुर का नाम छोटी काशी के रूप में जाना जाता है। मेले में लकड़ी से निर्मित दैनिक उपयोग की वस्तुए, खिलौने, कपड़ों की दुकानें, जलपान, पत्थर से निर्मित दैनिक उपयोग की वस्तुएं आदि की दुकानें सजी है। छोटे बड़े झूले लगाए गए हैं जिनमें बच्चे झूलते हुए दिखाई पड़े।

घोड़े की खरीदारी करते दिखे व्यापारी: कानपुर सिमर यशोदा नगर बाईपास निवासी दीपक घोड़ा खरीदने नजर आए। गाजीपुर निवासी इदरीस ने बताया कि चार घोड़े लेकर आए थे दो घोड़े को आज बेंच दिया है। आदि गुरु शंकराचार्य आश्रम में सतचंडी महायज्ञ के साथ शिव कथा: आदि गुरु शंकराचार्य आश्रम में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर सत्यानंद जी महाराज के दर्शन कर यज्ञ अनुष्ठान में सम्मिलित हुए और कथा का रसपान किया। आज यज्ञाचार्य राजन अवस्थी, मनीष बाजपेई, अनुभव तिवारी, शुभम तिवारी, आदर्श तिवारी, आशुतोष दुबे, शिवा दीक्षित, ने विधि विधान से यज्ञ संपन्न कराया।

यज्ञाचार्य राजन अवस्थी ने 5 बटुकों का यज्ञोपवीत संस्कार भी कराया। वही कथावाचक केशव दास जी महाराज ने शिव विवाह की कथा सुनाई। शिव विवाह की कथा सुन भक्त भाव विभोर हो गए। केशव जी महाराज ने कहा कि शंकर जी की भक्ति के बिना राम की भक्ति संभव नहीं और राम की भक्ति के बिना शिव की भक्ति संभव नहीं दोनों ही एक दूसरे के पूरक हैं।

## वाहन की टक्कर से वाइक सवार युवक की मृत्यु

**कुरारा( हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के कुतुबपुर व शिवनी गांव के बीच बीती रात बाइक सवार को अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो कर सड़क किनारे बाइक सहित गिर गया। तथा उसकी मौत हो गई। सुबह जानकारी होने पर पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्ट मार्टम को भेज दिया है। क्षेत्र के पतारा ग्राम पंचायत के मजरा कयोटरा गांव निवासी युवक अजय कुमार (22) अपनी बाइक से क्षेत्र के मनकी गांव से लौट कर गांव आ रहा था तभी देर रात शिवनी व कुतुबपुर गांव के बीच में उसकी बाइक में किसी वाहन ने टक्कर मार दिया। जिससे वह बाइक सहित सड़क किनारे गिर गया। तथा रात भर वही पड़ा रहा । सुबह जब ग्रामीण खेतो तरफ जा रहे थे। तो देखकर थाना पुलिस को सूचना दी। तब पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## धूमधाम से मनाया गुरुनानक देव जी का प्रकाश पर्व

**● कीर्तन व अरदास के बाद लंगर का हुआ आयोजन**

**फतेहपुर।** गुरूनानक देव जी का 555वां प्रकाश पर्व सिक्ख समुदाय ने धूमधाम से मनाया। गुरूद्वारे में कीर्तन व अरदास का आयोजन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने हिस्सा लिया। तत्पश्चात परिसर में ही विशाल लंगर कराया गया। जिसमें सभी वर्गों के लोगों ने पंक्ति में बैठकर लंगर छका। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में प्रधान चरनजीत सिंह की अगुवई में कार्यक्रम हुआ।

ज्ञानी पवन सिंह ने गुरु नानक देव जी के इतिहास में प्रकाश डालते हुए बताया कि गुरु नानक देव जी संत सिपाही व जगत के पीर थे। उन्होंने जगत में आकर लोगों को कर्म कांड से हटाकर परमात्मा के चरणों मे जोड़ा। सतगुरु नानक प्रगटेया, मिटी धुंध जग चानन होआ। ज्ञानी जी ने गुरुनानक देव जी की वाणी में प्रकाश डाला। उसके बाद ज्ञानी जी द्वारा सबद-कीर्तन, अरदास व मुख्य वाक्य लेते हुए समाप्ति हुई। समाप्ति के उपरांत सभी भक्तों ने लंगर प्रसाद ग्रहण किया। गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में मुख्य चिकित्साधिकारी राजीव नयन गिरि, चेयरमेन नगर पालिका परिषद फतेहपुर राजकुमार मौर्या ने भी शिरकत की। इस मौके पर जतिंदर पाल सिंह, संतोष सिंह, हरमंगल सिंह, गोविंद सिंह, परमिंदर सिंह, वरिंदर सिंह, सोनी सिंह, रिंकू सिंह, व्यापार मंडल से प्रदीप गर्ग, सभासद विनय तिवारी, अतीश पासवान, गुरमीत सिंह, बंटी, कवलजीत सिंह, शाहरुख व महिलाओं में हरजीत कौर, हरविंदर कौर, सतबीर कौर, मंजीत कौर, प्रभजीत कौर, जसपाल कौर, गुरप्रीत कौर, खुशी, प्रभजस, वीर सिंह अन्य उपस्थित रहे।

## खड़े डंपर में रोडवेज बस घुसी, पीछे से अर्टिगा करने बीमारी टक्कर एक की मौत, 20 घायल

**संवाददाता।** अमृतपुर. फर्रुखाबाद

**बीती** रात थाना क्षेत्र के ग्राम जैनापुर के पास सड़क किनारे गिट्टी लदे खराब ट्रक में पीछे से आ रही हरदोई डिपो की बस तेजी से टकरा गयी। पीछे से आयी कार बस के पीछे घुस गयी। जिसमे लगभग 20 यात्री घायल हो गये और एक युवती की मौत हो गयी। जनपद हरदोई के मरसा थरसा निवासी सरमीम परिवार के साथ दिल्ली के दादरी में रहते हैं। वह मरसा में एक गमी मे जा रहे थे। वह परिवार सहित हरदोई डिपो की रोडबेज बस में सवार थे। थाना राजेपुर के जैनापुर गाँव के पास सड़क किनारे गिट्टी लदा डम्पर खड़ा था। कोहरा तेज होनें के कारण बस ड्राइवर उसे नहीं देख पाया और तेज रफ्तार रोड़बेज बस उसमे पीछे से जा घुसी। जिससे सरमीम पुत्र यासीनए सरमीम की पत्नी नूरजहाँ, 20 वर्षीय शहाना पुत्री सरमीम, 19 वर्षीय कलीम, 14 वर्षीय अलीम, 12 वर्षीय फहीमए 8 वर्षीय रहीम पुत्र सरमीम, 26 वर्षीय शबाना पत्नी राजा, 5 वर्षीय रोजी पुत्री राजा, 16 वर्षीय हसनीन पुत्री राजा, 12 वर्षीय रूबी पुत्री राजा, 5 वर्षीय जिसान पुत्र राजा निवासी हरीपुरवा हरदोई, 38 वर्षीय शबनम पत्नी रियासुद्दीन, 20 वर्षीय अफरिन पुत्री रियासुद्दीन, 14 वर्षीय शहनूर पुत्र रियासुद्दीन निवासी अटवा कटईया टड़ियावां हरदोई, 5 वर्षीय जायरा पुत्री समीर अहमद निवासी पलुआ बधौली हरदोई, रुखसार पत्नी बाबू अलीए शाशि पत्नी सुनील निवासी खिचड़ी पहाड़पुर हरदोई व कार सबार 32 वर्षीय हर्षित पुत्र श्याम कुमार निवासी रामपुर्वा कानपुर घायल हो गये ।घायलों को लोहिया अस्पताल में भर्ती किया गया। जहाँ से घायल शहनूर पुत्र रियासुद्दीन व शशि पत्नी सुनील की हालत गंभीर होनें पर उन्हें हायर सेंटर रिफर कर दिया गया।

घटना रात लगभग 2 बजकर 30 मिनट की बतायी जा रही है ।जानकारी मिलने के बाद मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक डाण् संजय सिंहए सीओ रविन्द्र नाथ राय राजेपुर थाना प्रभारी योगेन्द्र कुमार सोलंकी पंहुचे और जानकारी ली। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस के आगे के हिस्से के परखच्चे उड़ गए।

## बाइक की टक्कर से युवक की मौत

**फतेहपुर।** किशनपुर थाना क्षेत्र के रारी मोड़ डिग्री कॉलेज के समीप गुरूवार की रात पैदल सब्जी लेने जा रहे 18 वर्षीय युवक को बाइक ने टक्कर तार दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिए हरदो अस्पताल ले जा रहे थे। तभी रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के सरौली गांव निवासी प्रेम का पुत्र सोनू गुरूवार की रात 8 बजे पैदल सब्जी लेने जा रहा था।

## वाहन की टक्कर से अधेड़ की मौत

**राठ( हमीरपुर)।** तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से अधेड़ की उपचार के दौरान मृत्यु हो गयी,पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है। मझगवां थाने के बकरई गांव निवासी इकरार ने पुलिस को बताया कि 17 अक्टूबर की शाम कदीर मुहम्मद बाइक से बिहूंनी थाना मुस्करा तेरहवीं संस्कार में शामिल होने के जा रहे थे। रात करीब नौ बजे जैसे ही उसके पिता धनौरी गांव के आगे सरसेड़ा मोड़ पर पहुंचे तो तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी थी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घायल अवस्था में उन्हें सीएचसी ले गए। जहां से उन्हें मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया। जहां उनकी मौत हो गई है। बताया कि 19 अक्टूबर को पिता की तलाश करने पर पता चला कि उनकी मौत दुर्घटना से हुई है। वह मेडिकल कालेज उरई पहुंचे। जहां उनकी शिनाख्त पिता के रूप में हुई। मृतक के पुत्र कोतवाली में अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है।

## क्विक न्यूज

### सड़क किनारे खड़ी कंपोस्ट खाद से भरी ट्रैक्टर.ट्राली से टकरायी बाइक, तीन की दर्दनाक मौत

**कायमगंज/फर्रुखाबाद।** कोतवाली क्षेत्र देर रात सड़क पर खड़े ट्रैक्टर.ट्राली से बाइक सवार पीछे से टकरा गयेद्य जिसमे दो को सीएचसी में मृत घोषित किया गयाए जबकि तीसरे घायल को लोहिया अस्पताल भेजा गया जहाँ उसे मृत घोषित कर दिया गया। परिजनों में चीत्कार मच गयी। कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के ग्राम पपड़ी खुर्द बुजुर्ग निवासी 24 वर्षीय अंकित पुत्र सुरेंद्र यादव उर्फभूरे गांव के 22 वर्षीय अमित पुत्र दयाराम शाक्य व ग्राम अरियारा निवासी हितेश पुत्र सुखपाल साथ बीती देर रात बाइक से जा रहे थेद्य हितेश जेसीबी चालक भी थाद्य थाना शमसाबाद के ग्राम खुड़नाखार मोड के निकट सड़क पर खडी ट्रैक्टर ट्रॉली मे बाइक टकरा गई। जिससे अंकितएअमित व हितेश गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को 108 एम्बुलेंस से कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाया गया। डाव अमित कुमार ने अंकित व अमित को मृत घोषित कर दिया। हितेश की हालत गंभीर होनें पर उसे सीएचसी से लोहिया अस्पताल के लिए रेफर किया गयाद्य ईएमटी राजीव नें हितेश को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया द्य जहाँ चिकित्सक नें उसे मृत घोषित कर दिया। कायमगंज प्रभारी निरीक्षक रामअवतार फोर्स के साथ मौके पर पंहुचे और जाँच की द्य अंकित की मां रामायनश्रीए अमित की मां सुनीता व हितेश की माँ सोनतारा का रो.रो कर बुरा हाल हो गया। सभी शवों का पंचनामा भरकर पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया है ।

### पढ़ुआ थाना क्षेत्र के गांव में ससुराल जा रहे धौरहरा कस्बे के एक व्यक्ति की अज्ञात वाहन से टक्कर में मौत

**ढखेरवा।** थाना इंचार्ज ने बताया कि धौरहरा थाना क्षेत्र के कस्बा पठानवार्ड निवासी 26 वर्षीय पंकज पुत्र रंगीलाल देर रात करीब 8 बजे बुधवार को मोटरसाइकिलहीरो डील्स से अपनी ससुराल पढ़ुआ थाना क्षेत्र के गांव दुलही जा रहा था। दुलही रोड पर अज्ञात वाहन से भीषण एक्सीडेंट में गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पढ़ुआ थाना से दरोगा अभिषेक सिंह मौके पर पहुंच कर एंबुलेंस से पंकज को सीएचसी रमियाबेहड भेजा गया। जहां डॉक्टरों ने जांचोपरात गंभीर रूप से घायल पंकज को मृत घोषित कर दिया। शव का पंचायतनामा भरकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजा दिया गया है।थाना अध्यक्ष निराला तिवारी ने बताया क्षतिग्रस्त मोटरसाइकिल को कब्जे में लेकर थाना प्रांगण पढ़ुआ में खड़ा कराया गया है। मिली जानकारी अनुसार पंकज की शादी करीब चार वर्ष पूर्व दुलही से हुई थीं। मौके पर शांति व्यवस्था बनी हुई है।

### एससओ की लापरवाही से गंभीर रूप से झुलसा लाइनमैन

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** शटडाउन लेकर विद्युत समस्या का निस्तारण कर रहा संविदा लाइनमैन एसएसओ की लापरवाही के चलते झुलसकर गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं घटना की जानकारी होने पर एसएसओ मौके से फरार हो गया। घायल संविदा कर्मी के पिता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम बबरापुर निवासी रघुवर दयाल पुत्र जीवा लाल द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि गुरुवार की दोपहर 01:45 बजे क्षेत्र के ग्राम सराय प्रयाग के विद्युत उपकेंद्र पर तैनात एसएसओ योगेंद्र सिंह पुत्र रविंद्र सिंह निवासी दहिरापुर से उसके पुत्र संविदा लाइनमैन सुदेश कुमार ने सराय प्रयाग पीटीडब्ल्यू एवं ग्रामीण फीडर का शटडाउन लिया था। लेकिन एसएसओ ने लापरवाही के चलते पीटीडब्ल्यू का फीडर शटडाउन नहीं किया। जिससे उसका पुत्र संविदा लाइन मैंन सुदेश कुमार झुलसकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना पाकर ड्यूटी पर तैनात एसएसओ योगेंद्र सिंह मौके से फरार हो गया। पीड़ित ने बताया कि शटडाउन लेने की रिकॉर्डिंग उसके पास स्टोर है। अवर अभियंता जितेंद्र कुमार एवं परिजनों की सहायता से गंभीर रूप से झुलसे लाइनमैन को इलाज के लिए नगर के चिकित्सालय भर्ती कराया गया जहां हालत चिंताजनक होने के कारण पड़ोसी जनपद कानपुर स्थित निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। संविदा कर्मी के पिता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जॉच शुरू कर दी गई है।



### जुताई के दौरान किसान की दर्दनाक मौत

**बकेवर (फतेहपुर)।** बकेवर थाना क्षेत्र के मुसाफा और जलाला गांव के बीच खेतों में जुताई के दौरान एक दर्दनाक हादसे में दलित किसान बाबूराम सोनकर (50 वर्ष) की मृत्यु हो गई। गुरुवार रात को बाबूराम अपने खेत की जुताई के लिए गांव के एक ट्रैक्टर का सहारा ले रहे थे, लेकिन चादर रोटावेटर में फंस गई और वह संतुलन खो बैठे। हादसे में उनका सिर रोटावेटर में फंस गया, उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस दर्दनाक घटना ने पूरे गांव को शोक में डूबा दिया है। मृतक बाबूराम के परिवार में उनकी पत्नी सुनीता और पांच बच्चे हैं।

## बैनामा में दो फीसदी विकास शुल्क लेकर हर साल जिले से शासन को दिया जाता है करीब बारह करोड़ रुपये

**हमीरपुर।** निबंधन विभाग में किसी संपत्ति को बेचने में बैनामा कराने पर संबंधित खरीदार से विकास शुल्क के नाम पर दो फीसदी अधिक शुल्क लिया जाता है। जिले से साल भर में करीब बारह करोड़ रुपये शासन को विकास शुल्क के नाम पर दिया जाता है। शासन इसी धनराशि को एकत्र कर प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों के विकास के लिये बजट आवंटित करता है। जिले के रजिस्ट्रार दफ्तर में जो भी व्यक्ति संपत्ति को खरीद कर बैनामा कराने जाता है उसे शासन से निर्धारित टैक्स के अलावा दो फीसदी अतिरिक्त शुल्क लिया जाता है उसे विकास शुल्क के नाम से जाना जाता है। यह परंपरा शुरु से चली आ रही है, जिले से करीब बारह करोड रुपये की धनराशि हर वर्ष शासन को विकास शुल्क के नाम पर दी जाती है। विभाग के स्टाम्प एआईजी धीरेंद्र प्रताप ने बताया कि जिले में जितनी अधिक संपत्ति खरीदारी बेची जाती है।

## मीडियाकर्मी को लूटनें बाले शातिर को माल समेत दबोचा

**संवाददाता।** कन्नौज



लूट की घटना का खुलासा करते पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आन्नद।

**पुलिस** अधीक्षक अमित कुमार आनन्द द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम मे, अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के कुशल निर्देशन मे, क्षेत्राधिकारी नगर कमलेश कुमार व क्षेत्राधिकारी तिर्वा डा. प्रियंका बाजपेई के पर्यवेक्षण में एवं प्रभारी निरीक्षक कोतवाली तिर्वा व गुरसहायगंज के नेतृत्व में पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा लूट की घटना को अंजाम देने वाले शातिर अभियुक्त के कब्जे से लूटे गए मोबाइल, जेवर व रूपये एवं बाईक सहित तमंचा व दो कारतूस बरामद किये गये।

पुलिस कार्यालय में पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आन्नद ने बताया कि विगत 08 नवम्वर को थाना क्षेत्र तिर्वा व गुरसहायगंज क्षेत्रांर्गत तीन अज्ञात बाइक सवार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु टीम का गठन किया गया था। शुक्रवार को प्रभारी निरीक्षक तिर्वा जितेन्द्र प्रताप सिंह व प्रभारी निरीक्षक गुरसहायगंज आलोक कुमार दुबे नें अतिरिक्त निरीक्षक राधेश्याम, उपनिरीक्षक सुनील कुमार, सुरेश चन्द्र, हेड कांस्टेवल सुरेन्द्र सिंह, कांस्टेवल राजीव कुमार, मोनू कुमार, प्रवीण जाट, पवन कुमार, नीरज कुमार, अभिषेक त्यागी द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त साहिल उर्फ लव पुत्र साहब सिंह उर्फ जुलुआ को सुजान सराय मोड पर दायीं तरफ मुड कर गुरसहायगंज की तरफ अलीनगर अण्डरपास के पास से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में अभियुक्त साहिल उर्फ लव ने सैंकी पुत्र राजकपूर व महेन्द्र पुत्र रमेश चन्द्र निवासीगण ग्राम बुद्धा पुर्वा बलनपुर थाना तिर्वा के साथ घटना कारित करना बताया है उक्त घटनाओं में लूटे गये मोबाइल, ब्लूटूथ, 27620 रुपया, जेवर भी बरामद किया है। बताया कि लूट का अन्य माल व मोबाइल महेन्द्र व सैन्की के पास है। एसपी द्वारा थाना तिर्वा व गुरसहायगंज की संयुक्त टीम को उक्त घटना के सफल अनावरण करने पर 10,000 रुपये का पुरस्कार देकर उत्साहबर्धन किया गया।

## सदर विधायक गरीबों के इलाज के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष से स्वीकृत कराये 145 लाख व अपनी निधि से दिये 25 लाख

**बांदा।** उत्तर प्रदेश के बांदा में सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी क्षेत्र के गरीबों के इलाज के लिए बने एक सशक्त मददगार, मुख्यमंत्री राहत कोष से इस वर्ष स्वीकृत कराये 145 लाख व अपनी निधि से दिये 25 लाख। सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी जी क्षेत्र के गरीब लोगो के इलाज के लिए एक सशक्त सहारे के रूप में जनता के बीच में स्थापित है। सदर विधायक द्वारा वर्ष 2024 में जनवरी माह से लेकर अब तक अपने जनपद के आर्थिक रूप से कमजोर 74 रोगियों के इलाज हेतु प्रस्ताव भेजए मुख्यमंत्री राहत कोष के माध्यम से 145.32 लाख रूपये स्वीकृत कराये गये है एवं अपनी विधान सभा के दुर्बल आय वाले 11 मरीजों के इलाज हेतु 25 लाख रूपये विधायक निधि विकास योजना (2024-25) से निर्गत किये गये है। विधायक निधि की नियमावली के अनुसार कोई भी विधायक एक वित्तीय वर्ष में अपनी विधानसभा क्षेत्र के निवासियों के इलाज हेतु अधिक्तम 25 लाख रूपये प्रस्तावित कर सकता है एवं सदर विधायक जी निर्धारित सीमा के सापेक्ष पूरी धनराशि अपने क्षेत्र वासियों के लिये प्रस्तावित की गयी है। इसके साथ.साथ पूर्व में सदर विधायक जी द्वारा वर्ष 2023 में मुख्यमंत्री राहत कोष के माध्यम से जनपद के 77 रोगियों को 138.00 लाख की आर्थिक मदद उपलब्ध करायी गयी थी एवं विधायक निधि विकास योजना (2023-24) के माध्यम से अपनी विधान सभा के 7 मरीजों के इलाज हेतु 13.50 लाख की आर्थिक मदद की गयी थी। सदर विधायक जी द्वारा बताया गया कि मुख्यमंत्री राहत कोष के अन्तर्गत उनके द्वारा जो भी प्रस्ताव लोगो के इलाज हेतु भेजे जाते है, वे व्यक्तिगत रूप से इन सभी प्रस्तावों को शासन में प्रभावी पैरवी कर जल्द से जल्द लोगो को आर्थिक सहयोग उपलब्ध कराने के लिए सदैव तत्पर रहते है।

## नारकीय जीवन जी रहे हैं मोहल्ला दादा मियां मज़ार के पास के लोग

**संडीला ( हरदोई )।** नगर के मोहल्ला चौपार टोला में दादा मियां की मज़ार के पीछे रहने वाले सैकड़ों परिवार भीषण गंदगी तथा गंदे पानी के जलभराव के बीच रहने के लिए विवश हैं। मोहल्ला दादा मियां मज़ार के पास के लोगों ने बताया कि विशेष रूप से नई बस्ती में न तो खडंजे बने हैंए और न ही गंदे पानी के निकास की कोई व्यवस्था हैए इस कारण रास्ते में बदबूदार कीचड़ और गंदा पानी भरा रहता है।



भीषण गंदगी और जलभराव का दृश्य

साथ ही साथ यहां सफ़ाईकर्मी भी दिखाई नहीं देते जिसके कारण यहां तमाम तरह की गंदगी फै़ली दिखाई देती है। इस भीषण गंदगी और अस्थ्वास्यकारी परिस्थितियों में सैकड़ों परिवार रहने के लिए विवश हैं। इसके अलावा यहां तमाम तरह की बीमारियों का भी प्रकोप है। लोगों ने बताया कि यहां मलेरियाए वायरल फ़ीवर और यहां तक की डेंगू भी फै़ला हैए जिसकी चपेट में तमाम लोग आए हैं। साथ ही साथ यहां डायरिया का भी प्रकोप दिखाई देता है।

यहां के लोगों ने बताया कि सड़क निर्माण के लिए कई बार नगर पालिका के जिम्मेदारों को लिखित रूप से अवगत कराया जा चुका है लेकिन अभी तक न तो खड़ंजा निर्माण के संबंध में कोई प्रगति हुई और न ही सफ़ाई व्यवस्था के लिए कोई कदम उठाया गया। इस संबंध में प्रतिक्रिया प्राप्त करने हेतु अधिशासी अधिकारी से संपर्क किया गया लेकिन उनका मोबाइल पहुंच के बाहर बताता रहाए इसीलिए उनकी प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हो सकी।

## दो इनामिया हत्याभियुक्तों से पुलिस की मुठभेड़, गिरफ्तार

**फतेहपुर।** खागा कोतवाली पुलिस व इंटेलिजेंस विंग की संयुक्त टीम ने चेकिंग के दौरान खागा कोतवाली क्षेत्र के बड़ी नहर पुलिया ग्राम पलवा हार के समीप वांछित 25-25 हजार के इनामिया हत्याभियुक्तों को घेर लिया। पुलिस टीम से घिरता देख हत्याभियुक्तों ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में दोनों अभियुक्तों के पैर में गोली लग जाने से घायल हो गए। जिनका स्थानीय अस्पताल में इलाज कराया गया। पुलिस ने मौके से दो तमंचा, तीन कारतूस व एक बाइक भी बरामद की है।

इंटेलिजेंस विंग टीम व थाना खागा पुलिस की संयुक्त टीम शुक्रवार को ग्राम त्रिलोचनपुर थाना किशनपुर रोड पर स्थित माँ शीतला ब्रिक फील्ड पर चेकिंग कर रही थी। तभी एक मोटर साइकिल पर सवार दो व्यक्ति आते दिखाई दिए। पुलिस टीम ने रुकने का इशारा किया तो बाइक पर पीछे बैठे व्यक्ति ने पुलिस टीम पर फायर कर दिया और बाइक को तेजी से किशनपुर की तरफ भगाने लगे। फिर आगे जाकर बडी नहर पुलिया खैरई मार्ग ग्राम पलवाहार के पास बाएं पटरी पर मुडें और थोडी दूर आगे चलकर अनियंत्रित होकर गिर गये। अपने को पुलिस टीम से घिरता देखकर पुनः पुलिस वालों पर फायरिंग शुरू कर दी। आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम ने जवाबी फायरिंग की, जिसमें दिलसाद उर्फ दिलशाद के दाहिने पैर एवं ईस्तयाक उर्फ इस्तायाक के बाये पैर में गोली लगने से घायल हो गये। जिनको पुलिस ने हिरासत में लेकर इलाज हेतु नजदीकी अस्पताल में ले जाया गया। एसपी ने बताया कि दोनों अभियुक्त थाना खागा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 298/2024 धारा 105/191(2)/191(3) बीएनएस के वांछित अभियुक्त है। इनके कब्जे से दो अवैध तमंचा 315 बोर, तीन खोखा कारतूस 315 बोर, 1700 रुपये नगद व एक मोटरसाइकिल टीवीएस स्पोर्ट बरामद हुई है।

## एसडीएम की गाड़ी के बोनट पर केट काटते हुये वीडियो वायरल, रिपोर्ट दर्ज

**● हूटर बजाकर गाली गलौज कर की जा रही है मस्ती,कई लोग अपराधी किस्म के**

**संवाददाता।** मौदहा (हमीरपुर)

**सोशल** मीडिया में उप जिला अधिकारी के वाहन की बोनट पर बैठकर केक काट कर मस्ती करते हुये वीडियो वायरल होने के बाद महकमें में हड़कंप मच गया। इस दौरान मनाई जा रही बर्थडे पार्टी में गाड़ी का हूटर बजाकर लाल नीली बत्तियां जलती हुई दिखाई दे रही है।

मौदहा उप जिलाअधिकारी की बोलेरो गाड़ी में की बोनट में बैठकर पांच केक रखकर काटे जान जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो हड़कंप मच गया वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है की करीब दस लड़कों द्वारा गाली गलौज करते हुए सरकारी वाहन की लाल नीली बत्तियां जलती हुई और हूटर बजाने को लेकर युवकों द्वारा गाली गलौज की जा रही है हालांकि इस दौरान मौजूद युवकों की के नाम बताने पर लोग कतरा रहे हैं जबकि सभी युवक नगर के ही बताये जा रहे हैं और कुछ पर तो पहले से ही अन्य मुकदमे भी दर्ज है।अभी कुछ दिन पूर्व ही झांसी के एसडीएम की बोनट पर अश्लील नृत्य करते हुए वीडियो वायरल हुआ था तो आज मौदहा में इस तरह का वीडियो वायरल होने के बाद उप जिलाअधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संविदा में लगी हुई बोलोरो गाड़ी के मालिक शशिकांत सहित अज्ञात सभी लोगों पर सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कराया है। उप जिला अधिकारी ने कहा की वीडियो के वायरल होने के बाद ही उन्हें इसकी जानकारी हुई जिसके आधार पर सभी की शिनाख्त कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अब सवाल यह उठता है कि आखिरकार उप जिला अधिकारी की गाड़ी पर इस तरह की घटना को अंजाम देने की मुख्य भूमिका किसकी थी यह एक जांच का विषय है।



बोनट पर बैठा लोग

पायनियर


लखनऊ, शनिवार, 16 नवम्बर 2024



# जलवायु कार्रवाई के नाम पर एकपक्षीय व्यापार के उपाय भेदभावपूर्ण और नुकसानदेह होते हैं: भारत

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत** ने शुक्रवार को कहा कि जलवायु कार्वाई के नाम पर व्यापार के एकपक्षीय उपाय भेदभावपूर्ण होते हैं और बहुपक्षीय सहयोग को नुकसान पहुंचाते हैं। भारत ने कहा कि ए संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन समझौते के सिद्धांतों के भी खिलाफ हैं। बाकू में सीओपी29 में एकपक्षीय उपायों पर अध्यक्षीय परामर्श में हस्तक्षेप करते हुए भारत ने कहा कि यह वैश्विक चिंता की बात है जिस पर तत्काल विचार करना जरूरी है ताकि विकासशील देशों के विकास के रास्ते संकीर्ण नहीं हों। संयुक्त राष्ट्र जलवायु वार्ता में 130 से अधिक देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले सबसे बड़े समूह जी77 और समान विचारधारा वाले विकासशील देशों सहित विकासशील देशों के अन्य समूहों ने भी इस मुद्दे पर अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया। हालांकि, विकसित देशों, विशेष रूप से यूरोपीय संघ ने तर्क दिया कि जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन (यूएनएफसीसीसी) इस मुद्दे पर चर्चा करने के लिए सही मंच नहीं है, क्योंकि इस पर पहले से ही विश्व व्यापार संगठन द्वारा विचार किया जा रहा है।भारत ने कहा कि प्रतिबंधात्मक एकतरफा उपाय विकासशील और कम आय वाले देशों को कम कार्बन अर्थव्यवस्थाओं में संक्रमण की लागत वहन करने के लिए मजबूर करते हैं, जिससे विकसित देशों की जलवायु वित्त प्रतिबद्धताओं को नुकसान पहुंचता है, जिन्हें ऐतिहासिक रूप से औद्योगीकरण से लाभ हुआ है और जिन्होंने ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में सबसे अधिक योगदान दिया है।उसने कहा, वे प्रभावी रूप से विकसित देशों द्वारा जुटाए गए जलवायु वित्त को उलट देंगे। यह पीड़ित से उपाय के लिए भुगतान करने के लिए कहने जैसा है। भारत ने कहा, जलवायु परिवर्तन प्रतिक्रियाओं के नाम पर कोई भी एकतरफा उपाय विकासशील देशों के प्रति भेदभावपूर्ण और बहुपक्षीय सहयोग के लिए हानिकारक है। वे समानता के सिद्धांतों और सीबीडीआर-आरसी तथा यूएनएफसीसीसी के प्रावधानों का उल्लंघन करते हैं। भारत ने आगे कहा कि एकतरफा व्यापार उपाय निर्यात की लागत बढ़ाकर निर्यात-आधारित विकास के माध्यम से औद्योगीकरण करने की इच्छा रखने वाले देशों के साथ भेदभाव करते हैं। उसने कहा कि यदि लक्ष्य वैश्विक कार्बन उत्सर्जन को कम करना है, तो जलवायु नीतियों को रियायती वित्त की पेशकश और शमन और अनुकूलन दोनों पर ध्यान देने के लिए देशों की क्षमता का निर्माण करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। देश ने कहा कि जलवायु परिवर्तन से संबंधित व्यापार उपायों का सतत विकास और गरीबी उन्मूलन के प्रयासों के संदर्भ में न्यायसंगत और उचित बदलावों पर उनके संभावित प्रभाव के लिए मूल्यांकन किया जाना चाहिए। उसने कहा कि किसी भी व्यापार-संबंधी जलवायु नीति में न्यायसंगत और उचित बदलावों, सतत विकास और गरीबी उन्मूलन पर इसके प्रभाव पर विचार होना चाहिए। सीओपी29 के उद्घाटन सत्र में सोमवार को काफी विलंब हो गया, क्योंकि विकसित और विकासशील देश इस बात पर बहस कर रहे थे कि यूरोपीय संघ के कार्बन सीमा समायोजन तंत्र (सीबीएएम) जैसे एकतरफा व्यापार उपायों को एजेंडा आइटम बनाया जाए या नहीं। चीन ने बेसिक समूह की ओर से पिछले महीने संयुक्त राष्ट्र जलवायु निकाय को एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया था, जिसमें अनुरोध किया गया था कि इस वर्ष के सीओपी में एकतरफा व्यापार उपायों के मुद्दे पर ध्यान दिया जाए।वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पिछले महीने सीबीएएम को एकतरफा और मनमाना करार दिया था और कहा था कि इस तरह के उपायों से भारत के उद्योगों को नुकसान पहुंच सकता है और अंतरराष्ट्रीय व्यापार में संतुलन बिगड़ सकता है। दिल्ली स्थित थिंक टैंक सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट (सीएसई) के अनुसार, सीबीएएम भारत से ईयू को निर्यात किए जाने वाले कार्बन-गहन सामानों पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत कर लगाएगा। यह कर भार भारत के सकल घरेलू उत्पाद का 0.05 प्रतिशत होगा।



## अजरबैजान में संरा जलवायु वार्ता के लिए।,773 जीवाश्म ईंधन पैरोकारों ने हस्ताक्षर किए: रिपोर्ट

**नई दिल्ली।**(भाषा) अजरबैजान के बाकू में संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन में।,750 से अधिक जीवाश्म ईंधन पैरोकारों को भाग लेने की अनुमति दी गई है, जहां दुनिया के देश जलवायु परिवर्तन के कारण गर्म होती धरती को इस संकट से उबारने के लिए विकासशील देशों को खरबों डॉलर की मदद देने के तरीकों पर बहस कर रहे हैं। 450 से अधिक संगठनों के वैश्विक गठबंधन द्वारा किए गए नए विश्लेषण से यह जानकारी मिली। जीवाश्म ईंधनों - कोयला, तेल और गैस - का जलना जलवायु परिवर्तन में सबसे बड़ा योगदान देता है, जो वैश्विक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन के 75 प्रतिशत से अधिक और समस्त कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन के लगभग 90 प्रतिशत के लिए जिम्मेदार होता है। ग्लोबल कार्बन प्रोजेक्ट नामक वैज्ञानिकों के एक समूह ने इस सप्ताह की शुरुआत में चेतावनी दी थी कि जीवाश्म ईंधन से उत्सर्जन 2024 में रिकॉर्ड 37.4 अरब टन तक पहुंच सकता है, जो 2023 के स्तर से 0.8 प्रतिशत अधिक है। किक बिग पॉल्यूटर्स आउट गठबंधन के विश्लेषण के अनुसार, लगभग सभी देशों के प्रतिनिधिमंडल की तुलना में अधिक संख्या में जीवाश्म ईंधन पैरोकारों को सीओपी29 में प्रवेश की अनुमति दी गई है। बाकू में पंजीकृत जीवाश्म ईंधन पैरोकारों की संख्या।,773 है जो मेजबान देश अजरबैजान (2,229), सीओपी30 के मेजबान देश ब्राजील (1,914) और तुर्किए (1,862) द्वारा भेजे गए प्रतिनिधिमंडलों की संख्या के बाद सबसे अधिक है। शुक्रवार को जारी एक अन्य विश्लेषण से पता चला कि अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीएव ने दुबई में सीओपी28 के बाद से अपने 10 जलवायु और ऊर्जा-संबंधी बयानों या भाषणों में से किसी में भी पेरिस समझौते का उल्लेख नहीं किया, जिसमें जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन में दिया गया एक भाषण भी शामिल है, जबकि उनका देश महत्वपूर्ण संयुक्त राष्ट्र जलवायु वार्ता की मेजबानी कर रहा है। अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण संगठन 350 डॉट ओआरजी के विश्लेषण के अनुसार, अलीएव ने अपने तीन-चौथाई से अधिक भाषणों में जीवाश्म ईंधन का बचाव या प्रचार किया। अजरबैजान के राष्ट्रपति ने मंगलवार को तेल, गैस और अन्य प्राकृतिक संसाधनों को ईश्वर का उपहार और उत्पादन एवं निवेश का अवसर बताया, जिसकी रक्षा की जानी चाहिए।

## सहारनपुर में पेंड्रोल क्लिप खोलकर पटरी पर रखी, हादसा टला

सहारनपुर। सहारनपुर-अंबाला रेल खंड पर सरसावा रेलवे स्टेशन के समीप कथित तौर पर पेंड्रोल क्लिप खोलकर पटरी पर रख दी गई जिसकी सूचना मिलने पर रेलगाड़ियों का परिचालन रोक दिया गया। अधिकारियों शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि घटना बृहस्पतिवार रात की है जब रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के गश्ती दल ने सरसावा रेलवे स्टेशन के निकट खंभा नंबर-199 के पास पेंड्रोल क्लिप को पटरियों के ऊपर रखा देखा, जिसके बाद उन्होंने तुरंत उच्चाधिकारियों को इसकी सूचना दी।पेंड्रोल क्लिप स्लीपर और पटरियों को आपस में जोड़ने का काम करती है इसके न होने से हादसे का खतरा हो सकता है। अंबाला मंडल के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम), राजकीय रेलवे पुलिस, आरपीएफ के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। आरपीएफ ने अज्ञात के खिलाफ रेलवे अधिनियम की प्रासंगिक धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## शाहजहांपुर में बुजुर्ग अपने घर में मृत मिला

शाहजहांपुर। शाहजहांपुर जिले में 65 वर्षीय एक व्यक्ति अपने घर में मृत मिला जिसके सिर पर गंभीर चोट के निशान थे। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। घटना खुटार क्षेत्र के रैतापुरकलां गांव की है। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला कि रामसेवक की किसी भारी चीज से वार कर उस समय हत्या कर दी गई जब वह सो रहा था। पुलिस क्षेत्राधिकारी (पुवायां) निष्ठा उपाध्याय ने बताया, अज्ञात हमलावर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। स्थानीय पुलिस ने हमलावर को पकड़ने के लिए टीमें गठित कर दी हैं।

# उप्र लोक सेवा आयोग 22 दिसंबर को कराएगा पीसीएस (प्री) परीक्षा

**प्रयागराज।** । पीसीएस (प्री) की परीक्षा एक ही दिन कराने के निर्णय के अगले दिन शुक्रवार को उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने इस परीक्षा की नई तिथि घोषित की। आयोग 22 दिसंबर, 2024 को दो सत्रों में इसे आयोजित करेगा। आयोग के सचिव अशोक कुमार ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इससे पूर्व पीसीएस प्री की परीक्षा सात और आठ दिसंबर को प्रस्तावित थी। अब यह परीक्षा 22 दिसंबर को दो सत्रों (सुबह 9:30 बजे से 11:30 बजे तक और दूसरे सत्र में दोपहर 2:30 बजे से शाम 4:30 बजे) में आयोजित की जाएगी। पिछले 11 नवंबर से बड़ी संख्या में छात्र पीसीएस प्री और आरओ-एआरओ परीक्षा को एक दिन में कराने की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे थे। बृहस्पतिवार को आयोग ने पीसीएस प्री की परीक्षा एक ही दिन में कराने की छात्रों की मांग मान ली, जबकि आरओ-एआरओ की परीक्षा के लिए समिति गठित की है। उप्र लोक सेवा आयोग के सचिव अशोक कुमार ने पीटीआई को बताया, आरओ-एआरओ परीक्षा में अभ्यर्थियों की संख्या को देखते हुए हमने कमेटी गठित की है जो जल्द से जल्द अपनी रिपोर्ट देगी और उसके अनुसार निर्णय किया जाएगा। उन्होंने कहा, इन छात्रों को बता दिया गया है कि परीक्षा स्थगित हो गई है। छात्रों को इतना धैर्य तो रखना ही चाहिए। शासन ने इनकी बात सुनकर इनकी मांगे मानी और समिति गठित की। समिति की रिपोर्ट आने तक इनको धैर्य रखना चाहिए।

## प्रतियोगी छात्रों ने लोक सेवा आयोग के सामने धरना समाप्त किया

प्रयागराज। पीसीएस (प्री) की परीक्षा एक ही दिन कराने के निर्णय के अगले दिन शुक्रवार को उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने इस परीक्षा की नई तिथि घोषित की। इस बीच पुलिस ने कहा कि छात्रों ने 11 नवंबर से चल रहा अपना आंदोलन समाप्त कर दिया। हालांकि, 10-15 लोग अब भी आयोग के सामने धरने पर बैठे हैं। पुलिस का कहना है कि ए कौन लोग हैं, इसका वह पता लगाएगी। सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी-सिविल लाइंस) श्यामजीत सिंह ने कहा कि छात्र नेता पंकज पांडेय ने औपचारिक तौर पर आंदोलन समाप्त करने की घोषणा कर दी है, लेकिन कुछ लोग अब भी आयोग के समक्ष बैठे हुए हैं। उन्होंने कहा कि ए कौन लोग है, इसका पता लगाया जा रहा है।

## फेफड़े के स्वास्थ्य और कार्य को जानना महत्वपूर्ण

वाराणसी। विश्व सीओपीडी दिवस 2024 के भाग के रूप में स्वास्थ्य विशेषज्ञ इस बात पर जोर दे रहे हैं कि फेफड़े के स्वास्थ्य और कार्य को जानना महत्वपूर्ण है। यह इस साल की थीम अपने लंग फंक्शन को जानें के क्रम में है। यह महत्वपूर्ण है क्योंकि दुनिया भर में होने वाली मौतों में गैर.संचारी रोग ;एनसीडीद्ध का हिस्सा 74 प्रतिशत है। सीओपीडी जैसी सांस की क्रोनिक बीमारी ;सीआरडीद्ध स्वास्थ्य परिणामों को गंभीर रूप से प्रभावित करती हैए खासकर भारत में। सीओपीडी सबसे प्रचलित लेकिन कम पहचानी जाने वाली सांस संबंधी स्थिति हैए जो लगभग 55 मिलियन भारतीयों को प्रभावित करती है और ग्लोबल बर्डन ऑफ़डिजीज़ स्टडी 2019 के अनुसार देश में मृत्यु का दूसरा प्रमुख कारण है फेफड़े के कार्य के परीक्षण के महत्व के बारे में बताते हुए डॉ. अमित जौहरी कंसल्टेंट चेस्ट स्पेशलिस्टए वाराणसी ने कहा सीओपीडी जैसी क्रोनिक श्वसन बीमारी के प्रभावी प्रबंधन और आगे की जटिलताओं को रोकने के लिए बीमारी का शुरू में ही पता चल जाना और उपचार शुरू होना महत्वपूर्ण हैं।

## स्कूल रेडियो पॉडकॉस्ट किया लॉन्च

**वाराणसी।** रेकिट ने अपने साझीदार प्लान इंडिया और ओहो रेडियो के साथ मिलकर अपने फ्लैगशिप अभियान डेटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया के तहत भारत का पहला स्कूल रेडियो पॉडकास्ट लॉन्च कियाए जो जलवायु परिवर्तन पर केंद्रित है। यह एक समर्पित प्लेटफॉर्म है जो मिशन लाईफ स्वास्थ्य और जलवायु लचीलापन के लिए सतत जीवनशैली को बढ़ावा देता है और इसे उत्तराखंड के स्कूलों के बच्चों के साथ मिलकर को .क्रिएट किया गया है। इस पॉडकास्ट का शुभारंभ राजभवनए देहरादून में उत्तराखंड के माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह की उपस्थिति में किया गया। रेकिट के एक्सटर्नल अफेयर्स एंड पार्टनरशिप डायरेक्टर रवि भटनागर ने कहा ,रेकिट में हम विश्वास करते हैं कि वास्तविक परिवर्तन तब आता है जब व्यक्ति, विशेषकर युवा लोग उन मुद्दों की जिम्मेदारी लेते हैं जो उन्हें और उनके समुदायों को प्रभावित करते हैं।

## लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के सदस्य का पासपोर्ट बनाने के मामले में एक पुलिसकर्मी निलंबित

मेरठ। मेरठ जिले मे कंकरखेड़ा थाने के एक पुलिसकर्मी को फर्जी पते पर कुख्यात माफिया लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के एक सदस्य का पासपोर्ट सत्यापन करने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मेरठ के पुलिस अधीक्षक (नगर) आयुष विक्रम सिंह ने शुक्रवार को बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) ने आरोपी आरक्षी संदेश कुमार को निलंबित कर दिया है। उन्होंने बताया कि प्रीतम सिंह बराड़ नामक बदमाश लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से जुड़ा बताया जा रहा है और वह राजस्थान पुलिस के लिए भी वांछित है। सिंह ने बताया कि जांच मे पाया गया कि बराड़ का पासपोर्ट कंकरखेड़ा थानाक्षेत्र से बनाया गया था और इस प्रक्रिया मे पते का सत्यापन नही किया गया था। उनके अनुसार इस गड़बड़ी मे कंकरखेड़ा थाने के आरक्षी संदेश कुमार को लिप्त पाया गया।

नए अनुभव चाहते हैं कंज्यूमर: गोरखपुर।अल्पेनलीबे जुज़्ट जेली ने भारत की पहली दिल के आकार की डबल लेयर वाली जेली पेश की है। अल्पेनलीबे जुज़्ट जेली अपने जेली सेगमेंट में इनोवेशन करती रहती है और एक बेहतरीन कन्फेक्शनरी अनुभव के लिए इसका हर बाइट स्वादए आनंद और टेक?सचर का अनोखा कंबीनेशन है।गुंजन खेतान चीफ मार्केटिंग ऑफिसरने कहा भारत में जेली बाजार निरंतर आगे बढ़ रहा है और इसकी वजह है कि कंज्यूमर नए अनुभव चाहते हैं। अल्पेनलिबे जस्ट जेली हार्ट के साथ हम क्रिएटिविटी को नई ऊंचाइयों पर ले जा रहे हैं।

## जयन्त चौधरी ने दिया स्किल इंडिया टू बिल्ड इंडिया में एमईएससी गवर्निंग काउंसिल की भूमिका पर जोर

कानपुर। मीडिया और इंटरटेनमेन्ट लैन्डस्केप को नया आकार देने के लिए एक ऐतिहासिक कदम के रूप मेंए कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और शिक्षा मंत्रालय के राज्य मंत्री जयन्त चौधरी ने एमएसडीई के सचिव अतुल कुमार तिवारी के साथ मीडिया एंड इंटरटेनमेन्ट स्किल्स काउंसिल की गवर्निंग काउंसिल के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस महत्वपूर्ण बैठक में उद्योग जगत के लीडर एक साथ आए जिनमें एमईएससी के सीईओ मोहित सोनी एमईएससी की सीओओ पूजा अरोड़ाए प्रसिद्ध अभिनेता और एमईएससी के सेक्रेटरी अमित बहल लेखक.निर्देशक और वरिष्ठ पत्रकार डॉ. अनुषा श्रीनिवासन अय्यर पद्म श्री और ऑस्कर विजेता डॉ. रेसुल पुकुट्टी तथा विजक्राफ्ट माइम की को.फाउंडर सुषमा गायकवाड़ शामिल हुए।

# भाजपा सरकार कर रही है संविधान को कमजोर



**अलीगढ़**।(भाषा) समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार की तीखी आलोचना करते हुए उसपर संविधान को कमजोर करने का आरोप लगाया और अपनी पार्टी के लोकतंत्र की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रहने का दावा किया। खैर विधानसभा क्षेत्र से सपा प्रत्याशी डॉ. चारू कैन के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए यादव ने कहा, मुठभेड़ करने वाली सरकार संविधान पर भरोसा नहीं करती। उन्होंने कहा, "हमने लोगों को संविधान के बारे में शिक्षित करने का काम किया है और इंडिया गठबंधन को व्यापक समर्थन मिला है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि सत्तारूढ़ पार्टी इसमें दखल नहीं दे सकती। उन्होंने कहा, हम, समाजवादी पार्टी, संविधान और अपने लोकतंत्र की रक्षा करना जारी रखेंगे। यादव ने राज्य के नेतृत्व पर भी कटाक्ष करते हुए कहा, साधु-संत कम बोलते हैं, लेकिन कलयुग (वर्तमान युग) में वे अधिक बोल रहे हैं। यह टिप्पणी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर इशारा थी। यादव ने कहा, जिनके बारे में हमने सोचा था कि वह सच बोलेंगे, वह झूठ के सौदागर बन गए हैं। उन्होंने दावा किया, हमारे मुख्यमंत्री समाज में विस्फोटक (बारूद) बिछा रहे हैं, लेकिन उन्हें नहीं पता कि उनकी कुर्सी ही खतरे में है। उनकी कुर्सी के नीचे सुरंग खोदी जा रही है, और वह भी खतरे में हैं" उन्होंने भाजपा सरकार पर अपने "व्यापारिक सहयोगियों" को लाभ पहुंचाने के लिए महंगाई बढ़ाने और युवाओं को स्थाई रोजगार देने में विफल रहने तथा इसके बजाय सार्वजनिक संसाधनों को बर्बाद करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने उत्तर प्रदेश को "ट्रिलियन-डॉलर अर्थव्यवस्थौ में बदलने के राज्य सरकार के दावे की आलोचना करते हुए कहा, "वह एक ट्रिलियन-डॉलर अर्थव्यवस्था का वादा करते हैं, लेकिन हमारे युवाओं के लिए रोजगार पैदा करने का उनका कोई इरादा नहीं है।

## भाजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की बरेली इकाई के पूर्व अध्यक्ष पर दुष्कर्म का मामला दर्ज

बरेली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की बरेली इकाई के पूर्व अध्यक्ष अनीस अंसारी सहित छह लोगों के खिलाफ पुलिस ने दुष्कर्म के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की है। अधिकारियो ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यह प्राथमिकी बृहस्पतिवार को बारादरी पुलिस थाने में 32 वर्षीय एक महिला की शिकायत पर दर्ज की गई, जिसने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए मुख्यमंत्री से भी शिकायत की थी। यह घटनाक्रम अंसारी द्वारा आठ नवंबर को अपने पद से इस्तीफा दिए जाने के कुछ दिनो बाद सामने आया है, जब उनके और एक महिला के बीच कथित तौर पर अश्लील बातचीत के कई छोटे ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए थे। अंसारी ने भाजपा नगर इकाई के प्रमुख अधीर सक्सेना को अपना इस्तीफा सौंप दिया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने बताया कि अनीस अंसारी, उनके बेटे शाहनवाज, जावेद उर्फ बबलू, जावेद मीडिया, फैज़ल और एक अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। बारादरी थाने के प्रभारी अमित पांडे ने महिला की शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज किए जाने की पुष्टि की है। थाना प्रभारी ने बताया, अंसारी ने 13 अक्टूबर को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें महिला पर मोहपाश में फंसाकर जबरन वसूली का आरोप लगाया गया था। महिला ने अब आरोप लगाया है कि अंसारी के साथियों ने उसे धमकाया और उसके साथ मारपीट की। इसके अलावा, उसने अंसारी पर दुष्कर्म समेत कई अन्य आरोप भी लगाए है।

# अखिलेश यादव चलाते हैं परिवार डेवलपमेंट एजेंसी : केशव मौर्य

**मैनपुरी।** (भाषा) उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शुक्रवार को समाजवादी पार्टी (सपा) पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव पीडीए की बात करते हैं पर परिवार डेवलपमेंट एजेंसी चलाते हैं। उन्होंने मैनपुरी जिले के करहल विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव में बरनाहल में भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार अनुजेश यादव के समर्थन में एक जनसभा को मोबाइल से माध्यम संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि कि अखिलेश जी पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) की बात करते हैं, पर परिवार डवलपमेंट एजेंसी चलाते हैं। यहां भाजपा के एक कार्यकर्ता ने बताया कि खराब मौसम में हेलीकाप्टर के न उड़ पाने के कारण मौर्य बरनाहल की जनसभा में नहीं पहुंच पाए, इसलिए उन्होंने मोबाइल से संबोधित किया। मौर्य ने कहा, इस एजेंसी को मैं फर्जी पीडीए कहता हूं, क्योंकि इन्होंने धोखा देकर लोकसभा चुनाव में जनता का जो समर्थन हासिल कर लिया था आज वह समर्थन उन्हें नहीं मिल रहा है। अखिलेश यादव ने 2022 के विधानसभा चुनाव में करहल विधानसभा सीट से चुनाव जीता था और 2024 में आजमगढ़ क्षेत्र से लोकसभा सदस्य निर्वाचित होने के बाद विधायक पद से इस्तीफा दे दिया, जिससे यह विधानसभा सीट रिक्त हुई और अब उपचुनाव कराया जा रहा है। भाजपा ने अखिलेश यादव के चचेरे बहनोई अनुजेश यादव को यहां पार्टी का उम्मीदवार बनाया है, जबकि अखिलेश यादव के भतीजे तेज प्रताप यादव यहां से सपा के उम्मीदवार हैं। मौर्य ने अपने संबोधन में 2027 के अगले विधानसभा चुनाव की चर्चा करते हुए कहा कि 2027 से पहले का यह



चुनाव नींव में मजबूती डालने का चुनाव है। उपमुख्यमंत्री ने मतदाओं से आह्वान किया, बिना भय और दबाव के मतदान करिए। मैं आपको भरोसा दिलाता हूं कि यदि अनुजेश यादव को विधायक बनाकर विधानसभा भेजा तो करहल को कमल की तरह खिलाने का काम भाजपा की सरकार करेगी। मौर्य ने भरोसा जताया, अब मुझे विश्वास है कि पहले जिन मतदाताओं ने सपा को वोट दिया, अब वे ही साइकिल को पंचर करके सैफई के गैराज में भेज देंगे। उन्होंने दावा किया, साइकिल को कहीं पर भी अवसर देने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि समाजवादी पार्टी की साइकिल पंचर हो चुकी है और समाजवादी पार्टी समाप्तवादी पार्टी बनने जा रही है।

# पेज 1 का शेष

## दिल्ली में ...

ने एक बयान में कहा, अगर अवैध अप्रवासी हैं, तो कितने हैं? पार्टी ने दावा किया, यह एक बड़ी विफलता है और हिरासत में लिए गए लोगों पर कार्रवाई न होना इसे और उजागर करता है। इसके अलावा, दिल्ली की सत्तारूढ़ पार्टी ने दावा किया कि एक तरफ भाजपा अवैध अप्रवासियों को नागरिकता दे रही है और दूसरी तरफ जांच का दिखावा कर रही है। आप ने कहा, भाजपा को यह पाखंड बंद करना चाहिए और अपनी गंदी राजनीति पर विराम लगाना चाहिए। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि 12 नवंबर को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बांग्लादेशी नागरिकों की कथित अवैध घुसपैठ से जुड़ी मनी लॉन्ड्रिंग जांच में पश्चिम बंगाल के अलावा चुनावी राज्य झारखंड में कई जगहों पर छापेमारी की। झारखंड में पहले चरण के मतदान से एक दिन पहले संघीय जांच एजेंसी के रांची कार्यालय ने दोनों पड़ोसी राज्यों में कुल 17 जगहों पर छापेमारी की। रांची के बरियातू रोड स्थित एक होटल और शहर के एक रिसॉर्ट के बाहर तैनात केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों की तस्वीरें मीडिया टीमों द्वारा कैद की गईं, जबकि ईडी की टीमें अंदर दस्तावेजों, खाता बही प्रविष्टियों और वित्तीय रिकॉर्ड की तलाशी ले रही थीं। सितंबर में ईडी ने कथित घुसपैठ और कुछ बांग्लादेशी महिलाओं की झारखंड में तस्करी के एक मामले की जांच के लिए धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मामला दर्ज किया था, जिससे कथित तौर पर काले धन का सृजन हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अन्य भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेताओं ने भी राज्य सरकार पर इस तरह की घुसपैठ में सहायता करने का आरोप लगाया था, जिससे हालिया चुनाव अभियान के दौरान संथाल परगना और कोल्हान क्षेत्रों के आदिवासी बहुल इलाकों का जनसांख्यिकीय परिदृश्य बदल गया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व वाले गठबंधन पर झारखंड को रोहिंग्याओं और बांग्लादेशी घुसपैठियों के लिए धर्मशाला में बदलने का आरोप लगाया।

## बीसीसीआई ने...

तक ??इस्लामाबाद का सवाल है, तो कोई समस्या नहीं है, लेकिन पीओके में ट्रॉफी का दौरा नहीं हो सकता।ट्रॉफी दौरा वैश्विक निकाय के प्रचार अभियान का हिस्सा है, जिसमें अंतरराष्ट्रीय निकाय और मेजबान देश के बीच चर्चा के अनुसार कई शहरों का दौरा शामिल है।हालांकि, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने सभी हितधारकों से पूर्व परामर्श किए बिना अपने आधिकारिक सोशल मीडिया पर घोषणा की कि ट्रॉफी को विवादित क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों स्कार्दू, मरी और हुंजा में ले जाया जाएगा। पीसीबी ने ट्वीट किया, तैयार हो जाओ पाकिस्तान! आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 ट्रॉफी टूर 16 नवंबर को इस्लामाबाद में शुरू होगा, जिसमें स्कार्दू, मुर्री, हुंजा और मुजफ्फराबाद जैसे दर्शनीय पर्यटन स्थलों का भी दौरा किया जाएगा। 16-24 नवंबर तक ओवल में सरफराज अहमद द्वारा 2017 में उठाई गई ट्रॉफी की एक झलक देखें।

## दुनिया का ...

रेलवे स्टेशन पर आने वाली 25 से अधिक ट्रेनें भी देरी से चल रही हैं। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के तहत वायु गुणवत्ता चेतावनी प्रणाली ने चेतावनी दी है कि धीमी हवा की गति के साथ, प्रदूषकों के प्रभावी फैलाव के लिए मौसम संबंधी स्थितियाँ बेहद प्रतिकूल रहने की संभावना है। इसी से जुड़े एक घटनाक्रम में, ग्रीनपीस इंडिया और पब्लिक ट्रांसपोर्ट फोरम ने शुक्रवार को दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन को पत्र लिखकर गंभीर वायु प्रदूषण वाले दिनों में मेट्रो किराए पर 'स्वच्छ वायु रियायत' शुरू करने का अनुरोध किया। पत्र में, संगठनों ने एक कुशल और किफायती परिवहन प्रणाली की आवश्यकता पर प्रकाश डाला, जो शहर में उत्सर्जन के स्तर को कम कर सकती है। पत्र में कहा गया है, यह पहल स्वच्छ, कुशल परिवहन को किफायती बनाने में एक परिवर्तनकारी भूमिका निभा सकती है, जिससे नागरिकों को टिकाऊ सार्वजनिक परिवहन अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है।

## गुजरात तट...

नाम से एक अभियान शुरू किया गया था। इस दौरान नौसेना ने एक जहाज की पहचान की और उसे रोक दिया।एनसीबी ने कहा कि भारतीय जलक्षेत्र में लगभग 700 किलोग्राम मेथामफेटामाइन की बड़ी खेप जब्त की गई। इस अभियान के दौरान आठ विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया, जिन्होंने खुद को ईरानी बताया है। अभियान को एनसीबी, नौसेना और गुजरात पुलिस के आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने संयुक्त रूप से अंजाम दिया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि यह अभियान हमारी एजेंसियों के बीच सहज समन्वय का एक शानदार उदाहरण है। शाह ने एक्स पर लिखा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नशा मुक्त भारत के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में कदम उठाते हुए हमारी एजेंसियों ने आज गुजरात में एक अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया और 700 किलोग्राम से अधिक मादक पदार्थ जब्त किया। एनसीबी ने कहा, इस साल इन एजेंसियों ने समुद्री मार्ग से तस्करी की जा रही 3,500 किलोग्राम से ज़्यादा ड्रग्स जब्त की हैं, जिसमें तीन मामलों में 11 ईरानी और 14 पाकिस्तानी नागरिकों की गिरफ़्तारी शामिल है। एनसीबी के अनुसार, ये सभी विदेशी वर्तमान में जेल में बंद हैं और अदालती सुनवाई का इंतज़ार कर रहे हैं।

## दिल्ली में भी...

ने शक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में 900 करोड़ रुपये मूल्य की 82.53 किलोग्राम उच्च श्रेणी की कोकीन जब्त की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा कि एक ही दिन में अवैध ड्रग्स के खिलाफ लगातार दो बड़ी सफलताएं मोदी सरकार के नशा मुक्त भारत बनाने के अटूट संकल्प को दर्शाती हैं।।

## सराय काले खां ...

की शुरुआत में बिहार और झारखंड क्षेत्र में ब्रिटिश उपनिवेशवाद के विरोध में एक भारतीय आदिवासी जन आंदोलन का नेतृत्व किया।मुंडा ने ब्रिटिश सरकार द्वारा की गई ज़बरदस्ती ज़मीन हड़पने के खिलाफ़ लड़ने के लिए आदिवासियों को एकजुट किया, जिससे आदिवासी बंधुआ मज़दूर बन गए और उन्हें घोर गरीबी में धकेल दिया गया। उन्होंने अपने लोगों को अपनी ज़मीन के मालिक होने और उस पर अपने अधिकारों का दावा करने के महत्व को समझने के लिए प्रभावित किया।उन्होंने बिरसाइत के विश्वास की स्थापना की, जो जीववाद और स्वदेशी मान्यताओं का मिश्रण था, जिसमें एक ही ईश्वर की पूजा पर ज़ोर दिया गया था। वे उनके नेता बन गए और उन्हें धरती आबा या धरती का पिता उपनाम दिया गया। 9 जून 1900 को 25 वर्ष की आयु में उनकी मृत्यु हो गई।कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए खट्टर ने कहा, भगवान बिरसा मुंडा देश के आदिवासी समुदाय के लिए एक बहुत बड़ा नाम हैं, क्योंकि उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ उनके प्राकृतिक संसाधनों को छीनने के लिए बहुत बड़ा संघर्ष किया था। ऐसे प्रेरक व्यक्तित्व की स्मृति को संरक्षित करने के लिए, खासकर युवाओं के लिए, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की एक प्रतिमा का अनावरण किया गया और आईएसबीटी चौक का नाम उनके नाम पर रखा गया है।सराय काले खां एक ऐतिहासिक इलाका है और बसिस्ता/बोसट्टा गोत्र (कबीले) का एक गुज्जर गांव है, जो 16वीं-17वीं शताब्दी में दक्षिण दिल्ली में स्थित खानपुर गांव से आकर बसा था। गांव के उत्तर-पश्चिम कोने में कुछ पुराने स्मारकों के अवशेष हुआ करते थे जिन्हें 'महल' (हवेली) कहा जाता था, आजकल इस इलाके में डीडीए फ्लैट्स हैं। सराय काले खां का भू-क्षेत्र कभी उत्तर-पश्चिम में पुराना किला (पुराना किला) से लेकर पश्चिम में जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम, पूर्व में मयूर विहार और दक्षिण में तैमूर नगर तक फैला हुआ था। वे छोटानागपुर पठार क्षेत्र में मुंडा जनजाति से थे। उन्होंने 19वीं शताब्दी की शुरुआत में बिहार और झारखंड क्षेत्र में ब्रिटिश उपनिवेशवाद के विरोध में एक भारतीय आदिवासी जन आंदोलन का नेतृत्व किया। मुंडा ने ब्रिटिश सरकार द्वारा की गई ज़बरदस्ती ज़मीन हड़पने के खिलाफ़ लड़ने के लिए आदिवासियों को एकजुट किया, जिससे आदिवासी बंधुआ मज़दूर बन गए और उन्हें घोर गरीबी में धकेल दिया गया। उन्होंने अपने लोगों को अपनी ज़मीन के मालिक होने और उस पर अपने अधिकारों का दावा करने के महत्व को समझने के लिए प्रभावित किया।उन्होंने बिरसाइत के विश्वास की स्थापना की, जो जीववाद और स्वदेशी मान्यताओं का मिश्रण था, जिसमें एक ही ईश्वर की पूजा पर ज़ोर दिया गया था। वे उनके नेता बन गए और उन्हें 'धरती आबा' या धरती का पिता उपनाम दिया गया। 9 जून 1900 को 25 वर्ष की आयु में उनकी मृत्यु हो गई। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए खट्टर ने कहा, भगवान बिरसा मुंडा देश के आदिवासी समुदाय के लिए एक बहुत बड़ा नाम हैं, क्योंकि उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ उनके प्राकृतिक संसाधनों को छीनने के लिए बहुत बड़ा संघर्ष किया था। ऐसे प्रेरक व्यक्तित्व की स्मृति को संरक्षित करने के लिए, खासकर युवाओं के लिए, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की एक प्रतिमा का अनावरण किया गया और आईएसबीटी चौक का नाम उनके नाम पर रखा गया है।

# भाजपा स्वतंत्र, निष्पक्ष चुनाव में विश्वास रखती है: अमित शाह



## मोदी वक्फ कानून बदलकर रहेंगे, छत्तीसगढ़ में मार्च 2026 तक नक्सलवाद का अंत हो जाएगा

हिंगोली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वक्फ अधिनियम में संशोधन करने के लिए दृढ़ प्रतिज्ञ हैं और वह ऐसा करके रहेंगे और छत्तीसगढ़ में मार्च 2026 तक नक्सलवाद का अंत कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी वक्फ अधिनियम में संशोधन करना चाहते हैं लेकिन उद्धव ठाकरे और शरद पवार जैसे विपक्ष के प्रमुख नेता इस कदम का विरोध कर रहे हैं। महाराष्ट्र में आज महायुति के उम्मीदवारों के समर्थन में तीन चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए शाह ने घोषणा की कि मोदी सरकार 31 मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद का खात्मा कर देगी। उन्होंने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को हिंदुत्व विचारक वी डी सावरकर और शिवसेना के संस्थापक बाल ठाकरे की सार्वजनिक रूप से प्रशंसा करने की चुनौती दे डाली। वरिष्ठ भाजपा नेता ने इस बात पर जोर दिया कि केंद्र सरकार विपक्षी इंडिया गठबंधन के घटक दलों के विरोध के बावजूद वक्फ अधिनियम, 1995 में संशोधन को आगे बढ़ाएगी।

भाषा। मुंबई

**केंद्रीय गृह मंत्री** अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि महाराष्ट्र के हिंगोली में चुनाव अधिकारियों ने उनके हेलीकॉप्टर और बैग की जांच की। शाह 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा नीत महायुति के लिए प्रचार करने के वास्ते महाराष्ट्र में हैं। गृह मंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि भाजपा स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव में विश्वास करती है तथा सभी निर्धारित नियमों और प्रोटोकॉल का पालन करती है। उन्होंने कहा, एक स्वस्थ चुनाव प्रणाली में, हम सभी को योगदान देना चाहिए और भारत को दुनिया का सबसे मजबूत लोकतंत्र बनाने के लिए अपने कर्तव्यों को पूरा करना चाहिए। चुनाव अधिकारियों द्वारा नेताओं के सामान की जांच करने का मुद्दा चुनावी चर्चा में तब आया जब शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने अपने बैग की जांच का वीडियो बनाया और इसे साझा कर दिया। ठाकरे ने सवाल किया था कि क्या चुनाव अधिकारियों ने मुख्यमंत्री, राज्य के दो उपमुख्यमंत्रियों और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा शाह के बैग की जांच की है।

## मादक पदार्थ रैकेट पर कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी: गृहमंत्री

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में करीब 900 करोड़ रुपए मूल्य की 80 किलोग्राम से अधिक कोकीन जब्त की। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थ गिरोहों के खिलाफ सरकार की कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। पार्टी में इस्तेमाल किए जाने वाले उच्च श्रेणी के मादक पदार्थ की जब्ती उस दिन हुई, जब स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी), नौसेना और गुजरात एटीएस ने संयुक्त अभियान में गुजरात अपतटीय क्षेत्र से लगभग 700 किलोग्राम मेथम्फेटामाइन बरामद किया। समुद्र में चलाए गए इस अभियान में आठ ईरानी नागरिकों को भी गिरफ्तार किया गया है। शाह ने एक्स पर पोस्ट किया, अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ एक ही दिन में लगातार दो बड़ी सफलताएं! मोदी सरकार नशा मुक्त भारत बनाने के अटूट संकल्प को दर्शाती है। एनसीबी ने आज नई दिल्ली में उच्च श्रेणी की 82.53 किलोग्राम कोकीन जब्त की। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थ की इस बड़ी खेप की कीमत करीब 900 करोड़ रुपए है और दिल्ली के एक कूरियर सेंटर से बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ जब्त किए जाने के बाद जारी कड़ी कार्रवाई से यह सफलता मिली।

# राहुल संविधान का ककहरा भी नहीं समझते, अल्पसंख्यकों को आरक्षण देना चाहते हैं: नड्डा

भाषा। ठाणे



**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी संविधान का ककहरा तक नहीं समझते और इसकी प्रति दिखाते रहते हैं, जबकि उन्हें यह नहीं पता कि डॉ. भीम राव आंबेडकर धार्मिक आधार पर आरक्षण का समर्थन नहीं करते थे। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस कर्नाटक और तेलंगाना में अल्पसंख्यकों को अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए निर्धारित आरक्षण देना चाहती है। नड्डा ने कहा, गांधी नहीं जानते कि संविधान धार्मिक आधार पर आरक्षण की अनुमति नहीं देता। उन्हें संविधान का ककहरा तक नहीं पता। वह अपनी मोहब्बत की दुकान में नफरत की सामग्री बेचते हैं। राहुल गांधी लोकसभा चुनावों के साथ-साथ महाराष्ट्र और झारखंड में विधानसभा चुनावों में भी संविधान की एक प्रति दिखाकर मतदाताओं से कह रहे हैं कि भाजपा इसे बदलना चाहती है और आरक्षण को खत्म करना चाहती है। नड्डा ने इस पर बल देते हुए कहा, हमें तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति को रोकना होगा। तेलंगाना और कर्नाटक में एससी, एसटी और ओबीसी के लिए आरक्षण खत्म करके कांग्रेस अल्पसंख्यकों को आरक्षण देना चाहती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कभी किसी के साथ भेदभाव नहीं किया। यहां बुद्धिजीवियों की एक बैठक को संबोधित करते हुए नड्डा ने देश को भरोसा और नेतृत्व प्रदान करने के साथ-साथ विकास कार्यों की गति देने के लिए प्रधानमंत्री मोदी की सराहना की। नड्डा ने कहा, मोदी सरकार सत्ता समर्थक है, गरीब समर्थक है, किसान समर्थक है, युवा समर्थक है, दलित समर्थक है, महिला समर्थक है। यह जिम्मेदार और जवाबदेह है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपना रिपोर्ट कार्ड पेश करना अपनी आदत बना ली है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि वहीं, कांग्रेस ने कभी घोषणापत्रों को महत्व नहीं दिया और कभी-कभी एक ही तरह के वादे कई बार पेश करती है। नड्डा ने कहा कि 2014 से पहले, कांग्रेस के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार में दुनिया भारत और पाकिस्तान को एक समान मानती थी और इस देश की यात्रा के बाद पड़ोसी देश के लाहौर या रावलपिंडी में ठहराव होता था।उन्होंने कहा, अब वे ऐसा नहीं करते हैं। कूटनीतिक शब्दावली बदल गई है।

## मादक पदार्थों का कुख्यात तस्कर गिरफ्तार : एनसीबी

**नई दिल्ली।** स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने पश्चिम बंगाल से एक कुख्यात अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया है। एक आधिकारिक बयान में शुक्रवार को यह जानकारी दी गई। एजेंसी ने बयान में कहा कि गौतम मंडल को 13 नवंबर को कोलकाता से गिरफ्तार किया गया। एनसीबी ने कहा, गौतम मंडल एक कुख्यात मादक पदार्थ तस्कर है, जिसका सोने की तस्करी का इतिहास रहा है। उसके खिलाफ करोड़ों रुपए के सोने की तस्करी के लिए डीआरआई (राजस्व खुफिया निदेशालय) में तीन मामले दर्ज है।

## इर्गो ने किसानों के लिए मौसम आधारित फसल बीमा योजना लागू की

**मुंबई।** भारत में निजी क्षेत्र की अग्रणी सामान्य बीमा कंपनीए एचडीएफसी इर्गो जनरल इंश्योरेंस को उत्तर प्रदेश सरकार ने रबीए 2024 सीज़न के लिए आगराए फिरोजाबाद, कन्नौज, कानपुर नगर और मैनपुरी में ऋण लेने और ऋण न लेने वाले किसानों के लिए रिस्ट्रक्चर्ड मौसम आधारित फसल बीमा योजना ;आरडब्लूबीसीआईएसद्ध लागू करने के लिए अधिकृत किया है। रिस्ट्रक्चर्ड मौसम आधारित फसल बीमा योजना आरडब्लूबीसीआईएस के तहत सभी उत्पाद हॉर्टिकल्चर एवं फार्म फॉरेस्ट्री विभाग उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अनुमोदित हैं। आरडब्लूबीसीआईएस के तहत मौसमी खतरों के कवर, जैसे बहुत ज्यादाध्बहुत कम बारिश कवरए तापमानए लगातार ड्राई डे कवर, और सापेक्ष ह्यूमिडिटी कवर प्रदान किए जाते हैं, जिन्हें कृषि विभागए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अधिसूचित किया गया है। अधिसूचित जिलों में योजना के तहत कवर की जाने वाली फसलें टमाटर, शिमला मिर्च और हरी मटर हैं।

## विद्या भारती प्रवास कार्यक्रम

लखनऊ। विद्या भारती अवध प्रांत के केंद्रीय अधिकारी राम अरावकर सह संगठन मंत्री, विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थानद्ध के प्रवास के क्रम में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज निराला नगर लखनऊ में विषय संयोजक एवं सहसंयोजक की बैठक संपन्न हुई। जिसमें श्रीराम अरावकर का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ इस बैठक में अवध प्रांत के सभी प्रधानाचार्य विषय संयोजक, सहसंयोजक,और विद्या भारती के क्षेत्रीय संगठन मंत्री हेमचंद जीए अध्यक्ष हरेंद्र श्रीवास्तव,मंत्री महेंद्र कुमार विद्या भारती अवध प्रांत के प्रदेश निरीक्षक राम जी सिंह , उमाशंकर, दिनेश ,श्री राजेंद्र बाबू ,कमलेश एवं विद्या भारती के सभी प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे इस बैठक में नई शिक्षा नीति पंचपदी पद्धति तथा अनेकों बिंदुओं पर परिचर्चा हुई । बैठक के अंत में श्रीराम अरवकर ने विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री राम तीर्थ वर्मा जी का एवं सभी आचार्यों काए सभी कर्मचारियों का धन्यवाद भी दिया।

## मणिपाल सिग्ना का सर्व स्वास्थ्य बीमा देगा लाभ

**मेरठ ।** सबसे तेजी से बढ़ती स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमा कंपनियों में से एक, मणिपाल सिग्ना हेल्थ इंश्योरेंस ने अपनी नई स्वास्थ्य बीमा पेशकश, ' मणिपाल सिग्ना सर्व 'के लॉन्च की घोषणा की है। संपूर्ण स्वास्थ्य बीमा समाधान प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया, 'सर्व' - जिसका अर्थ है सभी के लिए, व्यापक ग्राहक वर्गों के लिए किफायती और समावेशी स्वास्थ्य कवरेज प्रदान करता है, जिसमें भारत की लापता मध्यम आबादी पर विशेष ध्यान दिया जाता है। प्रबंध निदेशक और सीईओ प्रसून सिकदर ने लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए कहा, मणिपाल सिग्ना में, हमारी प्रतिबद्धता सिर्फ़ स्वास्थ्य बीमा की पेशकश करने से कहीं आगे जाती है - यह ऐसे समाधानों को नया रूप देने के बारे में है जो स्वास्थ्य सेवा की पहुँच और सामर्थ्य में महत्वपूर्ण अंतर को पाटते हैं।

## झारखंड चुनाव दो विचारधाराओं प्रेम और नफरत के बीच मुकाबला: तेजस्वी यादव

**देवघर ( झारखंड )।** राजद के नेता तेजस्वी यादव ने शुक्रवार को झारखंड चुनाव को दो विचारधाराओं के बीच मुकाबला करार देते हुए कहा कि एक विचारधारा नफरत और विभाजन जबकि दूसरी प्रेम, विकास और संवैधानिक संरक्षण पर केंद्रित है। देवघर में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए, यादव ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर राज्य में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेतृत्व वाली सरकार को गिराने की साजिश रचने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा 2019 में सरकार बनाने के अपने प्रयासों में विफल रही थी, जिसके बाद उसने राज्य सरकार को अस्थिर करने के लिए केंद्रीय जांच एजेंसियों का इस्तेमाल किया था।

# भाजपा संथाल को झारखंड से अलग करना चाह रही : सोरेन

भाषा। रांची

**झारखंड के** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर संथाल परगना क्षेत्र को राज्य से अलग करने की साजिश रचने का आरोप लगाया और लोगों से ऐसी ताकतों को बाहर निकालने का आग्रह किया। संथाल परगना झारखंड के प्रमंडलों में से एक है और इसका मुख्यालय दुमका में है। इस प्रमंडल में राज्य के उत्तरपूर्वी हिस्से के छह जिले गोड्डा, देवघर, दुमका, जामताड़ा, साहिबगंज और पाकुड़ शामिल हैं।भाजपा सत्तारूढ़ झामुमो और उसके सहयोगियों पर बांग्लादेश से घुसपैठियों को संरक्षण देने का आरोप लगाती रही है। राज्य में भाजपा के लिए घुसपैठ एक प्रमुख चुनावी मुद्दा



है।सोरेन ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, संथाल परगना को झारखंड से अलग करने की साजिश रचने वाली सांप्रदायिक ताकतों (भाजपा) को यहां से खदेड़ना होगा। हम फिर से अपनी सरकार बनाएंगे और झारखंड को समृद्ध बनाएंगे। सोरेन ने दावा किया कि भाजपा 1932 की खतियान-आधारित अधिवास नीति का समर्थन करने वालों को बांग्लादेशी घुसपैठिए या आईएसआई का एजेंट बता रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेताओं को इस चुनाव में राज्य के लोगों से करारा जवाब मिलेगा।वर्ष 2022 में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार ने फैसला किया है कि जिन लोगों के पूर्वज 1932 से पहले राज्य में रह रहे थे और जिनके नाम उस वर्ष के भूमि रिकॉर्ड में शामिल थे, उन्हें झारखंड का स्थानीय निवासी माना जाएगा और उन्हें सरकारी नौकरियों में प्राथमिकता दी जाएगी।एक साथ डाली गई कई पोस्ट में झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष ने भाजपा पर पूरे पांच साल के कार्यकाल के दौरान उनकी सरकार के खिलाफ साजिश रचने का आरोप लगाया।

## घुसपैठ के कारण झारखंड की माटी, बेटी और रोटी खतरे में: केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान

देवघर (झारखंड)। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को कहा कि बांग्लादेश से बड़े पैमाने पर घुसपैठ के कारण झारखंड में माटी, बेटी, रोटी खतरे में है। झारखंड के लिए भाजपा के चुनाव प्रभारी चौहान ने आरोप लगाया कि कांग्रेस आलाकमान ने अभी तक अपने प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर के इस बयान की निंदा नही की है कि अगर पार्टी सत्ता मे आई तो घुसपैठियो सहित सभी नागरिकों को घरेलू एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध कराएगी। भाजपा नेता ने शुक्रवार को आदिवासी शहीद बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी, साथ ही सिद्धू-कान्हू, पोटो हो और फूलो झानो जैसे अन्य आदिवासी नायकों को भी श्रद्धांजलि दी।

## महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव : फडणवीस और शरद पवार की रैली में बारिश

पुणे। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के सुप्रीमो शरद पवार ने शुक्रवार को चुनावी रैलियों को संबोधित किया, जहां बेमौसम बारिश हुई। फडणवीस ने सांगली में जबकि पवार ने कोल्हापुर में चुनावी रैली को संबोधित किया। फडणवीस ने पश्चिमी महाराष्ट्र के सांगली में रैली को संबोधित करते हुए कहा कि जब बारिश होती है तो जीत सुनिश्चित हो जाती है। फडणवीस ने यह टिप्पणी पवार की 2019 के विधानसभा चुनावों के दौरान सतारा में की गई टिप्पणी के संदर्भ में की। पिछले वर्ष 18 अक्टूबर को घटित इस प्रकरण के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए थे और विपक्ष के दिग्गज नेता पवार को उन लोगों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के लिए प्रशंसा मिली थी, जो उन्हें सुनने के लिए भारी बारिश के बावजूद वहां आए थे। उस समय अविभाजित राकांपा ने यह सीट जीत ली थी।

## टैबलेट घोटाले में 93 प्राथमिकी दर्ज, 11 गिरफ्तार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के सरकारी स्कूलों के 16 लाख छात्रों में से।,911 छात्र राज्य सरकार की तरुणेर स्वप्नो योजना से जुड़ी साइबर धोखाधड़ी का शिकार हुए है। राज्य पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इस योजना के तहत कक्षा 10वीं और 12वीं के छात्रों को टैबलेट खरीदने के लिए 10,000 रुपए दिए जाते हैं। उन्होंने बताया कि इस घोटाले के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। अब तक 93 मामले दर्ज किए गए है और धोखाधड़ी की गतिविधियो के सिलसिले में 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एडीजी (दक्षिण बंगाल) सुप्रतिम सरकार ने संवाददाताओं को बताया,"टैबलेट योजना घोटाले के संबंध में अब तक 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और 93 प्राथमिकी दर्ज की गई है। कक्षा 10वीं और 12वीं के 16 लाख छात्रो मे से।,911 छात्रों के साथ धोखाधड़ी की गई है। सरकार के अनुसार यह धोखाधड़ी महाराष्ट्र, राजस्थान और झारखंड सहित कई राज्यों से संचालित साइबर अपराधियों द्वारा की गई थी।

## वायनाड पुनर्वास के लिए राज्य सरकार के पास एसडीआरएफ में धनराशि है: केंद्र ने केरल अदालत को बताया

कोच्चि। केंद्र ने शुक्रवार को केरल उच्च न्यायालय को सूचित किया कि वायनाड पुनर्वास के लिए राज्य आपदा मोचन कोष (एसडीआरएफ) में धन उपलब्ध है और इसके लिए किसी भी अतिरिक्त धनराशि के आवंटन के बारे में जानकारी महीने के अंत तक दी जाएगी। केंद्र सरकार की ओर से यह जवाब केरल के वायनाड जिले मे तीन गांवो मे हुए भूस्खलन के मद्देनजर राज्य मे प्राकृतिक आपदाओं की रोकथाम और प्रबंधन के लिए उच्च न्यायालय द्वारा शुरू की गई सुनवाई के दौरान आया। दूसरी ओर, राज्य सरकार ने अदालत को बताया कि केंद्र ने एक पत्र में कहा है कि वह आपदा पीड़ितों के पुनर्वास के लिए पहले से आवंटित धनराशि से अधिक धनराशि आवंटित नही करेगा। इसने दावा किया कि केंद्र से कोई सकारात्मक आश्वासन नही मिला है।

## बीएल एग्रो ने पर्यावरण अनुकूल खेती को बढ़ावा दिया

**लखनऊ।** भारत के अग्रणी एफएमसीजी ब्रांड्स में से एक बीएल एग्रो और इसके कृषि प्रौद्योगिकी उद्यम लीड्स कनेक्ट ने जोखिम प्रबंधनए जलवायु और स्थिरता समाधानों पर ध्यान केंद्रित करते हुए लखनऊ के कृषि भारत में समर्थ 1.0 लॉन्च किया। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव आईएएसी मनोज कुमार सिंह, नीदरलैंड के कृषि, मत्स्य पालन, खाद्य सुरक्षा और प्रकृति मंत्री जान.कीस गोएट और उत्तर प्रदेश के पशुपालन विभाग के प्रमुख सचिव आईएएस के रविंदर नायक मौजूद थे। कृषि मॉडलिंग और मानवता में परिवर्तन के लिए जोखिम आकलन पर संगोष्ठी समर्थ 1.0 नामक पहल का उद्देश्य कृषि में महत्वपूर्ण चुनौतियों के समाधान पर केंद्रित वैज्ञानिक संवाद में प्रमुख हितधारकों को एकजुट करना है। समर्थ में वैज्ञानिक और तकनीकी सत्र आयोजित किए गएए जिनमें विभिन्न खंडों और क्षेत्रों से उद्योग विशेषज्ञोंए शोधकर्ताओं और शिक्षाविदों को एकत्रित किया गयाए ताकि कृषि पारिस्थितिकी तंत्र और मूल्य श्रृंखला विकास में स्थायी समाधान के लिए एक सहयोगात्मक रोडमैप तैयार किया जा सके। लीड्स कनेक्ट में अनुसंधान, विश्लेषण और मॉडलिंग के निदेशक डा आलोक बीमुखर्जी ने समर्थ के पीछे के दृष्टिकोण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समर्थ सिर्फ़एक शोध जर्नल से कहीं ज़्यादा है। यह वास्तविकए ज़मीनी प्रभाव पैदा करने का एक तरीका है। अंतःविषय दृष्टिकोण और स्थानीय इंटेलिजेंस के साथ उन्नत प्रौद्योगिकियों को जोड़करए हम पारंपरिक एआई से आगे बढ़कर मज़बूत एआई को अपना रहे हैं।

## लुईस फिलिप दिखाएगा विवाह समारोहों की भव्यता एवं सांस्कृतिक समृद्धि

**नई दिल्ली।** आदित्य बिरला फैशन एंड रिटेल लिमिटेड के प्रतिष्ठित मेन्सवियर ब्रैंड लुईस फिलिप ने अपनी नई रॉयल वेडिंग ट्रेजर्स कलेक्शन पेश की है। यह कलेक्शन आधुनिक दूल्हे के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो पारंपरिकता को सम्मान देते हुए समकालीन स्टाइल को अपनाना चाहता है। यह कलेक्शन ब्रैंड की अद्वितीय कारीगरी और खूबसूरती को प्रदर्शित करता है, जो निश्चित रूप से दूल्हे के आत्मविश्वास और आकर्षण को शादी के खास दिन पर और बढ़ाएगा। लुईस फिलिप का खास 'रॉयल वेडिंग ट्रेज़र्स' कलेक्शन परंपरागत विवाह समारोहों की भव्यता एवं सांस्कृतिक समृद्धि को दिखाता है। इसमें डिजाइन के आधुनिक तत्वों को भी बड़ी ही आसानी से शामिल किया गया है। हर पीस एक सुंदर आर्ट वर्क प्रस्तुत करता है और इन्हें वेलवेट जैसे प्रीमियम फैब्रिक्स से कुशलतापूर्वक बनाया गया है। साथ ही खूबसूरत जड़ाई का काम भी इसमें हुआ है। बंदगले पर महीन एम्ब्रॉइडरी और सीक्विन्स का काम किया गया है, जोकि रॉयल मोटिफ्स से प्रेरित है। इनमें की गई कारीगरी का स्तर जो दूल्हे के परिधान को राजसी दर्जा देता है। इस कलेक्शन के बारे में बात करते हुए, लुईस फिलिपे की मुख्य परिचालन अधिकारी फरीदा कलियादान ने कहा, ''लुईस फिलिप में हमारा मानना है कि परंपरा को देखते हुए शादियों में खुद की शख्सियत को दिखाना बहुत मायने रखता है।

## शिक्षकों के लिए निःशुल्क एआई टूल की योजना

**नई दिल्ली।** खान अकैडमी, जो किसी को भी, कहीं भी, निःशुल्क, विश्वस्तरीय शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध वैश्विक गैर-लाभकारी संस्था है, ने 14 नवंबर, 2024 से भारत में सभी शिक्षकों के लिए अपने निःशुल्क, एआई-संचालित टूल, खानमिगो के लॉन्च की घोषणा की है। इस लॉन्च के हिस्से के रूप में, शिक्षक खानमिगो को एक शिक्षण सहायक के रूप में निःशुल्क एक्सेस कर सकेंगे। दुनिया भर में शिक्षकों द्वारा पहले से ही उपयोग किए जा रहे खानमिगो में विभिन्न कठिनाई स्तरों पर पाठ्यक्रम-संरेखित मूल्यांकन, क्रिएटिव लेसन आइडिया और संक्षिप्त अध्याय सारांश जैसी अनेक सहज सुविधाएँ हैं। इन उपकरणों के साथ, शिक्षक छात्रों की व्यक्तिगत जरूरतों पर अधिक ध्यान केंद्रित कर सकते हैं जिससे कक्षा में शिक्षण अधिक प्रभावशाली हो जाता है। अंग्रेजी और हिंदी दोनों में उपलब्ध, खानमिगो एक एआई शिक्षण सहायक और छात्र ट्यूटर है जिसे शिक्षकों की दक्षता और छात्रों के अधिगम को बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह लॉन्च खान अकैडमी की उच्च-गुणवत्ता वाले शैक्षिक संसाधनों को सभी भाषाओं में सुलभ और प्रभावशाली बनाने की प्रतिबद्धता पर आधारित है। खान अकैडमी इंडिया की प्रबंध निदेशक, स्वाति वासुदेवन ने खानमिगो के लॉन्च पर अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा कि बाल दिवस के इस विशेष अवसर पर, हम खानमिगो को भारत भर के सभी शिक्षकों के लिए निःशुल्क उपलब्ध कराने के लिए रोमांचित हैं।

## कश्मीर के ऊपरी इलाकों में हल्का हिमपात

**श्रीनगर।** कश्मीर के ऊपरी इलाकों में शुक्रवार को हल्का हिमपात हुआ, जबकि मैदानी इलाकों में कुछ स्थानों पर मामूली बारिश हुई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बांदीपुरा को सीमांत गुरेज सेक्टर से जोड़ने वाला राजदान टॉप बर्फ की पतली परत से ढक गया है, जिसके कारण यातायात के लिए मार्ग को अस्थाई रूप से बंद कर दिया गया। अधिकारियों के अनुसार राजदान टॉप और घाटी के ऊंचाई वाले कुछ अन्य इलाकों में शुक्रवार सुबह ताजा हिमपात हुआ।



मौसम विभाग ने कहा है कि शनिवार सुबह तक कश्मीर के ऊंचाई वाले इलाकों और जम्मू के कुछ स्थानों पर हल्की बारिश या हिमपात की संभावना है। विभाग ने कहा कि आमतौर पर बादल छाए रहेंगे। उन्होंने बताया कि शनिवार दोपहर से मौसम में सुधार होगा। मौसम विभाग के अनुसार 17 से 23 नवंबर तक मौसम आमतौर पर शुष्क रहेगा तथा 24 नवंबर को ऊंचाई वाले स्थानों पर हल्की बारिश या हल्के हिमपात की संभावना है।

# मोदी जी के नेतृत्व व योगी जी की तपस्या से जो बदलाव हो रहा है, उसे देख दुनिया है अचंभित : धनखड़

भाषा। वाराणसी, (उप्र)



**उपराष्ट्रपति** जगदीप धनखड ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की तपस्या से जो बदलाव हो रहा है, उससे देखकर दुनिया अचंभित है। धनखड़ ने काशी में देव दीपावली के अवसर दीप जलाकर नमो घाट का लोकार्पण किया और अपने संबोधन में कहा, (नमो) घाट उस व्यक्ति (नरेन्द्र मोदी) को परिभाषित करता है। नमो घाट तो सबसे बड़ा होना ही चाहिए। अपना भारत अकल्पनीय तरीके से बदल रहा है, जो सोचा नहीं, वह संभव हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में एवं योगी जी की तपस्या से जो बदलाव हो रहा है, उसे देखकर दुनिया अचंभित है। उन्होंने कहा, जल हो, थल हो, आकाश हो, अंतरिक्ष हो, भारत की बुलंदियों को दुनिया सराह रही है। उपराष्ट्रपति ने कहा, आज मेरा मन पूरी तरह अभिभूत है, आज मेरे जीवन में वह पल आया है, जिसकी कल्पना मैंने कभी नहीं की थी। उन्होंने कहा, इस पावन पर्व पर नमो घाट का लोकार्पण मेरे हाथों से होना मुझे बडे दायित्व का बोध कराता है। यह दुनिया का सबसे बड़ा घाट है। जब मैंने माननीय मुख्यमंत्री जी से कहा कि यह दुनिया का सबसे बडा घाट है तो उन्होंने कहा कि भारत के अलावा घाट है ही कहां। काशी की धरती को प्रणाम करते हुए धनखड़ ने इस पावन भूमि से सभी देशवासियों को देव दीपावली, कार्तिक पूर्णिमा की हार्दिक शुभकामना दी। उपराष्ट्रपति ने काशी का बखान करते हुए कहा, जहां की मिट्टी पारस हैं, उस शहर का नाम बनारस है। काशी मोक्ष की नगरी है। आज काशी में विकास एवं अध्यात्म का समन्वय है और काशी जैसा कल्चरल सेंटर कही भी नहीं है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देश के लिए समर्पित बताते हुए कहा, हमारी सांस्कृतिक विरासत पूरी दुनिया को संदेश देता हैं। सनातन हमें एक और मजबूत रहने का संदेश देता हैं। भारत दुनिया में बड़ी ताकत के रूप में अग्रसर हैं। भारत सनातन की आत्मा है। उन्होंने कहा कि सनातन के संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प सभी को लेना चाहिए तथा कोई भी हित मेरे लिए देश हित से ऊपर नहीं है। उन्होंने साथ ही कहा, आज ही के दिन सिख धर्म के संस्थापक प्रथम गुरु नानक देव का 555 वां प्रकाश पर्व है। उन्होंने सिख-भाई बहनों को प्रकाश पर्व की अनेक शुभकामनाएं देते हुए कहा, उपराष्ट्रपति के नए निवास के सामने प्रमुख गुरुद्वारा है और मैं वहां की चमक-दमक देखकर आया हूं। इस प्रकाश पर्व की चमक-दमक मैंने देश के हर कोने में देखी है। यह संयोग है कि प्रकाश पर्व भी आज है। उपराष्ट्रपति ने कहा, आज ही के दिन भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती है। आज मेरे दिन की शुरुआत संसद परिसर में जनजाति समुदाय से आने वाली भारत की प्रथम महिला राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी के साथ बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पण के साथ हुई। धनखड़ ने संकेतों में पूर्ववर्ती सरकारों पर बिरसा मुंडा की उपेक्षा की बात करते हुए कहा, उनकी जन्मतिथि को लंबे अरसे बाद हमने याद किया। अमृत काल की सबसे सबसे बड़ी सीख है जिन लोगों ने देश के लिए त्याग किया, हमारे उत्थान और आजादी में योगदान किया।

# महाराष्ट्र के किसानों के लिए ऐतिहासिक कदम उठाएगा एमवीए: राहुल गांधी

भाषा। नई दिल्ली

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि महा विकास आघाडी (एमवीए) सोयाबीन के लिए 7,000 रुपए प्रति क्विंटल और बोनस तय करके महाराष्ट्र के किसानों के लिए ऐतिहासिक कदम उठाने जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि एमवीए प्याज के लिए उचित मूल्य और कपास के लिए सही न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) तय करने के लिए एक समिति बनाएगा। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि पिछले तीन चुनावों से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सोयाबीन के लिए 6,000 रुपए एमएसपी देने का वादा कर रही है, लेकिन आज भी किसान अपनी मेहनत से उगाए गए सोयाबीन को 3,000-4,000 रुपए में बेचने को मजबूर हैं। गांधी ने एक्स पर एक



पोस्ट में कहा, एमवीए हमारे किसानों को उनके अधिकार, कड़ी मेहनत का फल और न्याय दिलाएगा। सत्तारूढ़ महायुति सरकार की आलोचना करते हुए कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को दावा किया था कि महाराष्ट्र ने केवल 3,888 मीट्रिक टन सोयाबीन खरीदा है, जबकि तेलंगाना ने लगभग 25,000 मीट्रिक टन सोयाबीन खरीदा है। कांग्रेस ने कहा कि यह उनके बीच का अंतर है जो किसान कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हैं तथा जो अपनी जेब और सत्ता के लिए प्रतिबद्ध हैं। इससे पहले गांधी ने दावा किया था कि महाराष्ट्र के सोयाबीन और कपास उत्पादक किसान भाजपा नीत सरकार की किसान विरोधी नीतियों के कारण निराश हैं। कांग्रेस नेता ने वादा किया था कि राज्य में सरकार बनने के बाद विपक्षी गठबंधन इंडिया उनके मुद्दों का समाधान करेगा। गांधी ने कहा था कि 2021 में सोयाबीन की कीमतें 10,000 रुपए तक थीं, लेकिन अब किसान इसे एमएसपी से कम पर बेचने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा था कि सोयाबीन का एमएसपी 4,892 रुपए है, लेकिन किसानों को इसे लगभग 4,200 रुपए या उससे भी कम पर बेचना पड़ रहा है। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए महाराष्ट्र के सोयाबीन और कपास किसानों से बातचीत की और उनकी समस्याएं सुनीं।

# उमर अब्दुल्ला ने सीतारमण से मुलाकात की, केंद्र पर निर्भरता घटाने के उपायों पर चर्चा की

भाषा। नई दिल्ली

**जम्मू कश्मीर** के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शुक्रवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की और राजस्व सृजन पर ध्यान केंद्रित करते हुए आर्थिक एवं वित्तीय प्रगति पर चर्चा की, ताकि केंद्र पर निर्भरता घटाई जा सके। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उनकी यह बैठक इसलिए मायने रखती है कि नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) नीत सरकार छह साल के केंद्रीय शासन की समाप्ति के बाद, अपना पहला बजट पेश करने वाली है। केंद्र शासित प्रदेश में हाल में हुए विधानसभा चुनाव में अब्दुल्ला की नेशनल कॉन्फ्रेंस ने 90 विधानसभा सीट में से 42 पर जीत हासिल की थी। अब्दुल्ला और उनके पांच कैबिनेट सहयोगियों ने 16 अक्टूबर को शपथ ली थी। नेकां ने सीतारमण और अब्दुल्ला की मुलाकात की एक तस्वीर एक्स पर पोस्ट की। पार्टी ने कहा, जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने केंद्रीय वित्त और कॉरपोरेट मामलों की कैबिनेट मंत्री से मुलाकात की। चर्चा जम्मू कश्मीर की आर्थिक और वित्तीय प्रगति के इर्द-गिर्द केंद्रित रही। अधिकारियों ने बैठक को बहुत सकारात्मक बताया और कहा कि मुख्यमंत्री ने जम्मू कश्मीर की वित्तीय स्थिति और राजस्व सृजन करने के उपायों पर चर्चा की, ताकि केंद्र सरकार पर निर्भरता घटाई जा सके। उन्होंने कहा कि अब्दुल्ला ने बुनियादी ढांचे और कनेक्टिविटी में निवेश की आवश्यकता के बारे में भी बात की, इससे जम्मू-कश्मीर को निवेश गंतव्य के रूप में बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।

# ट्रंप ने फिर दोहराया युद्ध खत्म कराने का संकल्प

**भाषा।** वाशिंगटन



**अमेरिका के नवनिर्वाचित** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस-यूक्रेन युद्ध में जानहानि होने पर अफसोस जताते हुए कहा है कि उनका प्रशासन इस युद्ध को समाप्त करने पर ध्यान केंद्रित करेगा। ट्रंप ने साथ ही कहा कि उनका प्रशासन पश्चिम एशिया में शांति लाने के लिए भी काम करेगा। उन्होंने बृहस्पतिवार को अमेरिका फर्स्ट पॉलिसी इंस्टीट्यूट के लिए, अपने मार-ए-लागो एस्टेट आवास में आयोजित एक समारोह में कहा, हम पश्चिम एशिया (में शांति) के लिए काम कर रहे हैं और हम रूस और यूक्रेन पर बहुत मेहनत करेंगे। इसे रोकना होगा। ट्रंप ने पांच नवंबर को देश में हुए राष्ट्रपति पद के चुनावों में उनकी शानदार जीत के बाद पहली बार सार्वजनिक रूप से उपस्थित होकर पहला बड़ा भाषण देते हुए कहा, रूस और यूक्रेन को रुकना होगा। मैंने आज एक रिपोर्ट देखी। पिछले तीन दिन में हजारों लोग मारे गए। कई हजार लोग मारे गए। वे सैनिक थे। चाहे वे (मारे गए लोग) सैनिक हों या शहरों में बैठे लोग हों, हम इस (युद्ध रोकने पर) दिशा में काम करेंगे। नव-निर्वाचित राष्ट्रपति को कई बार कहा है कि उनकी प्राथमिकता युद्ध को समाप्त करना तथा यूक्रेन को दी जा रही सैन्य सहायता के रूप में हो रही अमेरिकी संसाधनों की बर्बादी को रोकना है। इस बीच ट्रंप के पिछले कार्यकाल में उप सहायक के रूप में कार्य कर चुकीं लीसा कर्टिस ने कहा कि यूक्रेन में युद्ध को इस तरह से समाप्त करने की आवश्यकता है जिससे अन्य देशों को अपने पड़ोसियों पर अवैध रूप से आक्रमण करने के लिए प्रोत्साहन न मिले। कर्टिस ने कहा, (नवनिर्वाचित) राष्ट्रपति ट्रंप ने अमेरिका के अन्य पूर्व राष्ट्रपतियों की तुलना में (रूस के) राष्ट्रपति (व्लादिमीर) पुतिन के बारे में अधिक सकारात्मक बातें की हैं। उन्होंने रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध को समाप्त करने की कोशिश करने की भी बात की है। हमें अभी यह नहीं पता है कि वह ऐसा किस तरह करेंगे। कर्टिस ने पीटीआई से साक्षात्कार में कहा, मैं बस इतना ही कहूंगी कि इसे इस तरह से किया जाना चाहिए कि रूस को अपने किए कार्यों के कुछ परिणाम भुगतने पड़ें।

## ट्रंप ने अर्जेंटीना के राष्ट्रपति से मुलाकात की

वेस्ट पाम बीच (फ्लोरिडा, अमेरिका)। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बृहस्पतिवार को अपने मार-ए-लागो क्लब में अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर माइली से मुलाकात की। पिछले सप्ताह अमेरिकी चुनाव में जीत के बाद माइली नव-निर्वाचित राष्ट्रपति से मुलाकात करने वाले पहले विदेशी नेता हैं। नाम नहीं बताने की शर्त पर एक व्यक्ति ने इस बैठक की पुष्टि की। बैठक के बारे में अब तक सार्वजनिक रूप से घोषणा नहीं की गई है। व्यक्ति ने कहा कि बैठक अच्छी रही और माइली ने निवेशकों से भी मुलाकात की। ट्रंप से मिलने के बाद माइली ने मार-ए-लागो में अमेरिका फर्स्ट पॉलिसी इंस्टीट्यूट के समारोह को संबोधित किया। उन्होंने वामपंथी विचारधाराओं की आलोचना की और एक्स के मालिक एलन मस्क की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनकी सोशल मीडिया साइट मानवता को बचाने में मदद कर रही है।

# ऑक्सफोर्ड यूनियन सोसाइटी में कश्मीर पर बहस के खिलाफ भारतीय छात्रों का प्रदर्शन

**भाषा।** लंदन

**भारतीय** छात्रों के एक समूह ने ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय की ऑक्सफोर्ड यूनियन सोसाइटी में कश्मीर पर आयोजित एक बहस के विरोध में नारे लगाए और तख्तियां दिखाईं। समूह ने कहा कि इस बहस में आतंकवाद से जुड़ाव रखने वाले वक्ताओं को मंच दिया गया। ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में बृहस्पतिवार शाम को कश्मीर को एक स्वतंत्र प्रदेश के रूप में देखने संबंधी एक प्रस्ताव के पक्ष में बोलते हुए जम्मू और कश्मीर लिबरेशन फ्रंट (जेकेएलएफ) से जुड़े जफर खान और वर्ल्ड कश्मीर फ्रीडम मूवमेंट से जुड़े मुजम्मिल अयूब ठाकुर ने भी भाषण दिया। इस साल मार्च में भारत ने आतंकवाद के आरोपी यासीन मलिक की अगुआई वाले जेकेएलएफ पर प्रतिबंध को अगले पांच साल के लिए बढ़ा दिया था। विरोध प्रदर्शनों के दौरान भारत माता की जय और ऑक्सफोर्ड यूनियन अतिवाद के साथ खड़ा है के नारे लगाए गए। इंडियन ऑक्सफोर्ड यूनियन के सदस्य आदर्श मिश्रा ने बहस के दौरान हस्तक्षेप करते हुए कहा, जेकेएलएफ एक आतंकी संगठन है। सामुदायिक संगठन इनसाइट यूके द्वारा एक्स पर साझा किए गए एक वीडियो के अनुसार, मिश्रा को यह कहते हुए सुना जा सकता है मुझे इस मंच पर भरोसा नहीं है और मैंने (ऑक्सफोर्ड यूनियन के) अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया है।

## शिखर सम्मेलन के लिए पेरू पहुंचे जो बाइडन

लीमा (पेरू)। राष्ट्रपति जो बाइडन अपने कार्यकाल के अंतिम प्रमुख अंतरराष्ट्रीय शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए लैटिन अमेरिका की छह दिवसीय यात्रा पर बृहस्पतिवार को पेरू पहुंचे।विश्व भर के नेताओं का ध्यान इस ओर है कि डोनाल्ड ट्रंप का राष्ट्रपति बनना उनके देशों के लिए कितना महत्व रखता है।बाइडन के लिए पेरू में एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग शिखर सम्मेलन की यात्रा और ब्राजील में अमेजन वर्षावन जाना तथा जी-20 नेताओं के शिखर सम्मेलन में शिरकत करना राष्ट्रपति के रूप में उन राष्ट्राध्यक्षों से मिलने का अंतिम अवसर है, जिनके साथ उन्होंने वर्षों से काम किया है।लेकिन विश्व भर के नेताओं की निगाहें अब ट्रंप पर टिकी हुई हैं। वे पहले ही ट्रंप को फोन पर बधाई दे चुके है। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सूक एओल गोल्फ प्रेमी ट्रंप से घुलने मिलने का मौका तलाशने के लिए गोल्फ खेल का सहारा ले रहे है। व्हाइट हाउस के अधिकारियो ने कहा कि बाइडन की यात्राएं महत्वपूर्ण होंगी। उनके कार्यक्रमों में जलवायु मुद्दों, वैश्विक बुनियादी ढांचे, मादकपदार्थों के विरोधी प्रयासों पर बातचीत और चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग सहित वैश्विक नेताओं के साथ आमने-सामने की बैठकें एवं दक्षिण कोरिया के यून और जापानी प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा के साथ एक संयुक्त बैठक शामिल होगी।

## डाउनिंग स्ट्रीट ने दिवाली समारोह के मेनू में हुई चूक के लिए माफी मांगी

लंदन। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर के कार्यालय ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास-सह-कार्यालय 10 डाउनिंग स्ट्रीट में दिवाली के आयोजन में हुई चूक के लिए माफी मांगी जिसमें कुछ ब्रिटिश हिंदुओं ने मांसाहार और शराब परोसे जाने पर आपत्ति जताई थी। हालांकि बयान में कार्यक्रम के मेनू का सीधा संदर्भ नही दिया गया, लेकिन स्टार्मर के कार्यालय के प्रवक्ता ने कहा कि टीम ने समुदाय को आश्वासन दिया कि भविष्य मे ऐसा नही दोहराया जाएगा। डाउनिंग स्ट्रीट के प्रवक्ता ने कहा, प्रधानमंत्री को डाउनिंग स्ट्रीट में दिवाली मनाने वाले विभिन्न समुदायों का स्वागत करते हुए खुशी हुई। प्रवक्ता ने कहा, उन्होंने ब्रिटिश हिंदू, सिख और जैन समुदायो द्वारा हमारे देश मे दिए गए बड़े योगदान और कड़ी मेहनत, महत्वाकांक्षा और आकांक्षा के साझा मूल्यों से सरकार के प्रेरित होने की प्रशंसा की। कार्यक्रम के आयोजन मे एक गलती हुई थी। प्रवक्ता ने कहा, हम इस मुद्दे पर भावना की ताकत को समझते है और इसलिए समुदाय से माफी मांगते है और उन्हे आश्वस्त करते है कि ऐसा दोबारा नही होगा।

## पंजाब में धुंध अब स्वास्थ्य संकट बनी: मंत्री

लाहौर। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की वरिष्ठ मंत्री मरियम औरंगजेब ने शुक्रवार को कहा कि सरकार ने धुंध को स्वास्थ्य संकट घोषित कर दिया है क्योंकि पिछले माह लाखो लोगो के सांस लेने मे तकलीफ और श्वसन संबंधी अन्य समस्याओं से पीड़ित होने के मामले सामने आए। उन्होने यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि लगभग 13.0 करोड़ आबादी वाले प्रांत मे पिछले कुछ हफ्तो से छाए धुंध से निपटने के लिए लाहौर और मुल्तान जिलो मे स्वास्थ्य आपातकाल घोषित कर दिया गया है। प्रांतीय स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, पिछले महीने अस्पतालो मे अस्थमा, छाती मे संक्रमण, आंखो के संक्रमण और हृदय संबंधी समस्याओं के अलावा सांस से जुड़ी बीमारी के लगभग 20 लाख मामले सामने आए है। जहरीले प्रदूषकों के कारण धुंध ने पंजाब के कई शहरों को अपनी आगोश में ले लिया है। इसके कारण सबसे ज्यादा लाहौर और मुल्तान प्रभावित है।वायु प्रदूषण का नया रिकॉर्ड बनाते हुए मुल्तान मे दो बार वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 2,000 को पार कर चुका है।

## सऊदी के जीवंत संगीत से रूबरू होंगे लोग

**रियाद।** सीज़न 2024 में एमडीएलबिस्टस के साथ सऊदी के जीवंत संगीत दृश्य की धुन पर थिरकने के लिए तैयार हो जाइए! यह मनोरंजन पावरहाउस अनदेखी चीज़ों को बढ़ाने और अरब के दिल में संगीत और संस्कृति के सर्वश्रेष्ठ को सबसे आगे लाने के मिशन पर है। 3 अक्टूबर से 24 दिसंबर तक ़एमडीएलबिस्टस् कई शानदार कार्यक्रमों की मेजबानी कर रहा ह, जो सऊदी की राजधानी रियाद में आपको मंत्रमुग्ध कर देंगे। एक्सपी म्यूजिक फ्यूचर्स -24 संगीत प्रेमियों के लिए बेहतरीन जगह है, जिसमें विश्व स्तरीय डीजे और कलाकार शामिल हैं, जो आपको पूरी रात नाचने पर मजबूर कर देंगे। इसके अलावाए साउंस्ट्राम 24 भी रोमांचक है, जिसमें शानदार प्रदर्शन होंगेए जो आपको और अधिक सुनने के लिए मजबूर कर देंगे। अगर आप संगीत के शौकीनों से जुड़ना चाहते हैं, तो बलद सोशल वह जगह है जहाँ आप नए दोस्त बना सकते हैं, जबकि बीस्ट हाउस एक रचनात्मक केंद्र है जहाँ कला और संगीत का संगम होता है। चाहे आप स्थानीय हों या सिर्फ़घूमने आए हों, ़एमडीएलबिस्टस के कार्यक्रम सऊदी की जीवंत संस्कृति और ऊर्जा का अनुभव करने का सबसे बढ़िया तरीका हैं। आप सऊदी में सबसे बेहतरीन मनोरंजन रियाद सीज़न में देख सकते हैं, जो देश का सबसे बड़ा शीतकालीन उत्सव है। इससे भी अच्छी बात यह है कि सऊदी यहाँ से बस कुछ ही दूरी पर है। रियाद सीज़न दुनिया के सबसे प्रतीक्षित शीतकालीन मनोरंजन कार्यक्रमों में से एक है, जिसमें सांस्कृतिक विरासत को आधुनिक गतिशीलता के साथ जोड़ा जाता है। यह वार्षिक कार्यक्रम दुनिया भर से आगंतुकों को आकर्षित करता है क्योंकि यह सऊदी की आकर्षक ऊर्जा की एक अनूठी झलक प्रदान करता है, जिसमें एक्शन से भरपूर आकर्षण, रोमांचकारी मनोरंजन, स्वादिष्ट भोजन विकल्प और बहुत कुछ शामिल है। 12 अक्टूबरए 2024 से 1 मार्च 2025 तक रियाद सीज़न 2024 अनुभवों के शानदार विकल्प का वादा करता है, जो इसे इस सर्दी में विलासिताए रोमांच और संस्कृति की तलाश करने वाले यात्रियों के लिए अंतिम गंतव्य बनाता है।

## पेड्रो पास्कल को महान निर्देशक के साथ काम करने का आजीवन सपना साकार हुआ

**हालीवुड।** पेड्रो पास्कल शक्तिशाली भूमिकाओं के लिए कोई अजनबी नहीं हैं और अब, जब वह निर्देशन के तहत प्रतिष्ठित सेट पर कदम रख रहे हैं। रिडले स्कॉट के अनुसार हम कल्पना करेंगे कि यह किसी सपने के सच होन से कम नहीं होगा। अपनी काबिलियत के लिए जाने जाते हैं। जटिल पात्रों में भावनात्मक गहराई लाने के लिएए पास्कल एकेशियस की भूमिका निभाता है, जो एक ऐसी शख्सियत है बदलते गठबंधन और आंतरिक संघर्ष दर्शकों को अनुमान लगाने पर मजबूर कर देते हैं। अपनी चुंबकीय उपस्थिति और गहराई के साथ ग्लेडिएटर की दुनिया के प्रति सम्मानए पास्कल इस लंबे समय से प्रतीक्षित अगली कड़ी में एक नई तीव्रता लाता हैए जिसके लिए तैयार है उस महाकाव्य गाथा में अपना स्थान बनाया जिसकी वह वर्षों से प्रशंसा कर रहे हैं। यहाँ कदम रखने के बारे में उनका क्या कहना है। .पास्कल का कहना है कि जब ग्लेडिएटर पहली बार रिलीज़ हुआ था तो उन्होंने उसे कई बार देखा था। यह एक सपने के सच होने जैसा है उन्हें एक ऐसे निर्देशक के साथ काम करने का मौका मिलाए जिनकी फिल्मों की वह लंबे समय से प्रशंसा करते रहे हैं। वह कहते हैंए रअपने अधिकांश जीवन के लिए मैंकेवल एक दर्शक के रूप में उनके काम का अनुभव किया है . आँखें खुली और पूरी तरह से चकाचौंध वे कहते हैं। उनकी किसी फिल्म का हिस्सा बनना कुछ ऐसी बात है जिसकी मुझे उम्मीद नहीं थी। आपको इस पर ध्यान देना होगा उसकी निष्ठाएँ कहाँ और क्यों क्योंकि वह रोमन सेना का नेतृत्व कर रहा है, आप सोचेंगे कि वह एक खलनायक है। लेकिन एकेशियस पहली फिल्म के एक प्रिय पात्र ल्यूसिला से प्यार करता है।

## गुरु नानक पर अटूट श्रद्धा है कलाकारों की

**मुंबई।** गुरु नानक जयंती जिसे गुरपुरब भी कहा जाता है गुरु नानक देव जी के जन्म दिवस का पावन पर्व है। इसे बड़ी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाता हैए जिसमें शांतिए समानता और निस्वार्थ सेवा का संदेश है। ये सभी मूल्य गुरु नानक देव जी ने अपने जीवन में अपनाए और सिखाए। इस अवसर पर दुनियाभर में लोग गुरुद्वारों में जाकरए कीर्तन में हिस्सा लेकर और सेवा भाव से लंगर का आयोजन कर इसे मनाते हैं। इस पावन मौके पर प्रिया ठाकुर ;वसुधाद्धए शक्ति आनंद कुंडली भाग्य अमन गांधी भाग्य लक्ष्मी और आर्य बब्बर जागृति एक नई सुबहद्ध जैसे ज़ी टीवी के लोकप्रिय कलाकारों ने अपने बचपन की गुरपुरब से जुड़ीं यादें और गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं का महत्व साझा किया। जो आज भी उन्हें राह दिखाते हैं। ये सभी कलाकार अपने बचपन में निभाई गई परंपराओं से लेकर एकता और दया की सीख तकए इस महान विरासत का सम्मान कर रहे हैं। प्रिया ठाकुर जो ज़ी टीवी के सुधाष में वसुधा का किरदार निभा रही हैंए कहती है किगुरु नानक जयंती का पर्व मेरे दिल में एक खास जगह रखता है। मैंने बचपन से ही गुरुद्वारों में जाना शुरू किया और वहां के शांति भरे माहौल में अपार सुकून पाया। कुंडली भाग्य में करण लुथरा का किरदार निभा रहे शक्ति आनंद कहते हैं कि गुरु नानक जयंती हमें गुरु नानक देव जी की अमर शिक्षाओं की याद दिलाती है, जो हमें विनम्रता और दयालुता के साथ जीवन जीने की प्रेरणा देती हैं। अमन गांधी भाग्य लक्ष्मीमें आयुष के किरदार में नजर आ रहे हैंए कहते हैं क गुरपरब की पूर्व संध्या पर पंज प्यार् सुंदर नगर कीर्तन का नेतृत्व करते हैं, जो बचपन से ही मेरी पसंदीदा परंपरा रही है। मुझे अब भी याद है कि कैसे मैं इस मौके पर मिठाइयां बांटता था और देर रात तक चलने वाली प्रार्थनाओं में हिस्सा लेता था। जागृति. एक नई सुबह् में कालीकांत का किरदार निभा रहे आर्य बब्बर कहते हैं गुरु नानक जयंती का पर्व मेरे दिल को गर्व, श्रद्धा और अपार कृतज्ञता से भर देता है।

## शोल्ज ने पुतिन के साथ यूक्रेन मुद्दे पर चर्चा की, दो साल में पहली बार ऐसी बातचीत हुई

**बर्लिन।** जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज ने शुक्रवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ फोन पर बातचीत मे यूक्रेन युद्ध की निंदा की। यह दो वर्षो मे इस तरह की पहली बातचीत थी। सरकार के प्रवक्ता स्टीफन हेबेस्ट्रेट ने कहा कि शोल्ज ने बातचीत के दौरान यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध की निंदा की और पुतिन का आह्वान किया कि वह अपने सैनिकों को वापस बुलाकर इस युद्ध को समाप्त करें। हेबेस्ट्रेट ने एक बयान में कहा, चांसलर ने रूस से न्यायपूर्ण और स्थाई शांति प्राप्त करने के उद्देश्य से यूक्रेन के साथ बातचीत करने के लिए तैयार होने का आग्रह किया और रूसी आक्रमकता के खिलाफ लड़ाई में यूक्रेन का समर्थन करने के लिए जर्मनी के अटूट दृढ़ संकल्प पर बल दिया।

## ननकाना साहिब जा रहे हिंदू तीर्थयात्री की हत्या

लाहौर। पाकिस्तान के ननकाना साहिब मे गुरु नानक देव की 555 वे प्रकाश पर्व समारोह मे भाग लेने जा रहे एक पाकिस्तानी हिंदू तीर्थयात्री की लुटेरो ने गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सिंध प्रांत के लरकाना शहर के मूल निवासी राजेश कुमार अपने दोस्त और एक रिश्तेदार के साथ कार से लाहौर से ननकाना साहिब जा रहे थे, तभी लाहौर से लगभग 60 किलोमीटर दूर मानांवाला-ननकाना साहिब रोड पर तीन लुटेरों ने उनका रास्ता रोक लिया। पुलिस ने बताया, 'बंदूकधारियों ने तीनों से साढ़े चार लाख रुपए और चालक से 10,000 रुपए छीन लिए। कुमार के विरोध करने पर लुटेरों ने उन पर गोलियां चला दी और भाग गए।

## जापान की राजकुमारी यूरिको का 101 वर्ष की उम्र में निधन

तोक्यो। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जापान के सम्राट रहे हिरोहितो के भाई की पत्नी और शाही परिवार की सबसे बुजुर्ग सदस्य राजकुमारी यूरिको का स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण निधन हो गया। वह 101 वर्ष की थी। महल के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इंपीरियल हाउसहोल्ड एजेंसी ने बताया कि यूरिको का तोक्यो के एक अस्पताल में शुक्रवार को निधन हो गया। एजेंसी ने राजकुमारी के निधन का कारण नही बताया, लेकिन जापानी मीडिया ने बताया कि निमोनिया से ग्रस्त होने की वजह से यूरिको का निधन हुआ। यूरिको का जन्म 1923 मे एक कुलीन परिवार मे हुआ था। 18 साल की उम्र मे उनका विवाह हिरोहितो के छोटे भाई राजकुमार मिकासा से हुआ।

## उत्तर कोरिया ने विस्फोटक ड्रोन का परीक्षण किया

सियोल। उत्तर कोरिया ने लक्ष्यो पर सटीक प्रहार करने के लिए डिजाइन किए गए विस्फोटक ड्रोन का परीक्षण किया है, वही नेता किम जोंग उन ने इन हथियारो के बड़े पैमाने पर निर्माण मे तेजी लाने का आह्वान किया है। यह जानकारी शुक्रवार को सरकारी मीडिया ने दी। देश ने यह परीक्षण ऐसे समय मे किया है जब अमेरिका, दक्षिण कोरिया और जापान निकटवर्ती अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र मे उन्नत लड़ाकू जेट विमानों और एक अमेरिकी विमानवाहक पोत के साथ संयुक्त सैन्य अभ्यास कर रहे है। उत्तर कोरिया की आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) ने कुछ तस्वीरें प्रकाशित की जिनमें किम कम से कम दो अलग-अलग तरह के मानवरहित हवाई वाहनों के पास अधिकारियों से बात करते नजर आ रहे है।

## पीटर इंग्लैंड का 'द बॉलीवुड वेडिंग' कलेक्शन

ट्रांबे। आदित्य बिड़ला फैशन और रिटेल के प्रमुख मेंसवियर ब्रांड्स में से एक पीटर इंग्लैंड ने अपना बॉलीवुड-प्रेरित वेडिंग कलेक्शन का पेश किया है, जिसे फेमस इंडियन डायरेक्टर और बॉलीवुड आइकन करण जौहर ने लॉन्च किया। पारंपरिक और आधुनिक शैलियों का एक विविध मिश्रण प्रस्तुत करने वाला यह अनोखा कलेक्शन बॉलीवुड के ग्लैमर और आकर्षण को प्रतिबिंबित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है ताकि हर कोई स्टाइल में शादी का जश्न मना सके।पीटर इंग्लैंड के सीईओ अनिल एस कुमार ने इस शानदार कलेक्शन के पीछे की सोच साझा करते हुए कहा, पीटर इंग्लैंड का उद्देश्य दूल्हों और उनके दोस्तों को हर शादी में बॉलीवुड फिल्मों के नायकों की तरह केंद्र में लाना है। 'बॉलीवुड वेडिंग कलेक्शन' के साथ हमने इंटरनेशनल ट्रेंड्स, हाई क्वालिटी फैब्रिक्स, और बॉलीवुड के मैजिक का एक परफेक्ट बैलेंस बनाया है।इस कलेक्शन में रंगों का शानदार संयोजन है, जिसमें रॉयल ब्लू, मरून, और पन्ना हरे जैसे ज्वेल टोन शामिल हैं, साथ ही क्लासिक काले और बेज रंग भी हैं, जो हर स्वाद के लिए उपयुक्त हैं। इस कलेक्शन में दो-पीस सूट, एलिगेंट थ्री-पीस सूट, वेलवेट बॉम्बर जैकेट्स, क्लासिक बंदगला और आधुनिक एब्स्ट्रैक्ट शर्ट शामिल हैं।

# ट्रंप ने महत्वपूर्ण पदों के लिए वफादार लोगों को दी तरजीह

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका के** एक बार फिर से राष्ट्रपति चुने गए डोनाल्ड ट्रंप अपने दूसरे कार्यकाल के लिए महत्वपूर्ण पदों पर नाम तय कर रहे हैं और यह उनके पहले प्रशासन से काफी अलग है। वह शीर्ष पदों के लिए विश्वस्त लोगों को प्राथमिकता दे रहे हैं। ट्रंप अपने प्रथम कार्यकाल के शुरुआती दौर में अंदरूनी कलह से परेशान थे। अब ऐसा लगता है कि वह संघीय सरकार को अपनी छवि के अनुसार बदलने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। अमेरिकी सीनेट में रिपब्लिकन का बहुमत होने के बावजूद भी उनके कुछ नामों को मंजूरी दिलाने में मशक्कत करनी पड़ सकती है। अब तक उन्होंने जिन लोगों के नामों का चयन किया है, वह इस प्रकार है: कैबिनेट के लिए नामित व्यक्ति- विदेश मंत्री: मार्को रुबियो- ट्रंप ने फ्लोरिडा के सीनेटर मार्को रुबियो को विदेश मंत्री नामित किया है। रुबियो (53) चीन, क्यूबा और ईरान के मामलों पर पैनी नजर रखने के लिए जाने जाते हैं। वह पिछले साल गर्मियों में रिपब्लिकन पार्टी की ओर से उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनने की दौड़ में शामिल थे। रुबियो सीनेट इंटेलिजेंस कमेटी के उपाध्यक्ष और सीनेट की विदेश संबंध समिति के सदस्य हैं। अटॉर्नी जनरल: मैट गेज- ट्रंप ने बुधवार को कहा कि वह फ्लोरिडा से प्रतिनिधि सभा के सदस्य मैट गेज को अपना अटॉर्नी जनरल नियुक्त करेंगे। उन्होंने देश के शीर्ष अभियोजक की भूमिका के लिए अपने वफादार व्यक्ति को चुना है। राष्ट्रीय खुफिया निदेशक: तुलसी गबार्ड- हवाई की पूर्व सांसद तुलसी गबार्ड को ट्रंप ने राष्ट्रीय खुफिया निदेशक के पद पर नियुक्त किया है, जो ट्रंप द्वारा अनुभव से अधिक वफादारी को महत्व देने का एक और उदाहरण है। गबार्ड(43) ने 2022 में डेमोक्रेटिक पार्टी छोड़ने से पहले, 2020 में राष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवारी हासिल करने की असफल कोशिश की थी। उन्होंने अगस्त में ट्रंप का समर्थन किया और उनके साथ चुनाव प्रचार भी किया। रक्षा मंत्री: पीट हेगसेथ- हेगसेथ(44) फॉक्स न्यूज चैनल के फॉक्स एंड फ्रेंड्स वीकेंड के सह-प्रस्तोता हैं और 2014 से इस नेटवर्क के साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने ट्रंप के साथ दोस्ती बढ़ाई, जो उनके शो में नियमित रूप से दिखाई देते थे। गृहमंत्री: क्रिस्टी नोएम- नोएम एक जाने-माने रूढ़िवादी हैं जिन्होंने अपने दो कार्यकालों में दक्षिण डकोटा को रिपब्लिकन राजनीति में एक प्रमुख स्थान दिलाया। कोविड-19 महामारी के दौरान, नोएम ने प्रतिबंध लगाए जाने का आदेश नहीं दिया, जबकि अन्य राज्यों ने ऐसा किया था। इसके बजाय, उन्होंने अपने राज्य को व्यापार के लिए खुला घोषित किया। सीआईए निदेशक: जॉन रैटक्लिफ- रैटक्लिफ ट्रंप के पहले कार्यकाल के अंतिम डेढ़ साल के दौरान राष्ट्रीय खुफिया निदेशक थे, उन्होंने कोविड-19 महामारी के दौरान अमेरिकी सरकार की जासूसी एजेंसियों का नेतृत्व किया था। स्वास्थ्य एवं मानव सेवा मंत्री: रॉबर्ट एफ. कैनेडी जूनियर- कैनेडी पहले डेमोक्रेट के रूप में राष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवारी की दौड़ में शामिल रहे, फिर निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में। बाद में, ट्रंप का समर्थन किया। वह डेमोक्रेट नेता रॉबर्ट कैनेडी के बेटे हैं, जिनकी उस वक्त हत्या कर दी गई थी जब वह राष्ट्रपति पद के लिए अपना चुनाव प्रचार कर रहे थे। आंतरिक सचिव: डग बर्गम- उत्तरी डकोटा के गवर्नर, जो कभी अपने राज्य के बाहर बहुत कम जाने जाते थे। बर्गम रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद के लिए प्राइमरी में दावेदार थे। बाद में, उन्होंने ट्रंप का समर्थन किया था और उनके लिए समर्थन जुटाने के वास्ते महीनों दौरे किए। चीफ ऑफ स्टाफ: सूस विल्स- विल्स(67), ट्रंप के 2024 के राष्ट्रपति चुनाव प्रचार अभियान की वरिष्ठ सलाहकार और इसकी वास्तविक प्रबंधक थीं।



## ट्रंप के व्हाइट हाउस में प्रवेश करने से पहले बाइडन प्रशासन तेजी से अनुदान बांटने में जुटा

वाशिंगटन। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के जनवरी मे पदभार ग्रहण करने से पहले बाइडन प्रशासन निवर्तमान राष्ट्रपति की विरासत को संरक्षित करने के लिए अरबों अमेरिकी डॉलर का अनुदान जारी करने मे दिन-रात जुटा हुआ है। राष्ट्रपति पद के लिए हुए चुनाव मे उपराष्ट्रपति एवं डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस के ट्रंप से हार स्वीकार करने के बाद, पिछले सप्ताह राष्ट्र के नाम संबोधन मे बाइडन ने कहा, आइए, हर दिन को महत्वपूर्ण बनाएं। ट्रंप ने बाइडन के ऐतिहासिक जलवायु और स्वास्थ्य देखभाल कानून के तहत जारी अप्रयुक्त धनराशि को वापस लेने और स्वच्छ ऊर्जा विकास परियोजनाओ को रोकने का वादा किया है। परिवहन मंत्री पीट बटीगेग ने बृहस्पतिवार को एक संवाददाता सम्मेलन मे कहा, एक समय मे केवल एक ही प्रशासन रहता है। उन्होंने कहा, यह अभी भी सच है और 20 जनवरी के बाद भी यह सच बना रहेगा। हमारी जिम्मेदारी उन निधियों का सदुपयोग करना है जिन्हे कांग्रेस (संसद) ने हमारे लिए मंजूर किया है।

# श्रीलंका के राष्ट्रपति की एनपीपी ने संसदीय चुनाव में दो तिहाई बहुमत हासिल किया

**भाषा।** कोलंबो

**श्रीलंका** के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके की पार्टी नेशनल पीपुल्स पावर (एनपीपी) ने शुक्रवार को संसदीय चुनाव में जीत दर्ज करते हुए संसद में दो तिहाई बहुमत हासिल कर लिया और देश के तमिल अल्पसंख्यकों के गढ़ जाफना निर्वाचन क्षेत्र पर भी अपना प्रभुत्व बनाए हुए है। श्रीलंका के निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित चुनाव परिणामों से यह जानकारी मिली। श्रीलंका के निर्वाचन आयोग की वेबसाइट द्वारा जारी चुनाव परिणामों के अनुसार, मलीमावा (कम्पास) चिह्न के तहत चुनाव लड़ने वाली एनपीपी ने 225 सीट में से 159 पर जीत दर्ज की। 1978 में लागू देश की आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के तहत पहली बार किसी पार्टी को दो-तिहाई बहुमत मिला है। कोलंबो में भारतीय उच्चायुक्त संतोष झा ने दिसानायके से मुलाकात कर उन्हें उनकी पार्टी की भारी जीत पर बधाई दी। एक बयान में कहा गया, एक साथी लोकतंत्र के रूप में, भारत इस जनादेश का स्वागत करता है तथा अपने लोगों के लाभ के लिए द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। एनपीपी को 68 लाख या 61 प्रतिशत मत प्राप्त हुए हैं, जिससे उसने अपने प्रतिद्वंद्वियों पर बढ़त बना ली है। श्रीलंका में साजिथ प्रेमदासा की पार्टी समागी जन बालवेगया 40 सीटों के साथ दूसरे स्थान पर रही। इलंकाई तमिल अरासु काडची को आठ, न्यू डेमोक्रेटिक फ्रंट को पांच और श्रीलंका पोडुजाना पेरामुना तथा श्रीलंका मुस्लिम कांग्रेस को तीन-तीन सीटें मिलीं। बृहस्पतिवार को हुए चुनाव में 2010 के बाद से सबसे कम मतदान हुआ। दिसानायके ने सितंबर में राष्ट्रपति चुने जाने के तुरंत बाद ही त्वरित चुनावों की घोषणा की थी। नई संसद का सत्र अगले सप्ताह शुरू होने वाला है। वामपंथी राष्ट्रपति के गठबंधन ने जाफना निर्वाचन क्षेत्र में इतिहास रच दिया, क्योंकि इसने समुदाय की सांस्कृतिक राजधानी में पारंपरिक तमिल राष्ट्रवादी पार्टियों को पराजित कर दिया। यह पहली बार है जब देश के दक्षिणी हिस्से से एक प्रमुख सिंहली पार्टी ने यह उपलब्धि हासिल की है। इससे पहले यूनाइटेड नेशनल पार्टी ने जिले में एक मात्र सीट जीती थी। एनपीपी ने जिले में 80,000 से अधिक वोट हासिल किए, जबकि इलंकाई तमिल अरासु कच्ची (आईटीएके) को अंतिम गणना में 63,000 से अधिक वोट मिले। जिले में तीन सीटें दिसानायके की पार्टी को मिलीं।



# इजराइली हमलों में कम से कम 12 लेबनानी बचावकर्मी और सीरिया में 15 लोग मारे गए



**भाषा।** बेरूत

**इजराइल के** हवाई हमले मे लेबनान की राजधानी बेरूत के पूर्वी शहर बालबेक स्थित नागरिक सुरक्षा केंद्र मे बृहस्पतिवार को कम से कम 12 बचावकर्मी मारे गए। बचाव अभियान मे लगे अधिकारियों ने यह जानकारी दी। लेबनान पर इस हवाई हमले के कुछ घंटो पहले सीरिया की सरकारी मीडिया ने कहा था कि इजराइल के हमले मे उसके 15 लोग मारे गए है। लेबनान के आपातकालीन कर्मचारी इजराइल के हमले मे नष्ट हो चुके बचाव केंद्र के फंसे अपने साथियों की तलाश मे मलबे को हटाने के काम मे लगे है। इजराइली सेना ने इस हमले को लेकर तत्काल कोई बयान नही दिया है। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने लेबनानी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पर बर्बर हमले की निंदा की और कहा कि यह दो घंटे से भी कम समय मे स्वास्थ्य केन्द्र पर इजराइल का दूसरा हमला है। इससे पहले सीरिया की सरकारी समाचार एजेंसी ने बताया कि इजराइल ने दमिश्क और आस पास के क्षेत्रो पर कम से कम दो हवाई हमले किए जिसमे 15 लोग मारे गए और 16 अन्य घायल हो गए।

# ट्रंप भारत के साथ संबंधों को आगे बढ़ाने का काम करेंगे

**भाषा।** वाशिंगटन

**व्हाइट हाउस में** अहम पद पर सेवाएं दे चुकीं एक अधिकारी ने कहा कि अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत के प्रति अच्छी भावनाएं रखते हैं और उनके पहले कार्यकाल के दौरान दोनों देशों के संबंधों में जो प्रगति हुई थी, वह उसे वहीं से आगे बढ़ाने की दिशा में कदम उठा सकते हैं। ट्रंप की पूर्व उप सहायक और 2017 से 2021 तक दक्षिण एवं मध्य एशिया के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के वरिष्ठ निदेशक पद पर सेवाएं दे चुकीं लीजा कर्टिस ने यह बात कही। कर्टिस ने पीटीआई को दिए साक्षात्कार में कहा, मुझे लगता है कि नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ट्रंप भारत के साथ संबंधों को वहीं से आगे बढ़ाएंगे जहां उन्होंने अपने पहले कार्यकाल में छोड़े थे। वह भारत के प्रति अच्छी भावनाएं रखते हैं और मैं वास्तव में इसे रिश्ते को आगे बढ़ाने और साझेदारी को मजबूत करने के अवसर के रूप में देखती हूं। उन्होंने कहा कि ट्रंप के पहले कार्यकाल (2017-2021) के दौरान भारत के महत्व और चीन की चुनौतियों से निपटने में उसकी भूमिका के कारण अमेरिका-भारत संबंधों में सुधार हुआ। कर्टिस ने कहा कि ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक-दूसरे का सम्मान करते हैं और उनके बीच व्यक्तिगत संबंध भी हैं। कर्टिस वर्तमान में थिंकटैंक सेंटर फॉर ए न्यू अमेरिकन सिक्योरिटी में वरिष्ठ फेलो और हिंद प्रशांत सुरक्षा कार्यक्रम की निदेशक हैं। जब प्रधानमंत्री मोदी ने ह्यूस्टन के एस्ट्रोडोम में 50,000 अमेरिकियों को संबोधित किया था और जब राष्ट्रपति ट्रंप ने अहमदाबाद के एक स्टेडियम में 1,00,000 भारतीयों को संबोधित किया था तो हमें उनके बीच संबंधों की झलक दिखाई दी थी।

## बांग्लादेश में बढ़ते चरमपंथ पर अमेरिका चिंतित: व्हाइट हाउस की पूर्व अधिकारी

**वाशिंगटन।** व्हाइट हाउस की एक पूर्व अधिकारी ने कहा कि बांग्लादेश मे बढ़ते चरमपंथ को लेकर अमेरिका मे गंभीर चिंताएं है। साथ ही उन्होने कहा कि बांग्लादेश की अपदस्थ पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने इसे अच्छी तरह से नियंत्रित किया था। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पूर्व उप सहायक और 2017 से 2021 तक दक्षिण एवं मध्य एशिया के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के वरिष्ठ निदेशक पद पर सेवाएं दे चुकी लीजा कर्टिस ने यह बात कही। उन्होने बृहस्पतिवार को कहा, बांग्लादेश एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है। शेख हसीना को सत्ता से बेदखल करने और राजनीतिक व्यवस्था मे सुधार के प्रयासो से बहुत उम्मीद है। लोगो को उम्मीद है कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया और मजबूत होगी। कर्टिस ने कहा, लेकिन बहुत चिंता भी है। कुछ इस्लामी चरमपंथियो को जेलों से रिहा कर दिया गया है। अल्पसंख्यकों, हिंदुओं, ईसाइयों पर कुछ हमले हुए है। हमने बांग्लादेश मे आतंकवाद का इतिहास देखा है। 2016 मे होली (आर्टिसन) बेकरी पर हमला हुआ था। यह बहुत गंभीर घटना थी। बांग्लादेश मे आईएसआईएस (इस्लामिक स्टेट) के कुछ आतंकवादी मौजूद थे। शेख हसीना ने बांग्लादेश मे चरमपंथी समस्या को नियंत्रित करने मे अच्छा काम किया। इस बात को लेकर चिंता है कि ए लोग राजनीतिक परिदृश्य मे वापस आ जाएंगे, जो बांग्लादेश के लिए ठीक नही होगा। यह पूरे क्षेत्र, अमेरिका या किसी के लिए भी मददगार नही होगा। हम बांग्लादेश मे एक नाजुक दौर से गुज़र रहे है। इसलिए भले ही यह ट्रंप की पहली प्राथमिकता न हो, लेकिन मुझे लगता है कि उनकी टीम, उनकी राष्ट्रीय सुरक्षा टीम को इस बात पर ध्यान देना होगा कि (वहां) क्या हो रहा है। कर्टिस ने यह भी कहा कि आने वाले प्रशासन को भारत के साथ मिलकर काम करना चाहिए क्योंकि भारत को भी बांग्लादेश के भविष्य को लेकर चिंता है और पड़ोसी होने के नाते उस पर सबसे अधिक असर पड़ता है।

## स्पेन के नर्सिंग होम में आग लगने से 10 लोगों की मौत

मैड्रिड। स्पेन के जारागोजा में एक नर्सिंग होम में आग लगने से कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि उत्तरपूर्वी शहर से करीब 28 किलोमीटर दूर विला फ्रैंका दे एब्रो नर्सिंग होम में शुक्रवार सुबह अलर्ट जारी किया गया। अधिकारियों के अनुसार दो लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। स्थानीय मीडिया के अनुसार आग लगने का कारण अभी तक ज्ञात नहीं हो पाया है। स्थानीय मीडिया ने बताया कि नर्सिंग होम में 82 लोग भर्ती थे। इस नर्सिंग होम में मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित लोगों का इलाज होता है। विला फ्रैंका दे एब्रो के मेयर वोल्गा रामिरेज ने शुक्रवार सुबह संवाददाताओं को बताया कि आग से निकलने वाला घना धुंआ संभवत: इन मौतों के लिए जिम्मेदार है। अरागोन की क्षेत्रीय सरकार के प्रमुख जॉर्ज

# सैमसन-तिलक के बल्ले से निकले दनादन रन

● दोनों के धमाकेदार शतक से भारत का एक विकेट पर 283 रन का विशाल स्कोर

● अंतिम टी20 मैच में दक्षिण अफ्रीका को डराया

भाषा। जोहानिसबर्ग



**भारत ने संजू** सैमसन और तिलक वर्मा की धमाकेदार नाबाद शतकीय पारियों की बदौलत शुक्रवार को यहां चौथे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एक विकेट पर 283 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। यह भारत का टी20 अंतरराष्ट्रीय में अब तक का विदेशी सरजमीं पर और दक्षिण अफ्रीकी धरती पर किसी भी देश द्वारा बनाया गया सबसे बड़ा स्कोर है। सैमसन और वर्मा ने दूसरे विकेट के लिए सिर्फ 93 गेंद में 210 रन की नाबाद साझेदारी निभाई जो भारत के लिए इस प्रारूप में किसी भी विकेट के लिए सबसे बड़ी भागीदारी भी रही। मैच के दौरान कई रिकॉर्ड टूटे जिसमें सबसे खास रिकॉर्ड दो भारतीय बल्लेबाजों का एक ही टी20 अंतरराष्ट्रीय पारी में शतक जड़ना रहा। हैदराबाद के 22 वर्षीय तिलक ने महज 47 गेंद में नौ चौके और 10 छक्के जड़े जिससे वह टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में लगातार शतक जड़ने वाले दूसरे भारतीय बने। पहले मैच में शानदार शतक जड़ने वाले सैमसन ने 56 गेंद का सामना करते हुए अपनी शतकीय पारी में छह चौके और नौ छक्के जमाए। वर्मा के साथ मिलकर सैमसन ने एक बार फिर दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों की धुनाई की। तीसरे नंबर पर वर्मा आत्मविश्वास और जोश से भरे दिखे। सैमसन ने पिछली पांच पारियों में तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय शतक जड़े हैं जिसमें दो बार शून्य पर आउट होना भी शामिल हैं जबकि वर्मा ने लगातार दो टी20 अंतरराष्ट्रीय शतक जड़े। सैमसन 51 गेंद में छह चौके और आठ छक्के से 100 रन पूरे किए और वर्मा ने अपना सैकड़ा पूरा करने के लिए 41 गेंद खेलीं जिसमें छह चौके और नौ छक्के शामिल थे। अभिषेक शर्मा (18 गेंद में 36 रन) को भी पावरप्ले में चार बड़े छक्के जड़कर पारी को लय देने का श्रेय मिलना चाहिए। बल्लेबाजी के लिए अच्छी पिच पर भारतीय बल्लेबाजों ने रिकॉर्ड 23 छक्के लगाए। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज गेराल्फ कोएत्जी चोटिल दिख रहे थे जिससे उन्हें गेंदबाजी में परेशानी हो रही थी और इससे भारत को फायदा ही हुआ। दोनों बल्लेबाजों ने मध्यम गति के गेंदबाज एंडिले सिमेलाने और लूथो सिपामला को खूब धुना। जब तक कप्तान एडेन मार्करम ने कोएट्जी को दूसरे स्पैल के लिए लगाया तब तक भारतीय बल्लेबाज अपना काम कर चुके थे। दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों ने हड़बड़ाहट में लगाम कसने के लिए 17 वाइड गेंद फेंक दी। केशव महाराज और ट्रिस्टन स्टब्स भी दोनों बल्लेबाजों के कोप से नहीं बच सके जिनके खिलाफ दोनों ने कट, पुल, स्लॉग स्वीप, रिवर्स स्वीप जैसे सभी शॉट लगाए। मैदान का कोई भी कोना ऐसा नहीं था जहां इन दोनों भारतीयों ने स्ट्रोक्स नहीं लगाए हों। बल्कि सैमसन का एक शॉट एक महिला दर्शक के गाल पर लगा जिससे वह दर्द से रो रही थी और टीवी कैमरों ने इसे कैमरे पर उतार लिया।

### स्कोरबोर्ड

**भारत** : सैमसन नाबाद 109,शर्मा का क्लासेन बो सिपामला 36,वर्मा नाबाद 120,अतिरिक्त : 18,कुल : 20 ओवर मे एक विकेट पर 283 रन ,**विकेट पतन** :1-73,**गेंदबाजी** :यानसेन 4-0-42-0,कोएत्जी 3-0-43-0,सिपामला 4-0-58-1, सिमेलेन 3-0-47-0,महाराज 3-0-42-0,मार्कराम 2-0-30-0, स्टब्स1-0-21-0

## हमने तीन टी20 में भारत के बेखौफ तेवर देखे : वीवीएस लक्ष्मण

भाषा। जोहानिसबर्ग

**भारत के** कार्यवाहक मुख्य कोच वीवीएस लक्ष्मण ने कहा कि उनकी टीम ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 श्रृंखला में बेखौफ क्रिकेट खेली और उनका मानना है कि इसके पीछे दुनिया भर में टीम को मिलने वाला समर्थन है। भारत चार मैचों की श्रृंखला में 2-1 से आगे है। आखिरी मैच वांडरर्स पर शुक्रवार को खेला जाएगा। लक्ष्मण ने बृहस्पतिवार की रात भारतीय टीम के स्वागत में आयोजित समारोह में कहा, पिछले तीन मैच में हमने देखा कि टीम ने निर्भय होकर खेला है। उन्होंने कहा, विदेश में खेल रही हों या घर में हम खेल के जरिए दर्शकों का मनोरंजन करने की कोशिश करते हैं। हमें हमेशा लगता है कि हम अपने देश में खेल रहे हैं। उन्होंने कहा, इसका कारण दुनिया भर में बसे भारतवंशी और भारतीय क्रिकेट टीम के प्रशंसक हैं वे भारतीय टीम और भारतीय क्रिकेटरों से बहुत प्यार करते हैं।

## आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन करके भारतीय टी20 टीम में वापसी करना चाहते हैं राहुल

**पर्थ।** पिछले कुछ समय से खराब फॉर्म में चल रहे केएल राहुल भारत की तरफ से क्रिकेट के तीनों प्रारूप में खेलना चाहते हैं उनका लक्ष्य इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अच्छा प्रदर्शन करके राष्ट्रीय टी20 टीम में वापसी करना है।भारतीय कप्तान रोहित शर्मा अगर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला के पहले मैच में नहीं खेल पाते हैं तो राहुल को पारी की शुरुआत करने का मौका मिल सकता है।भारतीय टीम के लिए राहुल की खराब फॉर्म चिंता का विषय बनी हुई है लेकिन यह 32 वर्षीय बल्लेबाज इसको लेकर चिंतित नहीं है।राहुल ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, मेरा लक्ष्य निश्चित तौर पर टी20 टीम में वापसी करना है। मैं तीनों प्रारूप में खेलना चाहता हूं और इतने वर्षों में इसमें कोई बदलाव नहीं हुआ है। मैं भारत के लिए तीनों प्रारूप में खेलना चाहता हूं जैसा कि कई वर्षों से कर रहा हूं। उन्होंने कहा, मैं पिछले कुछ समय से टी20 टीम से बाहर हूं तथा मैं जानता हूं कि एक खिलाड़ी के रूप में मैं अभी किस स्तर पर हूं और मुझे वापसी करने के लिए क्या करना है। इसके लिए, मैं आईपीएल के नए सत्र का इंतजार कर रहा हूं। राहुल ने 2022 से लेकर अब तक 12 टेस्ट मैच की 21 पारियों में केवल 514 रन बनाए और उनका औसत 25.7 रहा। इस बल्लेबाज ने हालांकि कहा कि वह व्यक्तिगत रिकॉर्ड की बजाय टीम को प्राथमिकता देते हैं उन्होंने कहा, खिलाड़ी होने के नाते हम सभी स्वच्छंद होकर खेलना चाहते हैं। मैं जिस तरह से बल्लेबाजी करता हूं उसका मैं पूरा आनंद लेता हूं। लेकिन मेरे लिए हमेशा टीम पहली प्राथमिकता रही है। यह मायने नहीं रखता कि मैं क्या करता हूं और मेरा नैसर्गिक खेल क्या है। राहुल ने कहा, हमारा खेल टीम से जुड़ा है। अगर मैं टेनिस खेलता तो स्थिति अलग होती और तब मैं कह सकता था कि यह मेरा नैसर्गिक खेल है। लेकिन टीम खेल में यह पूरी तरह से भिन्न होता।

### घरेलू खिलाड़ियों के लिए अधिक मैचों मांग की गई

नई दिल्ली। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) और इसकी संबद्ध इकाइयों ने शुक्रवार को घरेलू खिलाड़ियों को अधिक मैच समय देने के लिए संतोष ट्रॉफी और राज्य लीग के संभावित पुनर्गठन पर विचार किया। एआईएफएफ के शीर्ष अधिकारियों और देश भर के 32 सदस्य संघों (एमए) ने शुक्रवार को यहां फुटबॉल हाउस में संपन्न तीन दिवसीय सम्मेलन में प्रत्एक राज्य में उसकी चुनौतियों पर विचार-विमर्श किया। एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे ने तीनों दिन बैठक की अध्यक्षता की।

### राशिद खान ने खेला 61 का शानदार कार्ड

जयपुर। दिल्ली के गोल्फ खिलाड़ी अर्जुन प्रसाद ने शुक्रवार को यहां जयपुर ओपन 2024 के तीसरे दौर में चार अंडर 66 का कार्ड खेलकर लगातार तीसरे दिन अपनी बढ़त बरकरार रखी। पच्चीस साल के अर्जुन (62-64-66) का कुल स्कोर 18-अंडर 192 हो गया और उनके पास एक शॉट की बढ़त है। इस बीच दो बार के अंतरराष्ट्रीय विजेता और राशिद खान नौ अंडर 61 का शानदार कार्ड खेल कर संयुक्त 12वें से तालिका में दूसरे पायदान पर आ गए है।

### हिताशी ने बनाई तीन शॉट की बढ़त

विकाराबाद। फॉर्म में चल रही भारतीय महिला गोल्फर हिताशी बख्शी ने शुक्रवार को यहां वूटी गोल्फ काउंटी में हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी) के 14वें चरण में पांच अंडर 67 का मजबूत कार्ड खेलकर शानदार शुरूआत की। उन्नीस साल की हिताशी इस सत्र मे दो बार खिताब जीत चुकी है। उन्होंने पहले दौर मे छह बर्डी लगाई और एक बोगी की। हिताशी ने इस तरह विधात्री उर्स और स्नेहा सिंह पर तीन शॉट की बढ़त बना ली है जिन्होंने दो अंडर 70 के कार्ड खेले।

### टेनिस अंपायर को अपशब्द कहने पर टियाफो पर जुर्माना

तूरिन। अमेरिकी ओपन सेमीफाइनल खेलने वाले फ्रांसिस टियाफो पर पिछले महीने शंघाई मास्टर्स के दौरान एक मैच हारने के बाद चेयर अंपायर को लगातार अपशब्द कहने के कारण 120000 डॉलर जुर्माना लगाया गया है लेकिन वह प्रतिबंध से बच गए। एटीपी ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसकी दंड समिति ने टियाफो पर 120000 डॉलर जुर्माना लगाने का फैसला किया है।

### किंग कप : स्लोवाकिया ने अमेरिका को हराया

मालागा (स्पेन)। एशलिन क्रूएगर और टेलर टाउनसेंड निर्णायक युगल मैच हार गए और स्लोवाकिया ने इस जीत के साथ बिली जीन किंग्स कप टेनिस फाइनल्स में अमेरिका को मात दी। क्रूएगर और टेलर को टेरेजा मिहालिकोवा और विक्टोरिया एच ने 6-3, 3 - 6, 10- 8 से हराया। इससे पहले टाउनसेंड ने एकल मुकाबले में रेनाटा जैमरिचोवा को 7-5, 6-4 से हराया लेकिन रेबेका एस ने डेनिएले कोलिंगस को 6-2, 7-5 से हराकर स्कोर बराबर कर दिया।

### अल्काराज को हराकर ज्वेरेव एटीपी फाइनल्स के अंतिम चार में पहुंचे

तूरिन (इटली)। अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने एटीपी फाइनल्स के ग्रुप चरण के अपने आखिरी मुकाबले में शुक्रवार को यहां कार्लोस अल्काराज को शिकस्त देकर सेमीफाइनल मे अपनी जगह पक्की की। साल के शीर्ष आठ खिलाड़ियों के इस टूर्नामेंट में ज्वेरेव ने अल्काराज को 7-6, 6-4 से हराया। अल्काराज का अंतिम चार मे पहुंचना दिन के आखिरी मैच के परिणाम पर निर्भर करेगा।

## कौशिक और जुयाल ने जगाईं यूपी की उम्मीदें

● दो शतकों के साथ उप्र की कर्नाटक पर 139 रन की बढ़त

**लखनऊ।** इकाना में उत्तर प्रदेश ने दूसरी पारी में माधव कौशिक (134) और आर्यन जुयाल (109) की शतकीय पारियों से कर्नाटक के खिलाफ पांच विकेट पर 325 रन बनाकर मैच में अच्छी वापसी की। पहली पारी में महज 89 रन पर आउट होने वाली उत्तर प्रदेश के पास अब 139 रन की बढ़त है। मेजबान टीम के पास पांच विकेट हैं और हाथ में अभी कुल 139 रनों की ही बढ़त है। यह बढ़त कहां तक पहुंचती है मैच का परिणाम काफी कुछ इस पर भी निर्भर करेगा। खास बात यह कि विकेट पर टर्न देख कर्नाटक के कप्तान ने सौ ओवर तक पुरानी गेंद स्पिनरों से ही डलवाई। 100 ओवरों के बाद अम्पायर ने नई गेंद थमाई तो दसवें ओवर की पहली गेंद पर समीर रिजवी का विकेट भी स्पिनर को ही मिला। साफ संकेत थे कि चौथे और अंतिम दिन यूपी के स्पिनरों की भूमिका निर्णायक साबित हो सकती है। कर्नाटक को इस विकेट की चौथी पारी में बल्लेबाजी करनी होगी।



### बडोनी की शतकीय पारी से दिल्ली का संघर्ष जारी

**नई दिल्ली।** नए कप्तान आयुष बडोनी की नाबाद शतकीय पारी से झारखंड के खिलाफ रणजी ट्रॉफी ग्रुप डी मैच के तीसरे दिन शुक्रवार को यहां दिल्ली का पहली पारी मे संघर्ष जारी है। इंडियन प्रीमियर लीग में लखनऊसुपरजायंट्स के लिए कई यादगार प्रदर्शन करने वाले बडोनी की 144 गेंद में 116 रन की नाबाद पारी से दिल्ली ने झारखंड के 382 रन के जवाब में पांच विकेट पर 238 रन बना लिए है।अपनी पारी मे 11 चौके और चार छक्के जड़ने वाले बडोनी ने मयंक गुसाई (24) के साथ पांचवें विकेट के लिए 60 रन और छठे विकेट के लिए सुमित माथुर (नाबाद 19) के साथ 80 रन की अटूट साझेदारी कर टीम को पहली पारी मे बढ़त के साथ तीन अंक दिलाने की दौड़ में बनाए रखा है।दिल्ली के और दो मैच बचे है और नॉकआउट चरण मे जगह बनाने के लिए टीम को इस मुकाबले से तीन अंक की जरूरत होगी।दिल्ली ने अनुज रावत (52) की अर्धशतकीय पारी के बावजूद 98 रन तक चार विकेट गंवा दिए थे। पिछले मैच मे चंडीगढ़ से शिकस्त के बाद कप्तानी के बोझ से मुक्त किए गए हिम्मत सिंह की खराब फॉर्म जारी रही और वह खाता खोले बगैर पवेलियन लौटे।

### कश्मीर ने त्रिपुरा को चार विकेट व ओडिशा ने महाराष्ट्र को तीन विकेट से हराया

**जम्मू।** विवरांत शर्मा (नाबाद 60)) और आबिद मुश्ताक (नाबाद 53) के अर्धशतकों की मदद से जम्मू कश्मीर ने शुक्रवार को रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप ए के मैच में तीसरे दिन ही त्रिपुरा को चार विकेट से हरा दिया।जम्मू कश्मीर ने 202 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए छह विकेट पर 204 रन बनाकर जीत दर्ज की। इस जीत से जम्मू कश्मीर के 23 अंक हो गए हैं और वह ग्रुप ए में विदर्भ (27 अंक) के बाद दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। त्रिपुरा के 12 अंक है और वह पहले की तरह पांचवें स्थान पर है।

### शमी ने बल्ले से भी उपयोगी योगदान दिया

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के खिलाफ शानदार गेंदबाजी के बाद अनुभवी भारतीय खिलाड़ी मोहम्मद शमी ने बल्ले से भी उपयोगी योगदान दिया। उनकी 26 गेंद में 37 रन की आक्रामक पारी से 219 रन पर आठवां विकेट गंवाने वाली बंगाल की टीम ने दूसरी पारी में 276 रन बनाए। चोट से वापसी कर रहे शमी ने अपनी पारी में दो चौके और इतने ही छक्के जड़े। मध्य प्रदेश को जीत के लिए 338 रन का मुश्किल लक्ष्य मिला। टीम ने दिन का खेल खत्म होने तक तीन विकेट पर 150 रन बनाकर मैच को अपनी पकड़ में रखा है। स्टंप्स के समय रजत पाटीदार (32) और शुभमन शर्मा (18) क्रीज पर मौजूद थे। टीम को जीत के लिए 188 रन की और जरूरत है। बंगाल के लिए शमी (55 रन पर एक विकेट) रोहित कुमार (20 रन पर एक विकेट) और शाहबाज अहमद (21 रन एक विकेट) ने एक-एक विकेट लिए। इससे पहले बंगाल ने दिन की शुरूआत पांच विकेट पर 170 रन से आगे के की।

## कार्लसन ने टाटा शतरंज टूर्नामेंट जीता

प्रज्ञानानंदा उप विजेता

भाषा। कोलकाता



**दुनिया के शीर्ष** खिलाड़ी नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन ने शुक्रवार को यहां टाटा स्टील शतरंज इंडिया रैपिड टूर्नामेंट के अंतिम दिन शानदार प्रदर्शन करते हुए ओपन वर्ग का खिताब अपने नाम किया जबकि भारत के आर प्रज्ञानानंदा दूसरे स्थान पर रहे। महिला वर्ग में रूस की एलेक्जेंड्रा गोर्याचकिना ने अपना लगातार अच्छा प्रदर्शन जारी रखते हुए 7.5 अंक से खिताब अपने नाम किया। बीती रात शीर्ष पर चल रहे कार्लसन ने सातवें दौर में जर्मनी के विंसेंट कीमर को हराया जिन्होंने टूर्नामेंट के दौरान अपना जन्मदिन मनाया था। नॉर्वे के इस खिलाड़ी ने आठवें दौर में डेनियल डुबोव को हराया और नौवें दौर में नोडिरबेक अब्दुसत्तोरोव के खिलाफ ड्रा खेला। कार्लसन नौ में से 7.5 अंक से अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वियों से दो अंक आगे रहे और खिताब अपने नाम किया। प्रज्ञानानंदा और वेस्ली सो 5.5 अंक के साथ बराबरी पर रहे लेकिन भारतीय खिलाड़ी को बेहतर टाई-ब्रेक स्कोर ने उपविजेता बनाया। सो तीसरे स्थान पर रहे। महिला वर्ग में गोर्याचकिना ने सातवें दौर में भारत की कोनेरू हम्पी के साथ ड्रा खेला। इससे पहले उन्होंने दिव्या देशमुख और वैलेंटिना गुनिना के खिलाफ लगातार जीत दर्ज कर पोडियम के शीर्ष पर अपना स्थान सुरक्षित किया। जॉर्जिया की नाना दजाग्निडेज़ ने 5.5 अंक के साथ पहली उपविजेता रहीं।

## कंबोज ने 10 विकेट झटके

पंजाब ने बिहार को हराकर चखा जीत का स्वाद

**लाहली (हरियाणा)।** युवा तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज ने कमाल की उपलब्धि हासिल करते हुए 10 विकेट लेकर रणजी ट्रॉफी के इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया लेकिन हरियाणा के उनके साथी बल्लेबाज लड़खड़ा गए जिससे वह रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी मैच में शुक्रवार को तीसरे दिन के खेल के बाद केरल से पहली पारी में बढ़त हासिल करने से 152 रन दूर है और उसके सिर्फ तीन विकेट शेष है। एक अन्य मैच में, पंजाब ने बिहार पर पारी और 67 रन की शानदार जीत हासिल की। मौजूदा सत्र की पहली जीत के बाद टीम 11 अंकों के साथ तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गई। जब दिन का खेल शुरू हुआ था तब केरल का स्कोर आठ विकेट पर 285 रन था और 23 साल के कंबोज अपनी ऐतिहासिक उपलब्धि से दो विकेट दूर थे। उन्होंने शॉन रोजर (42) और बासिल थंपी (चार) को चलता कर केरल की पारी के आखिरी दो विकेट के साथ ही इतिहास में अपना दर्ज करवा लिया। उन्होंने 30.1 ओवर में 49 रन देकर 10 विकेट लिए। केरल की पहली पारी 116.1 ओवर में 291 रन पर सिमटी।

## चीन से महिला एसीटी हॉकी मैच में भारत के लिए कठिन चुनौती



**राजगीर (बिहार)।** गत चैम्पियन भारत के सामने महिला एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी की सबसे कठिन चुनौती होगी जब शनिवार को उसका सामना ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन से होगा। भारत और चीन दोनों अभी तक टूर्नामेंट में अपराजेय रहे हैं और तीनों मैच जीते हैं। चीन बेहतर गोल औसत के आधार पर भारत से आगे हैं। चीन का गोल औसत 21 है जबकि भारत का 18 है। राउंड रॉबिन दौर के बाद चार टीमें सेमीफाइनल खेलेंगी। दोनों टीमों के बीच आखिरी मुकाबला इस साल फरवरी में एफआईएच प्रो लीग में हुआ था और दोनों बार चीन जीता था। भारत के पास अब बदला चुकता करने का सुनहरा मौका है। भारत और चीन दोनों ने इस टूर्नामेंट में अब तक ढेरों गोल दागे हैं। थाईलैंड को 13 . 0 से हराकर भारत के 20 गोल हो गए हैं जबकि चीन के 22 गोल हैं। थाईलैंड के खिलाफ भारत ने शानदार खेल दिखाया और आठ फील्ड गोल के साथ पांच गोल पेनल्टी कॉर्नर पर किए। पहले दो मैचों में चिंता का सबब रहा पेनल्टी कॉर्नर तब्दीली दर भी बेहतर हो गया है। थाईलैंड के खिलाफ भारत ने 12 में से पांच पेनल्टी कॉर्नर तब्दील किए। भारतीय डिफेंडरों को थाईलैंड से चुनौती नहीं मिली जबकि दीपिका की अगुवाई में फॉरवर्ड पंक्ति ने जबर्दस्त प्रदर्शन किया। दीपिका के अलावा प्रीति दुबे, नवनीत कौर, लालरेम्सियामी , ब्यूटी डुंगडुंग और संगीता कुमारी का प्रदर्शन भी अच्छा रहा।मिडफील्ड में कप्तान सलीमा टेटे, नेहा गोयल, सुशीला चानू और उदिता प्रभावी रहे। भारत के लिए चिंता का एकमात्र सबब यही है कि उसके डिफेंडरों और गोलकीपर सविता पूनिया और बिछू देवी को अभी तक चुनौती नहीं मिली है। वहीं चीन की टीम जवाबी हमलों में माहिर है। भारतीय कोच हरेंद्र सिंह ने कहा , मैं टीम के प्रदर्शन से खुश हूं जिस तरह से टीम ने विरोधी सर्कल में जाकर गोल किए। डिफेंडरों और मिडफील्डरों के बीच अच्छा तालमेल था और हमें इस लय को बनाए रखना है। बाकी मैचों में मलेशिया का सामना जापान से और कोरिया का थाईलैंड से होगा।

## सीवीसीएल की जीत में चमके प्रकाश व देवेश



### तृतीय अधीर दुबे टी.20 क्रिकेट टूर्नामेंट

**लखनऊ।** मैन ऑफ द मैच शशि प्रकाश 2 विकेट नाबाद 18 रन के आलराउंड खेल के बाद देवेश कुलश्रेष्ठनाबाद 54 के अर्धशतक से सीवीसीएल ने तृतीय अधीर दुबे स्मारक टी.20 क्रिकेट टूर्नामेंट में केएससी को 8 विकेट के बड़े अंतर से शिकस्त दी। पंडित रास बिहारी तिवारी स्टेडियम पर केएससी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में 9 विकेट पर 131 रन का स्कोर बनाया। अली सादिक ने सबसे ज्यादा 49 रन बनाए। सीवीसीएल से शशि प्रकाश व आशुतोष श्रीवास्तव को दो दो विकेट की सफलता मिली। जवाब में सीवीसीएल ने 14।4 ओवर में दो विकेट पर 136 रन बनाकर मैच जीत लिया। देवेश कुलश्रेष्ठ ने 54 व कपिल निगम ने 44 रन बनाए। देवेश व कपिल ने पहले विकेट के लिए 63 रन की साझेदारी की।

### भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने किया चार साल के लिए सुधा का नामांकन



**लखनऊ।** भारतीय एथलेटिक्स महासंघ एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफइंडियाए एएफआई ने अगले चार वर्षों के लिये उत्तर प्रदेश की ओलंपियन पूर्व एथलीट सुधा सिंह को एथलीट आयोग का सदस्य नामांकित किया है। एशियन एथलेटिक्स एसोसिएशन में उपाध्यक्ष और एएफआई की प्लानिंग कमेटी के चेयरमैन डॉ ललित भनोट के अनुसार सुधा सिंह के एथलीट आयोग में शामिल किया जाना इस खेल के लिए बेहतर साबित होगा। हम इसमें आपकी सक्रिय भागीदारी और अमूल्य योगदान की आशा करते हैं। पद्मश्री और अर्जुन एवार्डी सुधा सिंह को सदस्य बनाये जाने के लिये एथलेटिक फेडरेशन ऑफइंडिया के अध्यक्ष डॉण् आदिल सुमरीवाला ने भी पत्र जारी कर दिया है। सुधा सिंह को एथलीट आयोग का सदस्य बनाये जाने पर तमाम खेल संघों के साथ एथलीट जगत के दिग्गज खिलाड़ियों ने बधाई दी है। लखनऊ एथलेटिक्स संघ के सचिव बीआर वरुण के अनुसार सुधा सिंह का नामांकन एथलीट आयोग में किये जाने से प्रदेश के एथलीट जगत को बढ़ावा मिलेगा।

### अंतरविद्यालय क्रिकेट में आर्मी पब्लिक स्कूल जीते

**लखनऊ।** 20वीं कर्नल एसएनमिश्र ओ बी ई अंतरविद्यालय क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ उत्तर रेलवे स्टेडियम चारबाग में किया गया । इस शुभारंभ के अवसर पर टी एनण् मिश्र संस्थापक कर्नल एसएनमिश्र ओबीई अध्यक्ष बीएसएनवी ् ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूटशन एवं श्रीमती प्रीति बाजपेई जी फॉर्मर डीन बिरला ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन, दुबई, मुख्य अतिथि रहे।प्रतियोगिता के पहले मैच में स्काई पब्लिक स्कूल सरोजनी नगर ने टॉस जीतकर एआर्मी पब्लिक स्कूल एल बी एस मार्ग को बल्लेबाजी का न्योता दिया। आर्मी पब्लिक स्कूल की ओर से सलामी बल्लेबाज सुरजीत के 94 उम्दा पारी से 6 विकेट खो कर 192 रन बनाए। जवाब में स्काई पब्लिक स्कूल 11।1 ओवर में 10 विकेट खो कर 43 रनों पर ही ढेर हो गई। गेंदबाजी आर्मी स्कूल के मो0 मुनीब ने 4 ओवर में 17 रन देकर 6 विकेट झटक कर मैन ऑफद मैच का खिताब अपने नाम किया। दिन के दूसरे मैच में इरम पब्लिक कॉलेज ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करते हुए एस आर ग्लोबल कॉलेज को 20 ओवर में 7 विकेट लेकर 107 रन पर ही रोक दिया । जवाब में रुद्र प्रताप के 21 रनों के अलावा कोई भी बेस्टमैन दहाई का आंकड़ा ही नहीं कर पाया। और पूरी टीम 47 रन बना सकी। गेंदबाजी में जयश्री यादव ने 2.1 ओवर में 2 रन देकर 4 विकेट लेकर मैन ऑफसे मैच का खिताब अपने नाम किया।

## क्विक न्यूज

### सीनियर पुरुष राष्ट्रीय हॉकी चैम्पियनशिप : हरियाणा फाइनल में भिड़ेगा ओडिशा से

**चेन्नई।** हरियाणा और ओडिशा शुक्रवार को सेमीफाइनल में अपने प्रतिद्वंद्वियों को हराने के बाद 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप के फाइनल में एक दूसरे से भिड़ेंगे। ओडिशा ने चैंपियनशिप के 12वें दिन पहले सेमीफाइनल में मणिपुर को 4-2 से हराया जबकि हरियाणा ने दूसरे अंतिम-चार मैच में उत्तर प्रदेश को 3-2 से मात दी।दो हारने वाली टीमें उत्तर प्रदेश और मणिपुर शनिवार को तीसरे स्थान के लिए मुकाबला करेंगी। हरियाणा और ओडिशा के बीच फाइनल भी शनिवार को होगा।हरियाणा के लिए रमन (17वें मिनट) और अभिमन्यु (20वें मिनट) ने दूसरे क्वार्टर में गोल दागे जबकि तीसरे क्वार्टर में राजिंदर सिंह (38वें मिनट) ने स्कोर 3-0 कर दिया।उत्तर प्रदेश के लिए चौथे क्वार्टर मे अरुण साहनी (49वें मिनट) और मनीष यादव (53वें मिनट) ने गोल किए। हालांकि बराबरी गोल नही हो सका।पहले सेमीफाइनल में ओडिशा के लिए नीलम संजीप जेस (13वें मिनट), शिलानंद लाकड़ा (20वें मिनट), प्रसाद कुजूर (52वें मिनट) और सुदीप चिरमको (52वें मिनट) ने गोल दागे। मणिपुर के लिए नीलकांत शर्मा (7वें मिनट) और गणेंद्रजीत निंगोमबाम (25वें मिनट) ने गोल किए।

उत्तर प्रदेश की सुधा सिंह एथलीट आयोग की सदस्य

### करण एमएसएलटीए 25के पुरुष आईटीएफ टूर्नामेंट के एकल सेमीफाइनल में पहुंचने वाले इकलौते भारतीय

**मुंबई।** करण सिंह ने अनुभवी विष्णु वर्धन को शुक्रवार को यहां 7-6(6), 6-2 से हराकर 25के पुरुष आईटीएफ टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वह इस टेनिस टूर्नामेंट के अंतिम चार में जगह बनाने वाले इकलौते भारतीय है।सातवीं वरीयता प्राप्त 21 वर्षीय करण ने लंदन ओलंपियन वर्धन की चुनौती को एक घंटे 34 मिनट मे खत्म किया। वर्धन के पास शुरुआती सेट को अपने नाम करने का मौका था लेकिन सेट प्वाइंट हासिल करने के बाद वह डबल फॉल्ट कर बैठे और करण ने इसका फायदा उठा लिया। करण ने दूसरे सेट मे वर्धन को वापसी का कोई मौका नही दिया। इस जीत से शीर्ष 500 रैंकिंग मे जगह पक्की करने वाले करण के सामने सेमीफाइनल मे डेलिबोर स्वेरसीना की चुनौती होगी। भुवनेश्वर आईटीएफ के विजेता चेक गणराज्य के इस खिलाड़ी ने अंतिम आठ के एकतरफा मुकाबले में रूस के इगोर अगाफोनोव को 6-4, 6-0 से शिकस्त दी। शीर्ष वरीयता प्राप्त खुमोयुन सुल्तानोव को अमेरिका के जूनियर खिलाड़ी आदित्य गणेशन ने कड़ी टक्कर दी। उज्बेकिस्तान के खिलाड़ी ने हालांकि दो घंटे 25 मिनट तक चले मुकाबले में 3-6, 6-3, 6-4 से जीत दर्ज की।सेमीफाइनल में सुल्तानोव का मुकाबला पांचवी वरीयता प्राप्त रूस के बोगदान बोब्रोव से होगा।

### गुणेश्वरन ने पेशेवर टेनिस से संन्यास की घोषणा की

चेन्नई। एशियाई खेलो के कांस्य पदक विजेता प्रजनेश गुणेश्वरन ने शुक्रवार को पेशेवर टेनिस से संन्यास की घोषणा की। जकार्ता एशियाई खेलो 2018 मे एकल कांस्य पदक जीतने वाले 35 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर लिखा, मै खेल को अलविदा कह रहा हूं। धन्यवाद। गुणेश्वरन 2019 मे एटीपी रैंकिंग मे अपने सर्वश्रेष्ठ 75 वे पायदान पर पहुंचे थे। उन्होने कई वर्षो तक शीर्ष स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने मे सक्षम होने के लिए आभार व्यक्त किया। गुणेश्वरन ने कहा, मै जब यह लिख रहा हूं तो मेरा दिल कृतज्ञता, गर्व और पुरानी यादो के स्पर्श से भर रहा है। आज, मै आखिरी बार प्रतिस्पर्धी टेनिस कोर्ट से बाहर निकल रहा हूं। उन्होने लिखा, तीन दशको से अधिक समय से, यह खेल मेरा जीवन, मेरा सबसे बड़ा शिक्षक और मेरा सबसे वफादार साथी रहा है। पहली बार रैकेट पकड़ने से लेकर बड़े टूर्नामेंटो मे भारत का प्रतिनिधित्व करने तक की यात्रा मेरे लिए असाधारण रही है।

### टेस्ट श्रृंखला के बाद क्रिकेट से विदा लेंगे साउदी

वेलिंगटन। न्यूजीलैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज टिम साउदी इंग्लैंड के खिलाफ दिसंबर में घरेलू टेस्ट श्रृंखला के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से विदा लेंगे। न्यूजीलैंड के लिए सर्वाधिक टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाजो की सूची मे रिचर्ड हैडली (431) के बाद दूसरे स्थान पर काबिज साउदी (385) ने कहा कि हैमिल्टन मे घरेलू मैदान पर तीसरा टेस्ट उनका आखिरी होगा। भारत दौरे पर 3 . 0 से मिली जीत से पहले साउदी ने टॉम लैथम को टेस्ट कप्तानी सौंप दी थी। उन्होने न्यूजीलैंड के लिए सौ से अधिक टेस्ट, 161 वनडे और 126 टी20 मैच खेले है। उन्होने कहा , मैने बचपन से हमेशा न्यूजीलैंड के लिए खेलने का सपना देखा था। उन्होने कहा , 18 साल तक न्यूजीलैंड के लिए खेलना फख्र की बात रही लेकिन अब आगे बढने का समय है। यह शानदार सफर रहा और मै इसमे कोई बदलाव नही चाहूंगा। इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला 28 नवंबर से क्राइस्टचर्च में शुरू होगा। दूसरा टेस्ट वेलिंगटन मे छह दिसंबर से और तीसरा हैमिल्टन में 14 दिसंबर से खेला जाएगा।

### भारत में न्यूजीलैंड के क्लीन स्वीप के नायक रहे अजाज पटेल टीम से बाहर

**वेलिंगटन (न्यूजीलैंड)।** भारत के खिलाफ इस महीने के शुरू में तीसरे टेस्ट में 11 विकेट लेकर न्यूजीलैड के ऐतिहासिक क्लीन स्वीप मे अहम भूमिका निभाने वाले स्पिनर अजाज पटेल को इंग्लैड के खिलाफ श्रृंखला के लिए टीम मे नही चुना गया है।पटेल ने भारत के खिलाफ मुंबई में खेले गए तीसरे टेस्ट मैच में 160 रन देकर 11 विकेट लिए जिससे न्यूजीलैड ने यह मैच 26 रन से जीता। वह तीन या इससे अधिक टेस्ट मैच की श्रृंखला मे भारत का उसकी धरती पर सूपड़ा साफ करने वाली पहली टीम बन गई।न्यूजीलैड के चयनकर्ताओ ने इंग्लैड के खिलाफ तीन टेस्ट मैचो की श्रृंखला के लिए शुक्रवार को 14 सदस्ईय टीम की घोषणा की जिसमे पटेल को जगह नही दी गई है। भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच मे 157 रन देकर 13 विकेट लेने वाले मिशेल सेंटनर टीम मे शामिल एकमात्र विशेषज्ञ स्पिनर है, हालांकि वह केवल दूसरे और तीसरे टेस्ट मे ही खेलेंगे।चोटिल होने के कारण भारत के खिलाफ श्रृंखला मे नही खेल पाने वाले स्टार बल्लेबाज केन विलियमसन की टीम मे वापसी हुई है लेकिन टॉम लैथम की कप्तानी बरकरार रखी गई है। टीम मे नाथन हैरिस के रूप मे नया चेहरा भी शामिल है।

### इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को तीसरे टी20 में हराकर श्रृंखला जीती

**ग्रोस आइलेट।** तेज गेंदबाज साकिब महमूद के शानदार प्रदर्शन की मदद से इंग्लैड ने तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में वेस्टइंडीज को तीन विकेट से हराकर दो मैच बाकी रहते श्रृंखला जीत ली। जीत के लिए 146 रन का लक्ष्य इंग्लैड ने चार गेंद और तीन विकेट बाकी रहते हासिल कर लिया। सैम कुरेन (41) ने विल जैक्स (32) के साथ 38 और लियाम लिविंगस्टोन (39) के साथ 39 रन की साझेदारी की। लिविंगस्टोन को छह, आठ और 21 रन के स्कोर पर जीवनदान भी मिला था। प्लेयर आफ द मैच महमूद ने 17 रन देकर तीन विकेट लिए। उन्होने मैच के पहले ही ओवर मे एविन लुईस (तीन) को आउट किया। इसके बाद रोस्टन चेस (सात) और शिमरोन हेटमाएर (दो) के विकेट चटकाए।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ ( फोन: 0522-4036600 ) से प्रकाशित। प्रधान सम्पादक: शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह।
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।